

संकट जारी रहा तो उर्वरक उत्पादन 10-15 प्रतिशत घटेगा : क्रिसिल - 12



पश्चिम एशिया संकट : 80 प्रतिशत तक महंगी हुई माल ढुलाई, पूर्वी भारत से आधा हुआ निर्यात - 12



संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बोले-भीषण युद्ध की कगार पर खड़ी है दुनिया - 13



आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.12
सूर्यास्त 06.29

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी 10:07 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 27 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 358, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# भारत को होर्मुज से गुजरने की अनुमति

## ईरान ने चार अन्य देशों को भी दी इजाजत, कहा- अमेरिका से समझौते पर कोई बातचीत नहीं

तेहरान/नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान ने भारत समेत पाचं मित्र देशों को वाणिज्यिक नौवहन के लिए होर्मुज स्ट्रेट का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने यह जानकारी दी। ईरान द्वारा होर्मुज को अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है।

होर्मुज फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा नौवहन मार्ग है जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन होता है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है। अराघची ने कहा, हमने कुछ ऐसे देशों को (होर्मुज से) गुजरने की अनुमति दी है जिन्हें हम मित्र मानते हैं। हमने चीन, रूस, भारत, इराक और पाकिस्तान को आवागमन की अनुमति दी है। ईरानी विदेश मंत्री ने साथ ही स्पष्ट किया कि ईरान के शत्रुओं से जुड़े पोतों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उन्होंने कहा, हम युद्ध की स्थिति में हैं। यह क्षेत्र युद्ध क्षेत्र बना हुआ है और हमारे दुश्मनों एवं उनके सहयोगियों के पोतों को इससे गुजरने देने का कोई कारण नहीं है लेकिन यह अन्य देशों के लिए खुला है। संघर्ष समाप्त करने के लिए अन्य देशों द्वारा मध्यस्थता करने के प्रयासों से जुड़े सवाल पर अराघची ने कहा, अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं चल रही है।



कतर से कर्नाटक के न्यू मंगलुरु बंदरगाह पर पहुंचा एलपीजी पोत अपोलो ओशन।

### भ्रामक पोस्ट व मनगढ़ंत दावे पर होगा केस दर्ज

केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर पेट्रोल, गैस संबंधी भ्रामक पोस्ट और कमी या आपातकालीन उपायों के मनगढ़ंत दावे अनावश्यक चिंता पैदा करने वाले हैं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 और डीजल 3 रुपये लीटर किया महंगा

- रूस की रोसनेफ्ट के स्वामित्व वाली इस कंपनी के देश भर में 6,967 पेट्रोल पंप

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी निजी ईंधन कंपनी नायरा एनर्जी ने गरुवार को पेट्रोल की कीमतों में पांच रुपये और डीजल में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी के बाद कंपनी ने यह कदम उठाया है। रूस की रोसनेफ्ट के स्वामित्व वाली इस कंपनी के देश भर में 6,967 पेट्रोल पंप हैं। सूत्रों के मुताबिक, अलग-अलग राज्यों में मूल्य वर्धित करों (वैट) के कारण कीमतों में बढ़ोतरी का स्तर थोड़ा कम या ज्यादा हो सकता है। कुछ स्थानों पर पेट्रोल 5 .30 रुपये प्रति लीटर तक महंगा हुआ है। आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने फिलहाल सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

### ईरान युद्ध समाप्ति की बातचीत पर गंभीर नहीं हुआ तो भुगतेगा अंजाम



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरानी नेताओं को बहुत देर होने से पहले बातचीत शुरू कर देनी चाहिए, क्योंकि एक बार ऐसा हो जाने पर, पीछे मुड़ने का कोई रास्ता नहीं होगा। ट्रंप ने गुरुवार को फिर कहा कि अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 15 सूत्री युद्धविराम योजना को ईरान द्वारा अस्वीकार किए जाने के बाद तेहरान हमसे समझौता करने की भीख मांग रहा है।

### ईरानी नौसेना के प्रमुख अलीरजा ढेर

यरूशलम। इजराइल ने गुरुवार को ईरानी नौसेना के प्रमुख कमांडर अलीरजा तंगसिरी को मार गिराने का दावा किया। तंगसिरी होर्मुज बंद करने की रणनीति की अगुवाई कर रहे थे। इजराइली रक्षामंत्री ने कहा कि रात भर चले हमले में कई नौसेना कमांडर मारे गए। ईरान ने तंगसिरी की मौत की पुष्टि नहीं की है।

### भारत के पास 60 दिन का तेल और 30 दिन का गैस भंडार

- सरकार ने कहा- ईंधन कमी की खबर 'गलत सूचना अभियान' घबराहट पैदा करना और खरीदारी को बढ़ावा दे रहा

नई दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को कहा कि देश में लगभग 60 दिन का तेल भंडार है और एक महीने की एलपीजी आपूर्ति की व्यवस्था कर ली गई है। पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कमी की खबरों को जानबूझकर फैलाया गया गलत सूचना अभियान बताया, जिसका उद्देश्य लोगों में घबराहट पैदा करना और खरीदारी को बढ़ावा देना है। पेट्रोल पंप और एलपीजी वितरकों के यहां घबराहट में खरीदारी और लंबी कतारों की खबरों के बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार कच्चे तेल, ईंधन और एलपीजी के भंडार का विवरण जारी किया। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बयान में कहा कि देश भर के सभी पेट्रोल पंप पर पर्याप्त भंडार है और वे सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। पेट्रोल या डीजल की कोई राशनिंग नहीं की जा रही है। विशेषकर छोटे शहरों में कुछ पेट्रोल पंप को पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा 'कैश-एंड-कैरी' यानी नकद भुगतान प्रणाली लागू किए जाने के बाद ईंधन की आपूर्ति में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पेट्रोल पंप को दी जाने वाली ऋण राशि को पहले की एक दिन की अनुमति से बढ़ाकर तीन दिन से अधिक करने के लिए कदम उठाए गए हैं, ताकि पंप मालिकों की कार्यशील पूंजी संबंधी समस्याओं के कारण किसी भी पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी न हो। मंत्रालय ने कहा कि 8,00,000 टन एलपीजी कार्गो सुरक्षित कर लिए गए हैं और पूरे एक महीने की आपूर्ति की व्यवस्था पक्की कर ली गई है। दुनिया के कई देश ईंधन की कीमतों में वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन वाहन प्रतिबंध और ईंधन स्टेशनों को जबरन बंद करने जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। कुछ देशों ने राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल घोषित किया है। भारत को ऐसे किसी भी उपाय की आवश्यकता महसूस नहीं होती है।

# लाइन लगाने की जरूरत नहीं, घर आएगा सिलेंडर



- मुख्यमंत्री ने कहा, अफवाहों से बचें, जरूरत पर ही लें पेट्रोल-डीजल
- वैश्विक हालात के बीच लोगों से संयम और सहयोग की अपील दोहराई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल को लेकर फैल रही अफवाहों पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि प्रदेश में किसी प्रकार की कमी नहीं है। कहा कि गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी पर लाइन लगाने की जरूरत नहीं है, निर्धारित प्रक्रिया के तहत बुकिंग करें, सिलेंडर घर तक पहुंचेगा। उन्होंने वैश्विक हालात के बीच लोगों से संयम और सहयोग की अपील दोहराई।

गोरखपुर के गीडा में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग साजिश के तहत अफवाहें फैलाकर माहौल बिगाड़ना चाहते हैं। ऐसे में लोगों को संयम बरतते हुए केवल आवश्यकता होने पर ही पेट्रोल-डीजल लेना चाहिए। अनावश्यक भीड़ और जमाखोरी जैसी स्थिति से बचना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अफवाहों और दुष्प्रचार के कारण घबराहट पैदा होती है, जो व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। यदि लोग अफवाहों पर भरोसा करेंगे तो यह उनके लिए भी उपयुक्त नहीं होगा। सरकार ने सभी जिलों में प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था पूर्व की तरह सुचारु रूप से जारी रहे।

### वैश्विक परिस्थितियों का असर, लेकिन देश सुरक्षित

मुख्यमंत्री योगी ने वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान-अमेरिका/इजराइल जैसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव का असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सुरक्षित और स्थिर स्थिति में है। कहा कि यदि वैश्विक संकट लंबा खिंचता है तो उसका प्रभाव सभी पर पड़ सकता है, इसलिए हर नागरिक को मानसिक रूप से तैयार रहना होगा।

### सरकार के साथ सहयोग को बताया राष्ट्रभक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी चुनौती के समय सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे शांति, संयम और सहयोग के साथ त्योहार मनाएं और अफवाहों से दूर रहें।

## ब्रीफ न्यूज

### बंगाल में भाजपा और टीएमसी समर्थक भिड़े पुलिसकर्मियों पर हमला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों के बीच झड़पें हुईं तथा स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास कर रहे कई पुलिसकर्मियों पर हमला भी किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में आठ लोगों को हिरासत में लिया गया और इलाके में छापेमारी जारी है। दोनों पक्षों ने झड़प के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया, वहीं मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

### अंतर्राज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो पकड़े

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी के साथ ही अंतर्राज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 10 देसी पिस्तौल और 20 मैगजीन बरामद कीं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अलीगढ़ निवासी दलेश कुमार और आगरा निवासी अमित चाहर के रूप में हुई है। यह घटनाक्रम बीकेआई के दो गुर्गों सुखविंदर उर्फ सनी और रावल की गिरफ्तारी के लगभग एक महीने बाद सामने आया है।

# आंध्र प्रदेश : भीषण हादसे के बाद बस में लगी आग, 13 जिंदा जले

रायवरम (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

आंध्र प्रदेश के मार्कापुरम जिले में गुरुवार को एक निजी बस की एक ट्रक से टक्कर होने के बाद उसमें आग लग जाने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई तथा 22 अन्य लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे में लोगों की मौत होने पर शोक जताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे में लोगों के मारे जाने पर दुख जताया और प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिए जाने की घोषणा की।

हादसे के समय बस में कुल 35 यात्री सवार थे। तीन घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। बस ट्रक के डीजल टैंक से टकरा गई जिससे उसमें भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और परिजनों की सहायता के लिए मार्कापुरम उपजिलाधिकारी कार्यालय में एक कमान एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह निजी बस तेलंगाना के जगतियाल से नेल्लोर जिले के कालीगिरि जा रही थी तभी सुबह साढ़े पांच बजे से छह बजे के बीच यह हादसा हुआ। जोरदार टक्कर के कारण ट्रक पलट गया और बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों के अनुसार, बस चालक ने कहा कि स्टीयरिंग व्हील अटक गया था, प्राधिकारी इस दावे की पुष्टि कर रहे हैं। प्राथमिक आकलन से संकेत मिला कि टक्कर लगने से पहले बस दूसरी लेन में चली गई थी। इस बीच, मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस की तथा उन्हें घायलों को अच्छी से अच्छी चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और मृतकों एवं घायल यात्रियों के परिवारों के लिए पर्याप्त मुआवजे की घोषणा की।



आंध्र प्रदेश के रायवरम में आग लगने के बाद जलती बस।

- स्टीयरिंग व्हील अटकने से ट्रक से टकराई थी बस
- राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया

### हताहतों की पूरी जानकारी एकत्र करने के निर्देश

रेवंत रेड्डी ने राज्य के मुख्य सचिव रामकृष्ण राव को हादसे में हताहत हुए लोगों के बारे में पूरी जानकारी एकत्र करने का निर्देश दिया। उन्होंने उनसे आंध्र प्रदेश के अधिकारियों के साथ समन्वय करने और पूरी जानकारी एकत्र करने को कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी आदेश दिया कि घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सकीय सुविधा दी जाए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद राव ने आंध्र प्रदेश के अपने समकक्ष से बात की।

# लंदन में नीरव मोदी को झटका, भारत लाने का रास्ता साफ

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट ने कहा- भारत के आश्वासन पर भरोसा
- 13,000 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में है भगोड़ा

लंदन उच्च न्यायालय ने भारत सरकार द्वारा अपने 'नोट वर्बल' में दिए गए आश्वासनों की गुणवत्ता पर भरोसा करते हुए भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी की प्रत्यर्पण के खिलाफ मामले को फिर से खोलने की याचिका को खारिज कर दिया। 'नोट वर्बल'' एक औपचारिक, बिना हस्ताक्षर वाला राजनयिक संदेश होता है जो आमतौर पर दूतावासों और विदेश मंत्रालयों के बीच सूचना, अनुरोध या विरोध व्यक्त करने के लिए उपयोग किया जाता है।

पंजाब नेशनल बैंक से 13,000 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में वांछित मोदी ने भगोड़े आर्थिक अपराधी संजय भंडारी के मामले में आए फैसले के आधार पर अपने मामले को फिर से खोलने के लिए लंदन की अदालत से संपर्क किया था। भारतीय एजेंसियों द्वारा यातना दिए जाने की आशंका के मद्देनजर भंडारी के प्रत्यर्पण को रद्द कर दिया गया था। लंदन उच्च न्यायालय ने मानवाधिकार के आधार पर भंडारी को प्रत्यर्पण आदेश से मुक्त कर दिया था। मोदी के मामले को दोबारा खोलने की अनुमति देने से इनकार करते हुए लंदन उच्च न्यायालय के किंग्स बेंच डिवीजन में लॉर्ड जस्टिस स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस जे की पीठ ने कहा कि वे भारत सरकार द्वारा अपने ''नोट वर्बल'' में दिए गए आश्वासनों की गुणवत्ता पर भरोसा करते हैं। ब्रिटेन की अदालत ने अपने फैसले में कहा, जब मोदी का मामला 2022 में हमारे सामने आया तो भंडारी मामले में दिए गए फैसले के आधारभूत तथ्य या तो उपलब्ध नहीं थे या हमारी जानकारी में नहीं लाए गए थे। भंडारी मामले में इस अदालत का फैसला प्रतिबंधित उपचारों के इस्तेमाल से इकबालिया बयान हासिल करने की एक चिंताजनक तस्वीर पेश करता है।

### सीबीआई का एक दल सुनवाई के लिए गया था लंदन

जांच अधिकारियों समेत सीबीआई के अधिकारियों का एक दल सुनवाई के लिए लंदन गया था। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, भंडारी के मामले में फैसले के आधार पर पुन: सुनवाई के लिए आवेदन दायर किया गया था। हालांकि, सीबीआई के निरंतर और समन्वित प्रयासों से इस चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लिया गया। उन्होंने कहा, सीबीआई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में बड़े पैमाने पर वित्तीय गड़बड़ी से जुड़े पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के संबंध में नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की मांग कर रही है, जिसकी कार्यवाही 2018 से जारी है।

### पिता-पुत्र ने रंजिशन परिवार को कुचला सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला की मौत

इंदौर। इंदौर में बुधवार रात दिल दहलाने वाली वारदात हुई है। यहं एक पिता-पुत्र ने रहवासियों पर कार चढ़ा दी। जिसमें एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर महिला की मौके पर ही मौत हो गई और उसके दो छोटे बच्चे और पति घायल हो गए। जानबूझकर लोगों को रौंदने वाली वारदात का वीडियो भी सामने आया है।

महिला शंपा पाठक (पांडे) इंफोसिस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी। मृतका शंपा अपने पति सौरभ और दो नन्हे बच्चों के साथ इसी महीने 13 मार्च को इस बिल्डिंग में रहने आई थीं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### पश्चिम एशिया संकट पर मुख्यमंत्रियों संग आज बैठक करेंगे मोदी, तैयारियों की करेंगे समीक्षा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर उनकी तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक करेंगे।

यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री संघर्ष को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। यह संघर्ष 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के साथ शुरू हुआ था। ईरान ने भी खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले कर जवाबी कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया, प्रधानमंत्री कल शाम वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष पर बातचीत करेंगे, ताकि राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की जा सके।

# प्रधानमंत्री, चुनाव आयोग के खिलाफ एआई वीडियो को लेकर एक्स पर केस

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- केरल पुलिस ने की कार्रवाई, एक यूजर अकाउंट के खिलाफ भी मामला दर्ज

केरल पुलिस की साइबर शाखा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' और उसके एक हैंडल के खिलाफ एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) निर्मित एक वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इस वीडियो में प्रधानमंत्री और निर्वाचन आयोग को भ्रामक एवं मानहानिकारक तरीके से चित्रित किया गया है।

पुलिस ने कहा कि मानहानिकारक सामग्री की जानकारी उन्हें भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) सहित आधिकारिक माध्यमों से मिली। जांच में यह पाया गया कि यह सामग्री जनता को गुमराह कर सकती है, संवैधानिक निकायों की विश्वसनीयता कम कर सकती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। पुलिस ने कहा कि बुधवार देर रात तिरुवनंतपुरम शहर के साइबर अपराध थाने में मामला दर्ज किया गया तथा दोषी का पता लगाने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

प्राथमिकी के अनुसार, एक मिनट 17 सेकंड का वीडियो समाज में दंगे भड़काने के इरादे से सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किया गया था और 'एक्स' ने सामग्री को हटाने के संबंध में अधिकारियों के निर्देशों के बावजूद उसे प्रसारित होने दिया था।

## एडीआर रिपोर्ट

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को मिलने वाले 20,000 रुपये से अधिक के चंदे का विश्लेषण जारी किया

# राष्ट्रीय दलों को 6648 करोड़ का मिला चंदा, भाजपा को 10 गुना ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 11,343 दानदाताओं ने दिया दान



- कॉरपोरेट सेक्टर : कुल चंदे का 92 .18% हिस्सा यानी 6128 .787 करोड़ रुपए का चंदा व्यापारिक घरानों से आया है।
- व्यक्तिगत चंदा : केवल 7 .61% (505 .66 करोड़ रुपए) चंदा व्यक्तिगत दाताओं द्वारा दिया गया।

राष्ट्रीय दलों को मिलने वाले चंदे में 2024-25 में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 161 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा का हिस्सा सबसे अधिक रहा। भाजपा को इस अवधि में अन्य सभी राष्ट्रीय दलों द्वारा प्राप्त कुल चंदे से दस गुना से भी अधिक चंदा मिला। एसोसिएशन फोर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 में राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित 20,000 रुपये से अधिक के कुल दान 11,343 दानदाताओं से मिले जो 6,648.56 करोड़ रुपये रहे। इनमें से भाजपा को 6,074.01 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस को 2,501 चंदे से 517.39 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। भाजपा द्वारा घोषित चंदा कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और नेशनल पीपुल्स पार्टी के उसी अवधि के संयुक्त चंदे से दस गुना से अधिक था। इस बीच, बसपा ने घोषणा की कि उसे 20,000 रुपये से अधिक का कोई चंदा प्राप्त नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय दलों को मिलने वाले कुल चंदे में 2023-24 की तुलना में 2024-25 में 4,104.28 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

### भाजपा के चंदे में पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 171% वृद्धि

अकेले भाजपा के चंदे में पिछले वित्त वर्ष के 2,243 .94 करोड़ रुपये से 171 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके मुताबिक, कांग्रेस को मिलने वाले चंदे में 84 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2023-24 के 281 .48 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 517 .39 करोड़ रुपये हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अन्य दलों में, आप को 27 .04 करोड़ रुपये मिले, जो 244 प्रतिशत की वृद्धि है जबकि एनपीईपी को 1.94 करोड़ रुपये मिले, जो 1,313 प्रतिशत की वृद्धि है।

### क्या हैं एडीआर की चिंताएं

एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में पारदर्शिता की कमी पर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कई दलों ने पैन विवरण और चेक/डीडी की पूरी जानकारी नहीं दी है। भाजपा और कांग्रेस सहित कई दलों ने 3 .468 करोड़ रुपए के चंदे के लिए पैन विवरण नहीं दिया है। एडीआर का मानना है कि राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार (आरटीआई) के दायरे में लाया जाना चाहिए। साथ ही चुनाव आयोग को उन दलों की रिपोर्ट वापस कर देनी चाहिए जो अधूरी जानकारी देते हैं। सीबीडीटी द्वारा चंदा रिपोर्ट की वार्षिक जांच की जानी चाहिए ताकि शेल कंपनियों पर लगाम कसी जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रावासों में 41 खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों की होगी तैनाती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** खेल विभाग की ओर से विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण देने के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों से आवेदन मांगे गए हैं। चयनित खिलाड़ियों को प्रति माह 1.50 लाख रुपये का मानदेय दिया जाएगा। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हॉकी, तैराकी, वॉलीबॉल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, कबड्डी, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, हैंडबॉल सहित कुल 16 खेलों में प्रशिक्षण कराया जाएगा। 41 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों की तैनाती होनी है। इच्छुक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर आवेदन कर सकते हैं, जिनका परीक्षण कर खेल निदेशालय को भेजा जाएगा।

### महीने भर से भटक रहा उपभोक्ता, सप्लाई 20 दिन से ठप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर के सिविल लाइन्स स्थित विद्युत वितरण खंड द्वितीय मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा प्रीपेड मीटर लगाने में गड़बड़ी सामने आ रही है। एक उपभोक्ता के मीटर नंबर में त्रुटि पाई गई है। कपंनी के कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा मियां कॉलोनी निवासी परिवार को 20 दिन से अंधेरे में रहकर भुगतना पड़ा। मियां कॉलोनी निवासी अशरफ ने बताया कि मीटर लगाने में हुई गड़बड़ी की शिकायत उन्होंने विद्युत केंद्र दस सराय में की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। एसडीओ ने बताया कि मीटर लगाने वाली कंपनी के कर्मचारियों ने गलत मीटर संख्या अपडेट कर दी। जिससे उपभोक्ता को बिलिंग और अन्य समस्या आने की आशंका है।

### आर्यंस व सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी ने अपने-अपने मैच जीते

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन गुरुवार को एमपीएस मैदान पर ग्रुप-ए के दो मुकाबले खेले गए, जिनमें आर्यंस क्रिकेट अकादमी और सैंट पॉल क्रिकेट अकादमी ने जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 117 रन बनाए। टीम के लिए अमन नवाब ने 55 व मोहम्मद उस्मान ने 23 रन का योगदान दिया। आर्यंस की ओर से सतीश गौतम ने चार विकेट, जबकि शान तुर्क और पीयूष सिंह ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में आर्यंस क्रिकेट अकादमी ने 15.1 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

गुरु जंभेश्वर राज्य विवि के निर्माण कार्य में देरी पर मंत्री नाराज, बोले-कानून व्यवस्था व अपराधमुक्त प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

# मुरादाबाद में अगले महीने किया जाएगा साइंस पार्क का शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी अनिल कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने अपना नौ वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया है। मुरादाबाद में अगले महीने साइंस पार्क का शिलान्यास होगा, सरकारी मेडिकल कॉलेज के लिए ठोस प्रयास जारी हैं। प्रभारी मंत्री अनिल कुमार गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में प्रदेश सरकार के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरा होने पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज यूपी कानून व्यवस्था, निवेश, आधारभूत संरचना, कृषि, शिक्षा के क्षेत्र में देश में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उत्तर प्रदेश विकास कार्यों को जमीन पर उतारने में सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत है। इसे सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। संगठित अपराध और माफिया पर कड़ी कारवाई की जा रही है। आज उत्तर प्रदेश निवेश की दृष्टि से वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा चुका है। पत्रकार वार्ता में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शेफाली सिंह चौहान, नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल आदि मौजूद रहे।


पत्रकारों से बातचीत करते जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार। • अमृत विचार

### अधिकारियों के फोन न उठाने पर नाराजगी

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के द्वारा जनता व जन प्रतिनिधियों का फोन न उठाने की शिकायत पर कहा कि यह उचित नहीं है। आपसी संवाद जरूरी है।

### मैनाठेर मामला न्यायालय में, सरकार की है नजर

प्रभारी मंत्री ने पत्रकारों के द्वारा मैनाठेर में 2011 में पुलिस टीम पर हमले के सवाल पर कहा कि मामला न्यायालय में है। फिलहाल सरकार इस पर नजर रखे है।

### विश्वविद्यालय निर्माण कार्य को गति देने के लिए बढ़ाएं मजदूरों की संख्या

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने गुरुवार को गुरु जंभेश्वर राज्य विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में ही कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी, जिलाधिकारी अनुज सिंह व मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियंता और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में समीक्षा की। उन्होंने पूरी कार्य योजना की जानकारी लेकर निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को गति देने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए। यह सुनिश्चित करें कि गुणवत्तापूर्ण तरीके से सभी मानकों का पालन करते हुए अतिशीघ्र विश्वविद्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो। प्रभारी मंत्री ने विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के लिए परिसर में स्थापित लैब एवं अन्य उपकरणों की बारे में जानकारी ली।

### सड़कों के किनारे कूड़ा डालने और अतिक्रमण हटाने में करें सख्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी व जिले के प्रभारी अनिल कुमार ने गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठककी। उन्होंने ठाकुरद्वारा बस अड्डे के जीर्णोद्धार कार्य के बारे में दिए निर्देश के अनुपालन के बारे में एआरएम रोडवेज से पूछा। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है, प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रस्ताव की एक प्रति उपलब्ध कराएं। सड़कों के किनारे कूड़ा डालने और अतिक्रमण रोकने पर प्रभावी कार्रवाई पर प्रभारी मंत्री ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से जानकारी ली। इस पर उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटवाते हुए अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किया जा रहा है। सड़कों के रखरखाव पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से नियमानुसार प्रस्ताव लेकर शासन को समय पर भेजें। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जिले में कराए गए जनहित के कार्यों की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने पशुपालन विभाग, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, गन्ना मूल्य भुगतान, विद्युत आपूर्ति, ग्रामीण विकास और नगर विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर तरीके से प्रभावी बनाने के लिए एमआरआई मशीन की आवश्यकता है।

### रामगंगा विहार हाई स्ट्रीट जोन पर बने पुलिस चौकी

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह ने शांति एवं कानून व्यवस्था पर चर्चा के दौरान कहा कि रामगंगा विहार हाई स्ट्रीट जोन पर पुलिस चौकी की आवश्यकता है, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

# गैंगस्टर में ललित कौशिक सहित तीन को आठ-आठ वर्ष की कैद

## तीनों पर अर्थ दंड भी डाला, ललित कौशिक टाप-10 अपराधियों की सूची में शामिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जनपद के एडीजे-पांच की अदालत ने गुरुवार को पूर्व ब्लाक प्रमुख ललित कौशिक समेत तीनों बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में आठ-आठ वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर 25-25 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। मामले की 25 मार्च को हुई सुनवाई में कोर्ट ने तीनों को गैंगस्टर आरोप के दोष सिद्ध माना था।

एडीजे-पांच के विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट राजीव त्यागी ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट के महत्वपूर्ण मामले में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट एडीजे-5 रेशमा चौधरी की अदालत ने अभियुक्त ललित कौशिक (चिह्नित टॉप-10 अपराधी), केशव सरन शर्मा और खुशवंत उर्फ भीम को गैंगस्टर एक्ट का दोषी मानते हुए प्रत्येक को 8-8 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपियों ने संगठित गिरोह बनाकर अवैध गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित किया, जिससे समाज में भय का माहौल व्याप्त हुआ। इनके विरुद्ध थाना सिविल लाइंस में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया।


कड़ी सुरक्षा के बीच ललित कौशिक को कोर्ट लेकर पहुंची पुलिस। • अमृत विचार


कोर्ट से बाहर आते खुशवंत और केशव शर्मा।

### घर से बरामद हुई थी मैगजीन

चर्चित सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड में लंबी पड़ताल के बाद पुलिस ने ललित कौशिक को गिरफ्तार किया था। पूर्व ब्लाक प्रमुख के घर की तलाशी में अवैध मैगजीन और आठ लाख रुपये बरामद हुए थे। साथ ही रामगंगा किनारे के जंगलों से अवैध असलहा भी बरामद किया गया था। 26 मार्च 2023 को इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

### बलरामपुर जेल भेजा गया ललित

ललित कौशिक को गिरफ्तार करने के बाद मुरादाबाद कारागार में बंद किया गया था। लेकिन, बाद में आरोप लगा कि ललित ने जेल से ही किसी व्यापारी को फोन पर वसूली के लिए धमकी दी थी। साथ ही पॉक्सो एक्ट में पीड़िता की मां ने ललित पर उसके परिवार को धमकाने का आरोप लगाया था। इसके बाद ललित कौशिक को बलरामपुर कारागार शिफ्ट कर दिया गया था। ललित कौशिक को बुधवार को गैंगस्टर प्रकरण में सुनवाई के लिए मुरादाबाद लाया गया था। सजा सुनाए जाने के कारण बुधवार रात को उसे मुरादाबाद जेल में ही रखा गया था। न्यायालय में गुरुवार को सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। गुरुवार को सजा सुनाए जाने के बाद उसे बलरामपुर जेल भेज दिया गया।

### कुशांक की दुकान पर कब्जा करने का था षड्यंत्र

कुशांक गुप्ता का दुकान को लेकर ललित कौशिक से झगड़ा चल रहा था। घटना से कुछ महीने पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें ललित कौशिक के साथ कुछ लोग कुशांक गुप्ता की दुकान में घुसकर धमकाते नजर आ रहे थे। इनमें से कुछ के पास हथियार भी थे। आरोप था कि वह उसकी दुकान पर कब्जा करने के लिए धमका रहे थे। इसके बाद कुशांक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लगातार कई वीडियो पोस्ट करके ललित कौशिक द्वारा हत्या की धमकी दिए जाने की बात कही थी।

## डीआईजी पर हमले के 15 साल पुराने मामले में सजा आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** डीआईजी अशोक कुमार पर हमले के 15 साल पुराने मामले में 16 आरोपियों को शुक्रवार को सुनाई सजा सुनाई जाएगी। प्रकरण से संबंधित दस्तावेज लेकर प्रभारी निरीक्षक मैनाठेर कोतवाली एडीजे- 2 की अदालत में हाजिर होंगे। वहीं जेल पुलिस 15 के स्थान पर अब 16 आरोपियों को न्यायालय के समक्ष लेकर हाजिर होगी। मैनाठेर कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी का पकड़ कर जेल भेज दिया है। मैनाठेर क्षेत्र के गांव असालत नगर बघा में 15 साल पहले युवती से छेड़खानी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने पहुंची। जहां पुलिस पर कुरान का अपमान करने का आरोप लगाकर बवाल करने वाले 16 आरोपियों को सोमवार को एडीजे दो कृष्ण कुमार की अदालत ने दोषी करार दिया था। जिन्हें शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी। आरोपियों में मंजूर अहमद डींगरपुर, मोहम्मद अली, हाशिम निवासी ललवारा, मोहम्मद कमरुल, मोहम्मद मुजीब निवासी मसेबी रसूलपुर, मोहम्मद यूनुस, रिजवान निवासी लालपुर, अम्बरीष निवासी शाहपुर चामरान, कासिम निवासी परियावली असमोली संभल, मोहम्मद मोबीन उर्फ मोहम्मद मोहसिन निवासी बरखेड़ा डिडौली अमरोहा, मोहम्मद मुजीब, तहजीब आलम निवासी असदपुर मैनाठेर, जाने आलम निवासी मिलक नवाब, फिरोज निवासी ताहरपुर और मोहम्मद नाजिम निवासी असदपुर आदि आरोपी है।

## संभल में दिनदहाड़े महिलाओं से लूटपाट, किया घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल

• बहजोई और बनियाठेर थाना इलाके में महिलाओं से लूटे जेवर

**अमृत विचार :** जनपद में दिनदहाड़े दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में महिलाओं के साथ लूट की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खेतों पर महिलाओं को निशाना बनाते हुए बाइक सवार बदमाशों ने कुंडल, चेन और हंसली लूट ली। बहजोई में महिला द्वारा विरोध करने पर बदमाश ने हमला कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटनाओं के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है।

पहली घटना थाना बहजोई क्षेत्र के गांव दुधापुर की है। गांव निवासी रामपाल की पत्नी ओमवती गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे खेत में लेहटा काट रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचा और महिला को अकेला पाकर उसके कानों के कुंडल और गले की हसली छीनने लगा। महिला ने हिम्मत दिखाते हुए विरोध किया तो बदमाश ने दरांती से हमला करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। घायल महिला को परिजनों द्वारा तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके शरीर पर गहरे घाव होने के चलते करीब 15 टांके लगाए गए।

दूसरी घटना थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग में अंजाम दी गई। यहां जमुना देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद गुरुवार शाम अपने खेत की ओर जा रही थीं। तभी रास्ते में बाइक सवार बदमाश ने उन्हें रोक लिया और महिला के संभलने से पहले ही झपट्टा मारकर महिला के सोने के कुंडल और गले की चेन छीन ली। अचानक हुई इस घटना से घबराई महिला कुछ समझ पाती, उससे पहले ही बदमाश बाइक से फरार हो गया। किसी तरह महिला घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एडिशनल एसपी कुलदीप सिंह और सीओ दीपक कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़िताओं व ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके। एएसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि बदमाशों की तलाश के लिए चार पुलिस टीमें गठित की गई हैं। यह आशंका है कि दोनों वारदातों को अंजाम देने वाला बदमाश एक ही हो सकता है।

# आंध्र प्रदेश में हादसे में युवक की मौत

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शाहबाद क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी रोहित की आंध्र प्रदेश में सड़क हादसे में मौत हो गई। रोहित की अगले महीने 18 अप्रैल को शादी होनी थी। लेकिन दर्दनाक हादसे ने परिवार की खुशियां छीन ली।


रोहित।

23 वर्षीय रोहित की रविवार को चेन्नई हाईवे पर एक पिकअप वाहन की टक्कर से दर्दनाक हादसा हुआ। यह हादसा पलनाडू जिले में हुआ, यहां रोहित पिछले करीब सात महीनों से काम कर रहा था। रोहित धान की कटाई के लिए कंबाइन चलाने के लिए आंध्र प्रदेश गए थे। वहीं रहकर काम कर रहे थे। हादसे के दिन वह अपनी मोटरसाइकिल से हाईवे पर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पलनाडू पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को लेकर अपने पैतृक गांव रघुनाथपुर पहुंचे। बुधवार को रघुनाथपुर में रोहित का अंतिम संस्कार किया गया।

### चंदौसी सड़क हादसे में सैफनी के युवक की मौत



**सैफनी, अमृत विचार :** चंदौसी में हुए सड़क हादसे में सैफनी के युवक की मौत हो गई जबकि साथी की भी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार नगर के जाटवान मोहल्ला निवासी बब्लू (20) पुत्र लल्लू सिंह मोहल्ले के राजवीर सिंह बाइक से बुधवार की शाम संभल के चंदौसी में अपने मोहल्ले के ही संजीव की कंबल की दुकान पर मिलने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में चंदौसी के बाईपास पर एक अज्ञात कार से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक लहूलुहान होकर इधर-उधर जा गिरे। लोगों व पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। लेकिन बब्लू की मुरादाबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि राजवीर की हालत भी गंभीर बनी हुई है।

# पुरोहित घर-घर तक पहुंचाएं सनातन परंपरा का संदेश


विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में भगवान राम के चित्र अतिथि को देते पदाधिकारी।

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद महानगर द्वारा स्टेशन रोड स्थित एक होटल में मंदिर प्रबंधन समिति एवं पुरोहितों की बैठक हुई। इसमें विभिन्न मंदिरों के सदस्यों और पुरोहितों ने सहभागिता की। मुख्य वक्ता केंद्रीय सह मंत्री एवं केंद्रीय मंदिर अर्चक-पुरोहित संपर्क प्रमुख अरुण नेटके का पटका पहनाकर एवं भगवान श्रीराम की चित्र प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया गया। ऐसे में प्रत्येक अर्चक का दायित्व है कि वह सनातन धर्म की पूजा पद्धति, विधि-विधान, आरती एवं मंत्रों का ज्ञान घर तक पहुंचाएं। आचार्य जगदीश कोठारी व गुरुद्वारा समिति पदाधिकारियों, पुरोहितों को सम्मानित किया गया।

## न्यूज डायरी



### लघु फ़िल्म एक नोट का हुआ मुहूर्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री गणपति सिने विज़न द्वारा प्रस्तुत व जागृति कला केंद्र मुरादाबाद द्वारा निर्मित लघु फ़िल्म एक नोट का मुहूर्त हनुमान नगर लाइनपार में गुरुवार को किया गया। फ़िल्म एक पारिवारिक कहानी पर आधारित है। फ़िल्म की निर्मात्री माया राजपूत व अशोक विश्नोई तथा कार्यकारी निर्मात्री अनुजा राजपूत हैं। कहानी, पटकथा, संवाद स्मृति शेष शिशुपाल मधुकर तथा निर्देशन व कैमरा संजय सक्सेना का है। जिसमें मुख्य कलाकार हिमांशु नवीन गुप्ता, पूजा कश्यप, जन्नत वारशी, धानी ( अभिज्ञा ), सतीश अकेला, आवरण " श्रेष्ठ "व लखपत सिंह हैं।



### पाल समाज को केवल वोट के लिए इस्तेमाल करती है भाजपा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय पाल महासभा की बैठक गुरुवार को बुद्धि विहार में रामलाल पाल के घर पर हुई। इसमें पदाधिकारियों ने पाल समाज का वोट के लिए इस्तेमाल करने का आरोप भाजपा पर लगाया। कहा कि आगामी चुनाव में पाल समाज इसका विरोध करेगा। पदाधिकारियों ने कहा कि पाल समाज भाजपा का समर्थक रहा है। लेकिन समाज के लोगों को जिले में भाजपा ने संगठन में कोई पद व जिम्मेदारी नहीं दी। पाल समाज की अनदेखी की गई है। आरोप लगाया कि भाजपा केवल चुनाव के समय पाल, बघेल, धनगर समाज का उपयोग वोट बैंक के लिए करती है।



### सम्राट अशोक ने जनकल्याण में समर्पित किया जीवन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइन्स स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में गुरुवार को सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य के पौत्र और बिंदुसार के पुत्र थे। उन्होंने अखंड भारत पर शासन किया और अपने जीवन में किसी भी युद्ध में पराजित नहीं हुए। कलिंग युद्ध के भीषण नरसंहार को देखकर सम्राट अशोक का हृदय परिवर्तन हुआ और उन्होंने हिंसा का मार्ग त्यागकर बौद्ध धर्म अपना लिया। इसके बाद उन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के कार्यों में समर्पित कर दिया। उनके शासनकाल में लोगों के लिए सराय, पेयजल व्यवस्था और शिक्षा के विकास के निर्माण कार्य कराए। इस दौरान फुरकान अली, लाखन सिंह सैनी, वेद प्रकाश सैनी, प्रशांत सैनी, अशोक सैनी, शंकर लाल सैनी, सरदार सिंह पाल, मो. महमूद, मोहन सिंह, जिगरी मलिक आदि मौजूद रहे।



### स्पेल कार्यक्रम पूरा होने पर छात्रों को दिया सर्टिफिकेट

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** स्पेल कार्यक्रम पूरा होने पर पुलिस द्वारा छात्रों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। थाना पाकबड़ा में केजीके पीजी कॉलेज के छात्रों को 6 फरवरी से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं अपर पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रन्थ, उत्तर प्रदेश के निर्देशन में संचालित स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरीमेंटल लर्निंग (एसपीईएल) कार्यक्रम के तृतीय चरण की शुरुआत की गई थी। करीब डेढ़ महीने से भी ज्यादा चले कार्यक्रम में छात्रों को कानून, थाने की कार्यप्रणाली, अपराधियों पर लगाने वाली धाराओं और मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। थाना प्रभारी योगेश कुमार मावी ने कार्यक्रम के समापन पर छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# शिविर में प्रशिक्षण के बारे में दी गई जानकारी


शिविर में मौजूद अतिथि व अन्य। • अमृत विचार

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत पाकबड़ा में राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के द्वारा शिविर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब के कार्यालय पर लगाया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित सीडीटीपी योजना के प्रशिक्षण केंद्र राजकीय पॉलिटेक्निक के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर में कंप्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर, एमएस ऑफिस एवं इंटरनेट कॉन्सेप्ट, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबिंग एवं सेनेटरी वेल्डिंग एवं फैब्रिकेशन पेंटिंग एवं पॉलिशिंग के सभी संचालित कोर्सों को निशुल्क सिखाने की जानकारी दी गई।

# आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में नववर्ष प्रतिपदा पर पर भव्य पथ संचलन निकाला गया। इस अवसर पर नगर के अनेक स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित, सुसंगठित एवं प्रभावशाली संचलन करते हुए समाज में संगठन, समरसता एवं राष्ट्रभक्ति का प्रेरक संदेश दिया।

नगर के ऐतिहासिक मंदिर पौडा.खेड़ा से पथ संचलन शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुरादाबाद विभाग प्रचारक ब्रजमोहन रहे। उन्होंने बताया कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में जिस महान चिंतन के साथ संघ रूपी बीज का रोपण किया। वह आज एक विशाल वटवृक्ष के रूप में समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ वापस मंदिर पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न जगहों पर लोगों द्वारा भारी पुष्प वर्षा भी की गई। इस अवसर पर संघचालक राकेश कुमार, सहसंघचालक विशाल क्वात्रा, धर्म जागरण सहविभाग प्रमुख दिनेश कुमार, नगर कार्यवाह प्रांजल गुप्ता, सहनगर कार्यवाह जगपाल एवं सुबोध कुमार, व्यवस्था प्रमुख सिद्धार्थ शेखर, सहव्यवस्था प्रमुख पुष्पेंद्र, विद्यार्थी प्रमुख लक्ष्य कुमार, सहविद्यार्थी प्रमुख विश्वजीत कुमार, सेवा प्रमुख जितिन, जिला बाल विद्यार्थी कार्य प्रमुख उत्कर्ष, शारीरिक प्रमुख मोहर सिंह, बौद्धिक प्रमुख विवेक, नगर प्रचार प्रमुख विवेक, संपर्क प्रमुख चन्दन डुडेजा आदि रहे।


पथ संचलन निकालते राष्ट्रीय स्वयं सेवक। • अमृत विचार

• कस्बे में कई जगह किया गया स्वागत

## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र...

**माँ सिद्धिदात्री: ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः**

### नगर निगम टीमों ने अस्सी लाख से अधिक का टैक्स वसूला

# शहर के 21 बड़े बकायेदारों के प्रतिष्ठान-भवन सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **टैक्स की वसूली के लिए की जा रही सख्ती**

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के आखिरी महीने मार्च में हर दिन नगर निगम का चाबुक टैक्स के बड़े बकायेदारों पर चल रहा है। टीमों ने गुरुवार को महानगर के विभिन्न मोहल्लों व बाजारों में पहुंचकर बकाया जमा करने वालों के प्रतिष्ठान सील कर दिए। 21 प्रतिष्ठान व भवनों की सीलिंग की गई। टीमों ने बकायेदारों से संपर्क कर 80 लाख, 70 हजार, 161 रुपये की टैक्स वसूली भी की।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार अपनी टीमों के साथ बकाया टैक्स वसूलने प्रतिष्ठानों पर पहुंचे। टीम ने ट्रांसपोर्ट नगर के निहाल अख्तर पर टैक्स का 3,49,336.40 रुपये बकाया था जिसे जमा करने के चलते प्रतिष्ठान सील कर दिया। वहीं सर सैय्यद नगर में मकबूल आलम पर 6,72,780.40 रुपये की बकाएदारी में प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। हाजी मोहम्मद रईस पर टैक्स का 2,17,971.24 रुपये, सर सैय्यद नगर के हैदर कमाल पर 1,05,926.87 रुपये और पंडित नगला के सरताज व मुमताज पर 5,52,566.42 रुपये व लाकड़ी वालान के जफर अली पर 4,72,323.58 रुपये व यहीं के कल्लन खान पर टैक्स का 1,23,377.32 बकाया था जिसे जमा न करने पर सीलिंग की कार्रवाई की गई।



टैक्स के बकायेदार का प्रतिष्ठान सील करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

लाकड़ी वालान में ही रफेद सईद खान पर टैक्स का 1,53,285 रुपये, हाशिम अली खान पर 1,02,155.28 रुपये और प्यारे मियां पर 79,966.46 रुपये, शमशुल इस्लाम पर 1,16,357 रुपये के टैक्स बकाया जमा न करने पर प्रतिष्ठान सील किए गए। साथ ही मोहल्ला ठठेरा, पीरजादा, करूला, पंडित नगला, दिल्ली रोड, काठ रोड एवं रामपुर रोड आदि क्षेत्र को मिलाकर 21 प्रतिष्ठानों व भवनों की सीलिंग की कार्रवाई टीमों ने की। वहीं अभियान में 80,70,161 रुपये की वसूली भी की गई। इस दौरान कर अधीक्षक प्रदीप कुमार चौधरी, मंगल सिंह पापड़ा, सभी राजस्व निरीक्षक व प्रवर्तन दल के सदस्य मौजूद रहे।

# नगरीय क्षेत्र के स्कूलों में एक से बनेगा मध्याह्न भोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **स्वयंसेवी संस्थाओं के भोजन की गुणवत्ता की शिकायतों को देखते हुए जिलाधिकारी ने दिया आदेश**

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित स्कूलों में ग्रामीण क्षेत्रों की तरह नगरीय क्षेत्रों के स्कूलों में एक अप्रैल से स्कूल में ही मध्याह्न भोजन बनवाकर छात्र छात्राओं को खिलाया जाएगा। अभी तक नगरीय क्षेत्र में एनजीओ के माध्यम से मध्याह्न भोजन वितरित होता था। लेकिन इसकी गुणवत्ता की शिकायतों को देखते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने नयी व्यवस्था को एक अप्रैल से कड़ाई से पालन करने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी के द्वारा जारी आदेश के अनुसार ऐसे विद्यालयों में जहां एनजीओ के माध्यम से बना बनाया मध्याह्न भोजन बच्चों वितरित किया जाता है वहां अब यह व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। क्योंकि 31 मार्च से एनजीओ की कार्यअवधि समाप्त हो रही है। वहीं भोजन के खराब गुणवत्ता की शिकायतों को देखते हुए अब व्यवस्था बदली जा रही है। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेश दिया है कि विद्यालय स्तर पर पार्षद या विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से भोजन बनवाकर एक अप्रैल से छात्र छात्राओं को खाने के लिए मध्याह्न भोजन दिया जाएगा। इसका उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## शहर में आज

- एमपीएस क्रिकेट मैदान में अवस्थी मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 11:00 बजे

## न्यूज ब्रीफ

### कक्षा 5 व 8 की परीक्षाएं अब 28 को होंगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कक्षा 5 और कक्षा 8 की परीक्षाएं दो बार स्थगित होने के बाद अब नई तिथि घोषित कर दी गई है। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, अब 28 मार्च को परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी। शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि कक्षा 5 के छात्रों की गणित और सामाजिक विज्ञान की परीक्षा तथा कक्षा 8 के छात्रों की गणित और विज्ञान की परीक्षा 28 मार्च को होगी। इससे पहले भी परीक्षा को एक बार स्थगित कर 24 मार्च की तिथि निर्धारित की गई थी, लेकिन किन्हीं कारणों से उस दिन भी परीक्षा नहीं हो सकी। अब नई तिथि जारी की गई है।

### बेहतर अंक पाने वाले बच्चों को सराहा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जीएफ मांटेसरी स्कूल में बच्चों को गुरुवार को रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। हाफ़िज़ सय्यद अबू बक्र ने कुरान की तिलावत से की। रिपोर्ट कार्ड पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी आई। कक्षा 2 की ज़र्का ने स्कूल में सबसे ज़्यादा नंबर लाकर टॉप किया। कक्षा एक में आफिया प्रथम आलिमा द्वितीय और तृतीय स्थान माही नूर रही। कक्षा यूकेजी में भी बच्चों ने काफ़ी मेहनत कर कामयाबी हासिल की। एसएम ग़ालिब अली ने बच्चों के पास होने पर मुबारकबाद दी। मैनेजर कौसर हयात खान ने तालीम की अहमियत बताई। मिर्ज़ा अरशद बेग ने भी बच्चों को ख़िताब करते हुए तालीम पर ज़ोर दिया। कौसर हयात व मिर्ज़ा अरशद बेग को शॉल ओढ़ाकर और ट्राफी देकर सम्मानित किया। प्रिंसिपल फातिमा ग़ालिब ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# महागौरी की भक्ति में डूबे लोग, गूंजा माता रानी का जयकारा

### चैत्र नवरात्रः घरों में कन्या पूजन कर लिया आशीर्वाद, आज होगी मां सिद्धिदात्री की पूजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर गुरुवार को मां महागौरी की आराधना भक्ति भाव से की गई। मंदिरों में पूजा अर्चना के दौरान माता रानी का जयकारा गूंजता रहा। घरों में सजी चौकियों पर दीपक की लौ और अगरबत्ती के बीच मां का पूजन कर सुख-शांति की कामना की गई। कन्याओं को आदरपूर्वक घर बुलाकर उनका पूजन कर भोजन कराया, तिलक लगाकर चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। छोटी-छोटी कन्याएं समूह बनाकर एक घर से दूसरे घर जाती नजर आईं।

मंदिरों में भी दिनभर भीड़ बनी रही। सुबह से पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ और हवन-यज्ञ का क्रम शुरु हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। शाम को आरती के समय मंदिरों में भीड़ उमड़ी। इसके अलावा जो श्रद्धालु नवमी को कन्या पूजन करते हैं, उन्होंने अष्टमी का व्रत रखा और दिनभर फलाहार कर मां का स्मरण किया। ऐसे श्रद्धालु शुक्रवार को कन्या भोज कर व्रत का समापन करेंगे।

**नवमी पूजन की तैयारी में जुटे श्रद्धालु :** जो श्रद्धालु नवमी पर पूजन करते हैं, उन्होंने गुरुवार को उपवास रखा। घरों में शुक्रवार के कन्या भोज की तैयारियां शुरू हो गई हैं, जिसके लिए सामग्री की खरीदारी भी तेज हो गई है। बाजारों में देर शाम तक मेवा के साथ ही पूजन सामग्रियों की खरीदारी का दौर चलता रहा।



अष्टमी पर गोविंद नगर में कन्या पूजन करती महिला। ● अमृत विचार



लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु।

### भक्तों की पुकार सुन आ जाती हैं मैया...

मुरादाबाद, अमृत विचार : भक्ति परिवार महिला संकीर्तन मंडल की ओर से लाजपत नगर में नवरात्रि के अवसर पर गुरुवार को संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ अनीता श्रीवास्तव ने माता रानी के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भजनों की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। भक्तों की पुकार सुन माता रानी आ जाती हैं, दर्शन करने मैयार के दरबार आया हूं जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। संकीर्तन के दौरान मंडल की महिलाओं ने आकर्षक सजावट के साथ कार्यक्रम को भव्य रूप दिया। फूलों और रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित स्थल पर भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर नीलम बंसल, मीरा अग्रवाल, रेखा शर्मा, कुसुम, संगीता, साधना, नीता, पूजा, रितु, ममता श्रीवास्तव आदि मौजूद रहीं।

### अष्टमी व नवमी पर मंदिरों के आसपास हुई सफाई, बनाई रंगोली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्रि के अष्टमी व नवमी तिथि पर भक्तों को मंदिरों व आसपास के क्षेत्रों में असुविधा न हो इसके लिए नगर निगम की टीमों ने अभियान चलाकर सफाई की। मंदिरों के बाहर रंगोली भी बनाई गई। गुरुवार को महानगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें मुख्य मार्गों और उनसे जुड़े संपर्क मार्गों पर दो बार व्यापक रूप से सफाई (स्वीपिंग) कार्य किया गया। इसका उद्देश्य महानगर में स्वच्छता एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित कराना रहा। प्रमुख मंदिरों के संपर्क मार्गों पर आकर्षक रंगोली बनाकर भक्ति व श्रद्धा का माहौल तैयार किया गया। इससे मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को सुखद अनुभूति हुई। प्रमुख मार्गों, नालों एवं नालियों में एंटी-लार्वा का छिड़काव भी कराया गया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि नवरात्रि में महानगर में सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख सड़कों, संपर्क मार्गों व देवी मंदिरों व अन्य देवालयों के आसपास के क्षेत्रों में सफाई कर मंदिरों के गेट पर रंगोली भी बनाई गई। सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई कराई जा रही है। त्योहार पर स्वच्छता मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसकी निरंतर निगरानी सुनिश्चित की गई है।



### गैस संकट ने बदली नवरात्रि में भंडारों की परंपरा



**मुरादाबाद, शुभम शर्मा :** चैत्र नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन शहर में हर वर्ष जगह-जगह भंडारे होते हैं। आमतौर पर भंडारे में पूड़ी-सब्जी, चना और हलवा जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं, लेकिन इस बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ईरानी युद्ध के संकट के प्रभाव से गैस सिलेंडर की कमी ने आयोजकों की तैयारियों पर असर डाला है। कई जगह भंडारे का स्वरूप बदला गया है। आयोजकों का कहना है कि उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा और परंपरा को बनाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है, जिससे भक्ति और सेवा का भाव प्रभावित न हो। कहीं फल और पैक्ड जूस का वितरण किया जाएगा तो कहीं लकड़ी के चूल्हों का सहारा लेकर माता रानी का प्रसाद तैयार कराया जाएगा।

#### श्रीरघुनाथ जी मंदिर में बदली व्यवस्था

दीनदारपुरा स्थित श्रीरघुनाथ जी मंदिर के पंडित राघवेंद्र जोशी ने बताया कि हर वर्ष अष्टमी पर मंदिर के पास भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें पूड़ी-सब्जी और हलवा-चना का प्रसाद वितरित किया जाता है। लेकिन इस बार गैस सिलेंडर की कमी के चलते भोजन बनाना संभव नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इस स्थिति को देखते हुए मंदिर समिति ने इस बार फल और पैक्ड जूस का वितरण करने का निर्णय लिया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आयोजन भी संपन्न हो सके।

#### नारदानंद आश्रम ने भी अपनाया विकल्प

लालबाग स्थित स्वामी नारदानंद ऋषि आश्रम के अध्यक्ष बाबा संजीव आकांक्षी ने बताया कि गैस संकट के कारण भंडारे की पारंपरिक व्यवस्था प्रभावित हुई है। हर साल आश्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद तैयार किया जाता था, लेकिन इस बार सिलेंडर उपलब्ध न होने से परेशानी बढ़ गई। श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए इस बार आश्रम में फल वितरित किए जाने का निर्णय लिया जाएगा। साथ ही भविष्य में स्थिति सामान्य होने पर फिर से पारंपरिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

#### काली माता मंदिर में लकड़ी का सहारा

प्राचीन काली माता मंदिर में भी चैत्र और शारदीय नवरात्र की नवमी पर सुबह से शाम तक पूड़ी और हलवा का भंडारा आयोजित होता है। मंदिर से जुड़े प्रमोद रस्तोगी ने बताया कि हर वर्ष इस आयोजन के लिए करीब 25 गैस सिलेंडरों की जरूरत होती है, लेकिन इस बार अब तक केवल 10 सिलेंडर ही उपलब्ध हो सके हैं। उन्होंने बताया कि मां भगवती के कार्य में कोई बाधा न आए, इसके लिए लकड़ियों की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि भंडारा परंपरा के अनुसार जारी रखा जा सके।

# रेस्टोरेंट और ठेलों पर घरेलू गैस का दुरुपयोग रोकने को चलेगा अभियान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेस्टोरेंटों, ढाबों व ठेले-खोमचे पर घरेलू गैस का प्रयोग कर उसका दुरुपयोग करने वालों पर अभियान चलाकर सख्ती की जाएगी। इन जगहों पर घरेलू गैस का प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

जिलापूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि एलपीजी संकट के चलते कुछ वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति नियम लागू किया गया है। आवश्यक सेवा के क्षेत्र अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों को शत प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। रेस्टोरेंट, ढाबा आदि को ओएमसी में पंजीकृत ग्राहकों को और सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन के अधीन प्रदान की जा रही है। उद्योगों विशेषकर निर्यात इकाइयों को जल्द से जल्द पीएनजी (पेट्रोलियम आधारित) का उपयोग शुरू करने की सलाह दी गई है। क्योंकि शहर में पीएनजी पर्याप्त उपलब्ध है। औषधालयों, स्कूलों को बिना किसी देरी के वाणिज्यिक एलपीजी जारी की जा रही है।

# स्वयंसेवकों ने शिविर लगाकर किया सहयोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नागरिक सुरक्षा द्वारा चैत्र नवरात्रि में अष्टमी व नवमी तिथि पर मंदिरों में हो रही भीड़ को देखते हुए दो दिवसीय विशेष शिविर लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता काली मंदिर के पास लगाया। इसका उद्घाटन गुरुवार को एडीएम सिटी ज्योति सिंह व मंदिर के महंत राम गिरी महाराज ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। महंत ने नारियल फोड़ कर शिविर शुरू होने की घोषणा की। शिविर में स्वयंसेवकों ने खोए बच्चों को उनके माता पिता से मिलवाया, स्वच्छ पेयजल का प्रबंध और शांति व्यवस्था में सहयोग किया गया। इस दौरान उपनियंत्रक नीरज चक, डिप्टी चीफ वार्डन पंकज सक्सेना, डिवीज़नल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, आईसीओ सुभाष जैन, अनुज गुप्ता, डॉ पूनम बंसल, मोहम्मद खालिद, वसीम अख्तर आदि रहे।



काली माता मंदिर पर नागरिक सुरक्षा कोर के कार्यालय का शुभारंभ करती एडीएम सिटी।

# श्री रामनवमी शोभायात्रा में दिखा भक्ति, उत्साह और आस्था का संगम

कार्याल संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्रीराम नवमी कमेटी (पंजीकृत) की ओर से गुरुवार को महानगर में भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह व्यापारियों, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृजमोहन, नगर विधायक रितेश गुप्ता, कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, डॉ. विशेष गुप्ता ने नारियल फोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा में 35 झांकियां शामिल रहीं। सबसे आगे गणपति जी की झांकी, उसके बाद भगवान श्रीराम जन्म प्रसंग, बांके बिहारी, भगवान शिव और श्रीकृष्ण की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की गईं। अंत में माता का डोला आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अमरनाथ दीक्षित, संजय नंद गिरी, धीरशांत दास, साध्वी शिवन्या द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। उद्योग, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े प्रतिभावानों को मंच पर सम्मान दिया गया। इसमें सीएल गुप्ता एक्सपोर्ट के निदेशक प्रणित गुप्ता, ओम सन्स से कुलीन अग्रवाल, गंगा डेरी के अमित गुप्ता, आर्किटेक्ट विनायक गुप्ता, महिंद्रा इंस्टिट्यूट से अभिषेक विश्वास, राधा गोविंद कॉलेज से डॉ. कॉकली रहीं।



शोभायात्रा में मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



गवर्नमेंट कॉलेज से निकली रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत, प्रसाद वितरण

मंडी चौक, बर्तन बाजार, अमरोहा गेट, गंज बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। मंडी चौक में सर्राफा कमेटी, बर्तन बाजार में व्यापारी मंडल, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल पर महाराजा हरिश्चंद्र वंशीय सभा, गंज बाजार पर सर्राफा बाजार, गंज गुरहटटी पर यादव महासभा, ताड़ीखाना पर विश्व हिंदू परिषद, कंजरी सराय में चंदौसी कटपीस और बुध बाजार में गंगा सेनेटरी व गंगा प्लाईवुड द्वारा श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी, महामंत्री पीयूष कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, डॉ. पराग अग्रवाल, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, समीर रस्तोगी, निर्वेश भटनागर, अरविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### परशुराम सेवा समिति ने किया स्वागत

शोभायात्रा का भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा पान दरीबा व मंडी चौक सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। लोगों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष पंडित अनिमेष कुमार शर्मा, संयोजक पंडित संजय स्वामी, राजेंद्र मोहन शर्मा, डॉ. प्रदीप शर्मा, अवधेश पाठक, उमेश त्रिवेदी 'पप्पन', सुनील कुमार शर्मा आदि रहे।

**अभियान** | मिशन शक्ति 5 .0 के तहत महिला सुरक्षा जागरूकता दौड़ का आयोजन

# महिलाओं के खिलाफ अपराधों का बड़ा कारण अशिक्षा

मुरादाबाद, संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत गुरुवार को महिला सुरक्षा एवं जागरूकता दौड़ आयोजित किया गया। इसे पुलिस लाइन से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई।

सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी कांठ अभिनव द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना है। रैली के माध्यम से विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार-प्रसार किया गया और समाज में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिनव द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों का एक बड़ा कारण अशिक्षा है, इसलिए बेटियों को शिक्षित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करना और भी आवश्यक है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। थानों पर महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय किया गया है और एंटी रोमियो स्क्वॉड को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। साथ ही, 1090, 181 और 112 जैसी हेल्पलाइन सेवाओं के माध्यम से महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। रैली में शुभम पटेल सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पुलिस विभाग का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में सुरक्षा और विश्वास का माहौल और मजबूत हो सके।




महिला सुरक्षा एवं जागरूकता दौड़ में भागीदारी करती महिला सिपाही। ● अमृत विचार

# टीएमयू में हेल्थ फॉरेंसिक पर वैश्विक कॉन्फ्रेंस आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज़ की ओर से इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हेल्थ फॉरेंसिक 27 मार्च को ऑडिटोरिय में होगी। कॉन्फ्रेंस की थीम फ्यूचर ऑफ इन्नोवेशन एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी- एफआईएसटी रहेगी। उत्तराखंड में मेडिकल शिक्षा के डायरेक्टर डॉ. अजय आर्या मुख्य अतिथि, एसआईएफएस के फाउंडर डॉ. रणजीत सिंह गेस्ट ऑफ ऑनर कॉन्फ्रेंस में शिरकत करेंगे। जबकि ग्लोबल रिसर्च एंड साइंटिफिक कोलाबोरेशन यूआईएच शंघाई के सीनियर डायरेक्टर डॉ. दिलीप कुमार एआई इन मेडिसिनः रेडिफाइंग, हेल्थकेयर टुडे, इंजीनियरिंग द फ्यूचर ऑफ टुमारो, यूनिवर्सिटी ऑफ फिलिपिंस- मनीला के कॉलेज ऑफ आर्ट एंड साइंसेज़ की डीन डॉ. मा. टेरेसा गुआजोन डी गुज़मान बिहेवियरल आदि मौजूद रहेंगे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### शिकायत के बाद भी अफसर नहीं दे रहे ध्यान, उपभोक्ता हो रहे परेशान

# रसोई गैस की हो रही कालाबाजारी, दो हजार में बिक रहा सिलेंडर

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस (एलपीजी) की कृत्रिम कमी पैदा कर कालाबाजारी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि घरेलू गैस सिलेंडर निर्धारित मूल्य 933 रुपये के बजाय 1700 से 2000 रुपये तक बेचे जा रहे हैं, जबकि कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 6000 रुपये तक वसूली जा रही है। इतना ही नहीं, गैस रिफिलिंग भी 80-90 रुपये प्रति किलो के स्थान पर 140 रुपये प्रति किलो तक बेची जा रही है।


गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की लाइन। ● अमृत विचार

स्थानीय लोगों के अनुसार, गैस एजेंसियों, डीलरों और एजेंटों की कथित मिलीभगत से ग्रामीण इलाकों और छोटे गोदामों में अवैध भंडारण किया जा रहा है। कई उपभोक्ताओं के मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवरी का मैसेज तो पहुंच रहा है, लेकिन वास्तविक रूप से सिलेंडर नहीं मिल पा रहा। इससे उपभोक्ताओं में असमंजस और नाराजगी बढ़ रही है। लोग मजबूरन मंहगा सिलेंडर खरीदने को विवश हैं। क्षेत्र में गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों ने भी स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की कालाबाजारी दंडनीय अपराध है, जिसमें जुर्माना और कारावास दोनों का प्रावधान है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की शिकायत स्थानीय पुलिस, जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग अथवा तेल कंपनियों के टोल-फ्री नंबरों पर करें।

### गैस का संकट : होटल संचालकों ने अपनाई पुरानी तकनीक



**ठाकुरद्वारा अमृत विचार :** क्षेत्र में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत ने होटल और ढाबा संचालकों के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। गैस की नियमित आपूर्ति ठप होने से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, जिसके चलते संचालक अब पुराने और लगभग भूले-बिसरे स्टोव की तकनीक अपनाने को मजबूर हो गए हैं। होटल संचालक मदन चौहान ने बताया कि अब वैकल्पिक ईंधन भी आसानी से उपलब्ध नहीं है। ऐसे में गैस संकट गहराने पर मजबूरी में पुराने स्टोव निकालकर उनकी मरम्मत की जा रही है। डीजल से काम चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुराने स्टोव के पुर्जे जैसे नोजल की पिन और हवा भरने वाले वाल्व तक बाजार में आसानी से नहीं मिल पा रहे हैं। रामपाल मार्ग स्थित होटल संचालक सुनील कुमार और संजीव कुमार ने बताया कि बुकिंग होने के बावजूद कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में कबाड़ में पड़े स्टोव को दुरुस्त कर डीजल के सहारे चाय-नाश्ता और भोजन तैयार कर किसी तरह रोज़गार चलाया जा रहा है।

## तीन घंटे ही मिल पा रही बिजली

**कांठ अमृत विचार:** गर्मी का मौसम अभी प्रारंभ भी नहीं हुआ लेकिन बिजली विभाग की आंख मिचौली के कारण नगर के नागरिक त्रस्त हैं। कोई भी अधिकारी नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे है।

बृहस्पतिवार 26 मार्च को प्रातः 6:00 बजे विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी। इसके बाद 9:00 बजे आधा घंटे के लिए बिजली आई और दोबारा जाने के पश्चात 4:00 बजे ही पूर्ण रूप से विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चल पाई। बिजली विभाग की मनमानी के कारण उपभोक्ता परेशान हैं । बिल जारी होने उपभोक्ताओं को निर्देश दिए जाते हैं कि महीने की 5 तारीख तक अपना बिल जमा कर दें। गर्मी का मौसम प्रारंभ हो चुका है यदि समय से उपभोक्ता को बिजली नहीं मिल पाई तो समस्याओं का सामना उपभोक्ता को करना पड़ेगा।

# दुर्गा अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने कराया कन्या-बरुआ भोज

### मंदिरों में सुबह से ही रही भक्तों की भीड़, भक्तिभाव में सराबोर हुआ महौल

**संवाददाता, मुराबादाबाद**

**अमृत विचार :** दुर्गा अष्टमी पर गुरुवार सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मां भगवती के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। पूजा अर्चना करने के बाद व्रत करने वाले भक्तों ने कन्या बरुआ भोजकर कराकर व्रत तोड़ा। घरों में लोगों ने सुबह से ही कन्या भोज की तैयारियां शुरू कर दी थीं। ठाकुरद्वारा में श्रद्धालुओं ने दुर्गा शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मरन मोह लिया। वहीं बिलारी में माता की चौकी निकाली। इस दौरान जयकारे लगते रहे।


शोभायात्रा में शामिल लोग व भोलेनाथ और पार्वती के स्वरूप। ● अमृत विचार

### नवरात्र पर भक्ति में डूबा सरकड़ा विश्नोई, झांकियों से गूंजा गांव



ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ब्लॉक डिलारी क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा विश्नोई में चैत्र नवरात्रि की सप्तमी और अष्टमी तिथि पर श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर भगवान शिव-पार्वती और राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां पूरे गांव में धूमधाम के साथ निकाली गईं। शोभायात्रा का शुभारंभ चामुंडा माता मंदिर से हुआ, जो विश्नोई मंदिर, हनुमान मंदिर, चौहानों वाला मोहल्ला, होली चौराहा और ततारपुर नहर मार्ग से होते हुए पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर झांकियों का स्वागत किया और माता के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रमुख रूप से शिवी विश्नोई, बबीता विश्नोई, रूपल विश्नोई, माही विश्नोई, पल्लवी विश्नोई, परी विश्नोई, आकांक्षा चौहान, गीता चौहान, मालती देवी, सुशीला देवी, रीना विश्नोई, विनोद कुमारी, गरिमा विश्नोई, अक्षत विश्नोई, नमन विश्नोई, आशा देवी, मनित रानी, रितु विश्नोई, प्रेमवती विश्नोई, पूनम विश्नोई, आरुषि विश्नोई, अनीता विश्नोई, गौरव विश्नोई, अंकित विश्नोई, वीरपाल सिंह चौहान, बिट्टू विश्नोई, अजय विश्नोई, शिवा विश्नोई, अमित चौहान, रवि विश्नोई, राहुल विश्नोई सहित अनेक भक्तगण मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान गांव का माहौल श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया।

### नगर में धूमधाम के साथ निकाला मां दुर्गा का सिंहासन



बिलारी, अमृत विचार । नगर मेला कमेटी के तत्वाधान में परंपरागत तौर पर मां दुर्गा का सिंहासन बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकाला गया। गांधी पार्क चौराहे पर श्रद्धालु एकत्रित हुए वहां से कमेटी अध्यक्ष संजय जैन ने शोभा यात्रा का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर सभी ने देवी मां, प्रभु राम आदि के जयकारे लगाए। वहां से सिंहासन यात्रा बस स्टैंड, कोतवाली के सामने, नई तहसील परिसर के उपरांत महाराणा प्रताप चौक से शाहबाद मार्ग होकर मंदिर पौड़ा खेड़ा, पुरानी तहसील, पैंठ बाजार, प्रथमा बैंक के सामने से सर्राफा बाजार होकर नेहरू चौक, मेन बाजार, रैली चौक, झंडा चौक से मंदिर गमादेवत पहुंचकर रुकी। शोभा यात्रा में सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, मेला संयोजक कौशल ठाकुर, दुष्यंत चौहान, अभिषेक शर्मा एडवोकेट, नीरज रुहेला, विशाल गुप्ता आदि रहे। नगर के प्राचीनतम मंदिर गमादेवत में पंडित विशोक शर्मा ने अष्टमी का विशेष हवन करके माता से नगर और क्षेत्र में सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। हवन में रिटायर शिक्षिका ओमवती गुप्ता, सुरेंद्र कुमार चुग, मीना चुग, मंदिर की पुजारी सुमन देवी आदि शामिल रहे। मार्ग में माता के सिंहासन पर अनेक श्रद्धालुओं ने माथा टेकर आशीर्वाद लिया।

### दुर्गा अष्टमी पर जिमाईं कन्या और बरुआ



बिलारी, अमृत विचार। नवरात्रि के आठवें दिन मां आदि शक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर नगलिया जट के चामुंडा मंदिर में रात्रि जागरण का भी आयोजन किया गया । जिसमें सभी ग्रामवासी शामिल हुए। सप्तमी को व्रत रखने वाले भक्तों ने अष्टमी के दिन सवेरे माता महागौरी की पूजा अर्चना करके छोटे बच्चों को कन्या बरूओं के रूप में जिमाया, उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया उन्हें दक्षिण और उपहार भेंट कर अपने व्रत का पारण किया। सभी मंदिरों में संकीर्तन का आयोजन किया। काली मंदिर सहसपुर में चल रहे नवचंडी महायज्ञ में नरेश गुप्ता निधि गुप्ता, सुनील गुप्ता मीना गुप्ता, वीरपाल संध्यावती ने यजमान के रूप में शामिल होकर आहुतियां समर्पित की। यज्ञ कार्य पंडित राघवेंद्र शर्मा, विमल कुमार शर्मा, मोहित शर्मा, गौरव गुप्ता, ओमप्रकाश, सरोज शर्मा, मोहनलाल आदि रहे।

### कन्या जिमाकर किया नवरात्रि व्रत का पारायण



ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी तिथि पर पूरे ठाकुरद्वारा क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। नगरीय क्षेत्र ठाकुरद्वारा, ढकिया सहित ग्रामीण अंचलों—बहेड़ी ब्रह्मनान, हिमायुपुर, धारकनंगला, जहाँगीरपुर, डिलारी, शरीफ नगर, रामूवाला गणेश, गोपीवाला, निर्मलपुर, पिलकपुर, कालाझांडा, लौंगी कला, सुल्तानपुर दोस्त और मानपुर दतराम आदि गांवों में दुर्गा महा अष्टमी का पर्व पूरे विधि-विधान के साथ मनाया गया। भक्तों ने अक्षत, नैवेद्य, फल, मिष्ठान, नारियल, लाल पुष्प, सिन्दूर, कुमकुम एवं चुनरी अर्पित कर दुर्गा पाठ का वाचन एवं श्रवण किया। व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया और दक्षिणा देकर नवरात्रि व्रत का पारायण किया। शिक्षाविद पंडित राधेश्याम शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में नारी को सर्वोच्च स्थान दिया गया है।

# गुरुद्वारा कमेटी ने कुलपति का जताया आभार

**संवाददाता, कांठ**

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति से मिला। प्रबंध कमेटी द्वारा अमृतधारी सिख छात्र को कृपाण के साथ परीक्षा से वंचित करने पर कुलपति द्वारा छात्र की पुनः परीक्षा कराने पर आभार प्रकट किया।


कुलपति आभार व्यक्त करता प्रतिनिधि मंडल। ● अमृत विचार

डीएसएम डिग्री कॉलेज कांठ में अमृत धारी सिख छात्र जपन सिंह को गत 27 जनवरी को कृपाण उतार कर परीक्षा कराई गई थी। गत 4 फरवरी को कॉलेज के प्राचार्य के निर्देश पर कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर सौरभ जिंदल ने छात्र को परीक्षा से वंचित कर दिया गया था। इस संबंध में सिख समाज ने एकजुट होकर जबरदस्त रोष व्यक्त करते हुए उनके गुरु द्वारा बनाए गए नियमों पर इसे कुठाराघात बताया था। इस संबंध में मुरादाबाद गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी, गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी कांठ, अमरोहा गतका पार्टी के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंडल आयुक्त मुरादाबाद, विश्वविद्यालय के कुलपति आदि से मिलकर उचित कार्यवाही की गुहार लगाई थी। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सोमपाल सिंह एवं प्रोफेसर सौरभ जिंदल द्वारा गुरुद्वारे में माफी मांगने के उपरांत दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। इस मामले में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति सचिन माहेश्वरी के निर्देश पर छात्र जपन सिंह की परीक्षा गत 23 फरवरी को कराई गई थी। छात्र की परीक्षा द्वारा कराए जाने पर कुलपति का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल में गुरुद्वारा कांठ के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह, संरक्षक सरदार कृपाल सिंह चड्ढा, सेक्रेटरी सरदार ताजेंद्र सिंह एवं मनजीत सिंह आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रहम्नान में लगने वाले साप्ताहिक बाजार मंगलवार एवं शुक्रवार की तहबाजारी की नीलामी दिनांक 30 मार्च 2026 को प्रात: 11:00 बजे पंचायत भवन, ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रहम्नान में आयोजित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अधिकतम बोली लगा कर अपने पक्ष में बाजार की नीलामी प्राप्त कर सकते हैं।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रहम्नान**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## राजकुमार बने नंद समाज सेवा समिति के जिला अध्यक्ष

**संवाददाता, कांठ अमृत विचार:** नंद समाज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष ने नगर निवासी राजकुमार ठाकुर को सेवा समिति का जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। राष्ट्रीय नंद समाज उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने नगर के पटे गंज निवासी राज कुमार को जिला मुरादाबाद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष से अपेक्षा की है कि वह सहयोग करेंगे।


राजकुमार ठाकुर।

# कोतवाली में दंपती के बीच विवाद, पति ने खाया जहर

**संवाददाता, ठाकुरद्वारा**

**अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में गुरुवार को पति-पत्नी के आपसी विवाद को लेकर उस समय हाई वोल्टेज ड्रामा हो गया, जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरजननगर निवासी विकास पुत्र विक्रम सिंह की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसी सिलसिले में दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते तीखी नोकझोंक में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान ही पति विकास ने संदिग्ध पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल उसे संभाला और उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों पक्षों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिससे माहौल और और अधिक तनावपूर्ण हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस होने लगी और मामला हाथापाई तक पहुंचने की स्थिति बन गई। कोतवाली में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को काबू में किया। दोनों पक्षों को अलग-अलग बैठाकर समझाने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि विकास का उपचार जारी है।

## न्यूज डायरी



### विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को सौंपे गए दायित्व

**कांठ अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के द्वारा चलाए जा रहे श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व सौंप गए। विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा चलाये जा रहे श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के क्रम मे कांठ मे श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया गया। मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद के जिला सतसंग प्रमुख शंकर राजपूत ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन चरित्र मानवता को एक सूत्र मे बांधने की प्रेरणा प्रदान करता है। और समाज को यह संदेश देता है कि एक राजा और प्रजा मे कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष सचिन विश्नोई ने कांठ प्रखंड से एडवोकेट महेन्दर प्रजापति को प्रखंड मंत्री, कुलदीप विश्नोई को प्रखंड सतसंग प्रमुख के दाइत्व की घोषणा की इसके अतिरिक्त छजलैट प्रखंड से बाबा प्रेम दास महाराज को प्रखंड छजलैट का सतसंग प्रमुख के दाइत्व की घोषणा की गई।



### दुर्गा अष्टमी पर नागरिकों ने किया माता का पूजन

**कांठ अमृत विचार :** कांठ नगर व क्षेत्र में – हर्षोल्लास के साथ श्री दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया गया। नगर तथा क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर तथा अपने अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराकर मां दुर्गा की आराधना की। इस दौरान नगर के माता का थान मंदिर, ने रामलीला मंदिर, जाहरवीर मंदिर, बड़ा शिव मंदिर, मोहनी मंदिर, प्राचीन जय दुर्गा भवानी माता काली मंदिर आदि मंदिरों पर पूजा अर्चना की और कीर्तन किया । मान्यता है कि माता के थान पर पूजा अर्चना और प्रसाद चढ़ाने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। नव विवाहित जोड़े भी माता के थान पर आशीर्वाद लेकर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत करते हैं। जहां आज तीन दिवसीय वार्षिक समारोह का शुभारंभ किया गया है।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

**ठाकुरद्वारा, डिलारी, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा एवं डिलारी क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधानों और पंचायत सहायकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें जनस्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख पूनम चौधरी ने की। उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्मुखीकरण सत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत स्वच्छता, जलभराव की रोकथाम, को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अर्जुन चौधरी, खंड विकास अधिकारी प्रेम सिंह, एडीओ (पंचायत) चंद्रपाल सिंह, एडीओ (कृषि) मोहित बिश्नोई, समाज कल्याण अधिकारी विख्यात चौहान एवं एडीओ (ग्राम विकास) मदनपाल सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### वीर अब्दुल हमीद मार्ग हुआ क्षतिग्रस्त



**कांठ अमृत विचार :** कई वर्ष पूर्व वीर अब्दुल हमीद सड़क का निर्माण हुआ था लेकिन औपचारिकता पूर्ण करते हुए एक महा पूर्व मरम्मत कार्य अधर में छोड़ दिया गया। लगभग 7 वर्ष पूर्व नगर पंचायत कांठ के द्वारा वीर अब्दुल हमीद गेट से लेकर बाल्मीकि बस्ती तक सड़क का निर्माण नगर अध्यक्ष इकबाल आलम ने कराया था। काफी सुंदर ढंग से फुलवारी आदि भी लगाई गई थीं, लेकिन तत्कालीन अध्यक्ष अजयवीर सिंह चौहान द्वारा 5 वर्ष तक पद पर बने रहने के पश्चात भी कोई भी सुधार इस सड़क में नहीं किया गया । नगर वासियों ने कई बार इस सड़क की मरम्मत कराने की मांग नगर पंचायत अध्यक्ष की तो उन्होंने महा फरवरी में कुछ सड़क की मरम्मत कराई थी लेकिन वह भी क्षतिग्रस्त हो गई। इससे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### चेकिंग में तीन ओवरलोड वाहन सीज

रामपुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन के उद्देश्य से सघन रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया गया। रात्रि 11 बजे से प्रारंभ होकर प्रात: 3 :30 बजे तक निरंतर संचालित किया गया। अभियान के दौरान कुल 1.26 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। पकड़े गए वाहनों में एक वाहन अजीतपुर चौकी क्षेत्र, एक वाहन नवीन मंडी चौकी क्षेत्र तथा एक वाहन भोट थाना क्षेत्र से संबंधित रहा।

### किशोरी को ले जाने वाला गिरफ्तार

स्वार, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 13 मार्च को पुलिस को तहरीर में दर्ज कि उसकी 18 वर्षीय बहन को अज्ञात युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार द्वारा की गई। जांच में कुंवरपुर गांव निवासी मंगत सिंह का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आरोपी को मुंशीगंज तिराहा से गिरफ्तार कर लिया।

# राम-रहीम पुल मरम्मत के लिए किया बंद

## पुल बंद होने पर किटप्लाई और आगापुर रोड से पास हो रहा ट्रैफिक, लोगों को हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सिविल लाइंस से ज्वाला नगर को जोड़ने वाले राम-रहीम पुल की मरम्मत के मद्देनजर 20 मई तक के लिए गुरुवार से बंद कर दिया गया। राम-रहीम पुल आवाजाही के लिए बंद होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक किटप्लाई रोड से पास हुआ जिसके कारण पनवड़िया पुल पर जाम लग गया। पुलिस और आरपीएफ ने मिलकर जाम को खुलवाया लेकिन, कुछ देर बाद पुल फिर जाम की चपेट में आ गया। पूरे दिन यही सिलसिला चलता रहा।

मरम्मत के दौरान हल्के और भारी वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई है इसके लिए पुल के दोनों ओर पीडब्ल्यूडी ने बोर्ड लगा दिए हैं और पुल के रास्ते को बैरियर लगाकर बंद कर दिया है। ज्वाला नगर रेलवे क्रासिंग पर जाम लगे रहने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने वर्ष 1999 में पुल को पास कराया था और वर्ष 2006 में पुल बनकर तैयार हुआ था। करीब 20 वर्ष गुजरने के बावजूद पुल पर एक बार भी मरम्मत कार्य नहीं हुआ था। पुल पर जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। पुल की बदतर हालत के मद्देनजर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुल की मरम्मत का प्रस्ताव शासन को भेजा था। शासन ने पुल की मरम्मत की मंजूरी दे दी। 2.29 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 20 मई तक पुल का मरम्मत कार्य करेगा।


राम-रहीम पुल बंद होने के बाद पनवड़िया पुल पर लगा जाम। ● अमृत विचार


बैरियर लगाकर बंद किया गया राम-रहीम पुल। ● अमृत विचार

### सीआरपीएफ गेट नंबर एक से भी पास हुआ ट्रैफिक

राम-रहीम पुल बंद होने के कारण सीआरपीएफ गेट नंबर 1 के सामने रेलवे क्रॉसिंग से भी आगापुर, ज्वाला नगर, अजीतपुर आदि जगहों को जाने वाला ट्रैफिक पास हुआ। इसके अलावा किटप्लाई रोड से पनवड़िया रेलवे क्रॉसिंग से ट्रैफिक पास हुआ। इसमें लोगों को करीब 10 से 12 किमी. का फेर काटना पड़ा।


मरम्मत के चलते सड़क को बंद करने के लिए दीवार करते मिस्त्री। ● अमृत विचार


मसवासी में अशोक मौर्य की जयंती पर मौजूद समाज के लोग। ● अमृत विचार

# अधिक संख्या के बावजूद सत्ता में भागीदारी कम: मौर्य

संवाददाता, मसवासी

● अखिल भारतीय मौर्य महासभा ने सम्राट अशोक की जयंती मनाई

अमृत विचार : अखिल भारतीय मौर्य महासभा रामपुर के तत्वाधान में सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में गुरुवार को चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह मौर्य ने कहा कि आज हमारे समाज को जागरूक होने की जरूरत है।

उन्होने कहा कि हमारी संख्या इतनी ज्यादा अधिक होते हुए भी हमारी सत्ता में भागीदारी बहुत कम है। हमें राजनीति के क्षेत्र में भी बढ़-चलकर आगे आना होगा। विशिष्ट अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह मौर्य ने कहा कि कि हमें गांव-गांव तक अपने समाज को जागरूक करना होगा। समाज की एकजुटता पर चर्चा करनी होगी। आदर्श नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य और राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी ने सभी से एकजुटता एवं जागरूकता पर जोर दिया। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, उत्तराखंड ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य, मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट यशपाल मौर्य, महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, सैनी महासभा मुरादाबाद महिला विंग की अध्यक्ष मेघा सैनी, ब्लॉक प्रमुख ठाकुरद्वारा पति वीर सिंह सैनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील मौर्य, ओबीसी उपाध्यक्ष भूप सिंह मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, कौशल्यपुरी के अध्यक्ष राजीव सैनी, सेवाराम सैनी, विधि राम मौर्य, विनेश कुमार मौर्य, देवेंद्र सैनी, अतर सिंह मौर्य, अजय सिंह मौर्य, देवेंद्र सैनी, परमिंदर मौर्य, मयंक मौर्य, मदनलाल मौर्य, दीपक मौर्य, दीप सिंह राही आदि मौजूद रहे। संचालन राजेश कुमार मौर्य ने किया।

# हाईवे किनारे बेहोशी की हालत में मिला अधेड़

बिलासपुर, अमृत विचार: गुरुवार को बिलासपुर थाने में उपनिरीक्षक केशू शर्मा को ग्रामीणों ने नैनीताल हाईवे एक अधेड के बेहोशी की हालत में मिलने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि गांव मुल्लाखेड़ा के निकट हाईवे के किनारे एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना पाकर उपनिरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिससे व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई। बाद में पुलिस ने उक्त व्यक्ति को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवा दिया। जहां व्यक्ति को होश नहीं आया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।

# केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार फिर भी रामपुर में नहीं लगे उद्योग

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : गुरुवार को वह गांव गुजरौला स्थित कांग्रेस नेता पूर्व विधायक संजय कपूर के आवास पर होली और ईद मिलन कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार भाजपा की होने के बावजूद भी जिले में कोई भी कारखाना नहीं लगा सकी। जिसकी वजह से लोग परेशान हैं। सरकार को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में लोग रसोई गैस की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। जिसके चलते लोग एजेंसियों के बाहर लाइन में लगकर हार्ट अटैक से अपनी जान गवां रहे हैं। कहा कि गोरखपुर व बनारस आदि जगह लोगों ने गैस लेने के लिए लाइनों में लगकर अपनी जान गंवा दी है हैं। जबकि पेट्रोलियम मंत्री का दावा है, कि गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। सरकार का दावा हवा-हवाई साबित हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को काशी में भारी मतों से हराया था। आरोप लगाया कि लेकिन अधिकारियों ने उन्हें बेईमानी और चोरी के चलते मुझे हराया था। लेकिन इसके बावजूद भी मैंने आज तक कोई हार नहीं मानी है। आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का ही है। इससे पहले पूर्व विधायक संजय कपूर ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित, पूर्व विधायक अफरोज अली खां, मुतीउल रहमान बब्लू, डॉ. जफर, सज्जन मियां, मनजीत सिंह अटवाल, रवि टंडन मौजूद रहे।


गांव गुजरौला में कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को तलवार भेंट करते नेता।

### हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा उछालकर जनता को गुमराह कर रही भाजपा

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के गुरुवार सुबह रामपुर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने में लगी है और अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा उछाल कर जनता को गुमराह कर रही है। गुरुवार की दोपहर राहे मुर्तजा स्थित पूर्व विधायक अफरोज अली खां के आवास पर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष को फूल मालाएं और रामपुर चाकू भेंट कर स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष को रामपुर चाकू का सेट सौंपा। इस मौके पर गन्ना विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबर अली खान, बाबू फौजी, वासिक अली, शप्पू अंसारी, जगमोहन मोना, शारिक जापानी, अकरम सुलतान, मुश्ताक अली, लल्लन खान, मनी कपूर, रहमान शाह खान, सुहैल खान, फरीद अहमद, फरहत मिंया, मास्टर फिरोज, मोहम्मद आलिम, बाबू खान, इदरीस हुसैन, तस्लीम खान, ओमप्रकाश दिवाकर, अकरम अली, नजाकत प्रधान, अल्तमश खान, फैज खान, आतिफ अली खान, मेहरबान अली, फतेह खान, मिनहाज अली खान, डॉ. जहांगीर, एहसन खान, मोनिस खान, आशु खान रहे।

# आजम खां की पत्नी से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष


आजम खां की पत्नी से मुलाकात करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष। ● अमृत विचार

रामपुर, अमृत विचार: कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को पूर्व मंत्री आजम खां के घर पहुंचे और पूर्व सांसद एवं आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फातिमा से मुलाकात की। उन्हें डॉ. तजीन फातिमा ने पूर्व मंत्री के साथ बरते जा रहे व्यवहार की बाबत कांग्रेस अध्यक्ष को जानकारी दी। इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ. तजीन फातिमा को ईद की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय कपूर, जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित आदि मौजूद रहे।

# जनसेवा केंद्र संचालक पुलिस का सहयोग करें

बिलासपुर, अमृत विचार : कोतवाली में जनसेवा केंद्र संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता अक्सर सीधे पुलिस के पास आने के बजाय अपनी शिकायतें पोर्टल पर अपलोड कर देते हैं। कई बार एक ही शिकायत विभिन्न पोर्टलों पर दर्ज की जाती है। बैठक में अपराध निरीक्षक सुरेश पाल सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक संजय यादव, केंद्र संचालकों में उवैज खां, विनीत कुमार, जकी खां, मोहम्मद आदिल आदि रहे।

# गुम हुए मोबाइल पाकर हुआ खुश हुए लोग

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : साइबर सेल और थाना खजुरिया की संयुक्त टीम ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से गुम हुए नौ मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों के सुपुर्द किए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 2.25 लाख रुपये बताई जा रही है।

थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि जब पीड़ितों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन वापस मिले, तो उनके चेहरे खिल उठे। मोबाइल स्वामियों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई और ईमानदारी की सराहना करते हुए विभाग को धन्यवाद दिया। बरामद फोनों में ओप्पो, वीवो, रियलमी और टेक्नो जैसे ब्रांड्स के हैंडसेट शामिल हैं। मोबाइल पाने वालों में गांव हजरतपुर निवासी जगजीत सिंह, गांव अहरो के धर्मेंद्र व राजिद, बरेली जनपद के शाही निवासी इमरान, चैनपुर के वाहिद, सिसौना के ओमप्रकाश, बमनपुरा के गुलशाद, ग्राम मलकी के गुरमख और टेहरी ख्वाजा के शादाब शामिल हैं। इस बरामदगी अभियान में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्रीपाल सिंह, उपनिरीक्षक सावन, योगेश मलिक, कान्स्टेबल नितिन कुमार और महिला आरक्षी गंगा देवी का योगदान रहा।


लोगों के गुम हुए मोबाइल फोन देते थानाध्यक्ष पंकज पंत। ● अमृत विचार




## सूफी अब्दुल अजीज मियां के उर्स में उमड़े अकीकतमंद

**मिलक, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के मुर्शीद नगर भैसोड़ी शरीफ स्थित अजीज-उल-औलिया हजरत ख्वाजा सूफी अब्दुल अजीज मियां का 56वां सालाना उर्स गुरुवार से शुरू हुआ। सरकारी चादरपोशी में अक़ीदतमंदों का सैलाब उमड़ा, चादरपोशी के बाद अमन चैन की दुआ की गई।

सुबह दस बजे पहला कुल शरीफ हुआ, बाद नमाज-ए-असर सरकारी चादरपोशी का जुलूस खानक़ाहे हसनी, अजीजी लियाकती के सज्जादानशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हुसैन शाह के आस्ताने से शुरू हुआ। जो गांव के विभिन्न रास्ते से होता हुआ दरगाह हजरत ख्वाजा सूफी अजीज मियां पर चादरपोशी और गुलपोशी के बाद खत्म हुआ। चादरपोशी के बाद अमन चैन के लिए दुआ की गई। बाद नमाज-ए- ईशा महफिले मिलाद शरीफ और महफिले शमा का आगाज हुआ। जिसमें बाहर से आए उलमाओं ने तकरीर की। उर्स के दूसरे दिन 27 मार्च को आम के चादरपोशी, गुलपोशी, महफिल-मिलाद और महफिल-ए- शमा होगा। उर्स में देश-विदेश से जायरीनों के किराने का सिलसिला जारी हो गया है। उर्स के मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली पुलिस द्वारा मेला चौकी बनाकर पुलिस बल तैनात किया गया है

# शोभायात्रा में जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजी फिजा, हुआ स्वागत

## कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस से शुरू हुई शोभायात्रा, मुख्य मार्गों से होते हुए पहुंची आदर्श रामलीला मैदान, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** मानस सत्संग मंडल के तत्वावधान में अनन्य ब्रह्माण्ड नायक रघुकुल शिरोमणि भगवान श्री रामचंद्र जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर 48 वीं श्री राम शोभा यात्रा का शुभारंभ कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस से हुआ। श्री राम- सीता माता समेत झांकियों के सभी पात्रों की आरती एवं टीका कर धनन्जय पाठक, सुभाष नन्दा, महेश जुनेजा, द्वारा शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया।

शोभा यात्रा के प्रारंभ में 200 मोटरसाइकिल सवार राम भक्त इसके बाद भजन प्रचार गाड़ी, ढोल नगाड़े, श्री गणेश जी की झांकी, श्री बांके बिहारी जी की झांकी, शंकर अघोरी, काली माता की झांकी, श्री राम जन्मोत्सव की झांकी, ताड़का वध, श्री विश्वामित्र यज्ञ की रक्षा, धनुष यज्ञ, कोप भवन, केवट संवाद, पंचवटी, सीता हरण, शबरी मिलन, बाहुबली हनुमान, श्री सुग्रीव मित्रता, लव कुश, श्री राम दरबार की झांकियां शामिल थीं। इसके अलावा भव्य सुंदर स्वचलित झांकियां ने लोगों को मन को मोहा। जगह-जगह भक्तों ने शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर, सरोपा देकर किया विभिन्न प्रतिष्ठानों पर भक्त जन खड़े होकर श्रीराम शोभायात्रा का स्वागत किया। पूरा नगर झंडियों से राम मय हो गया। भव्य शोभा यात्रा को देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी रही। शोभायात्रा रामलीला मैदान, कोसी मंदिर मार्ग से अपराह्न 4 बजे शुरू हुई। जबकि, सराय गेट, मिस्टन गंज चौराहा, सर्राफा बाजार, सफदर गंज, चाकू बाजार, चंपा कुमारी न्यास धर्मशाला, मिस्टन गंज चौराहा, राजद्वारा, गांधी समाधि, स्टार चौराहा, फैमिली हॉस्पिटल चौक, एसपी कोठी के पीछे आवास विकास से होते हुए राम रहीम पुल के नीचे सर्विस रोड से थाना सिविल लाइन्स, गुरुद्वारा रोड, टैक्सी स्टैंड रोड, राधा रोड होती हुई श्री हरि आदर्श रामलीला मैदान पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सुभाष नन्दा,धनन्जय पाठक, ब्रजेश गुप्ता,महेश जुनेजा,भूप सिंह यादव,हरिओम गुप्ता, वीरेन्द्र गर्ग, अनिल वशिष्ठ, सुमित अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, शलभ गुप्ता, राजीव सिंघल,अनूप कुमार अग्रवाल, आरके जैन, सुनील कुमार गोयल, मनोज गर्ग, राजीव मांगलिक, राजीव कुमार, डॉ. अजय अग्रवाल, अनिल चौरसिया, महेश वरनवाल, रविन्द्र गुप्ता, अविनाश पटेल, दीपक जिन्दल, अमित मेंदीरत्ता, अंकित रस्तोगी, अपूर्व पाठक, शिवांश पाठक, गोविंद पांडे, अनूप अग्रवाल, सोनी ताऊ, वीरेंद्र गर्ग, अजय अग्रवाल आदि शामिल रहे।



शोभायात्रा में नृत्य करते कलाकार। ● अमृत विचार



श्री राम शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी। ● अमृत विचार

### इन संस्थाओं ने शोभा यात्रा का किया स्वागत

संस्कृति प्रेरणा मंघ, श्री सनातन धर्म सभा, श्री सनातन धर्म गौशाला गौसदन, श्री हरि आदर्श रामलीला कमेटी एवं विहिप, बरनवाल समाज रामपुर, आर्य समाज मंदिर, केमिस्ट एसोसिएशन, राम भक्त सेवा समिति, दुर्गा स्वीट्स, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, साहूकारा सर्राफा कमेटी, भारत विकास परिषद संकल्प शाखा, सर्राफा एसोसिएशन, पटवा समाज, चंपा कुमारी ट्रस्ट, ज्ञान मंदिर पुस्तकालय, मदद एक आस फाउंडेशन, अग्रवाल सभा रजिस्टर्ड, सर्व वैश्य समाज, चेतना योग संस्था रोशन बाग, भारत विकास परिषद मुख्य शाखा, लायंस क्लब ऑफ रामपुर ग्रेटर, मेंथा एंड एलाइड प्रोडक्ट्स, खालसा सेवा समिति, सनातन धर्म रामलीला कमेटी सिविल लाइंस।

### शोभायात्रा में शामिल झांकियों ने मोहा मन

मिलक, अमृत विचार : नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में मनमोहक बैंड आतिशबाजी अखाड़े का प्रदर्शन सुंदर-सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा मंडी समिति से प्रारंभ होकर तीन बत्ती चौराहा से होते हुए किड्स प्राईड एकेडमी नवदिया चौराहा पर आकर संपन्न हुई। मुख्य वक्ता अरुण नेटके केंद्रीय सहमंत्री विहिप, मुख्य अतिथि घनश्याम गोस्वामी समाजसेवी, विशिष्ट अतिथि कपिल देव कोरी, प्रबंधक लॉर्ड बुद्धा सिटी इंटरनेशनल स्कूल मिलक रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता मीरा डायमंड द्वारा शोभायात्रा का नारियल फोड़कर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अमृत गौड़ विभाग मंत्री विश्व हिंदू परिषद, जिला मंत्री संजीव गुप्ता, नगर अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, लकी गुप्ता नगर मंत्री, मुकेश पटेल, वैभव गुप्ता, रवि शर्मा, विकास गंगवार, वीरेश शर्मा, प्रदीप जाटव, शिवम पांडेय, संजय गोस्वामी, गुड्डू भार्गव, भीमा जोशी, कुलदीप गंगवार, मिंटू तिवारी, पंकज गुप्ता, अनुज गोस्वामी, अमन गुप्ता, सैंया सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### मां दुर्गा के आठवें स्वरूप की पूजा - अर्चना

**चंदौसी, अमृत विचार :** आठवें नवरात्र के गुरुवार को श्रद्धालुओं ने अलग-अलग देवी मंदिरों में पहुंचकर दुर्गा मां के आठवें स्वरूप की आराधना की। लोगों ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद स्वरूप भोजन खिलाया। सुबह से ही मंदिरों पर पूजा के लिए लंबी लाइन लगी रही। काफी संख्या में लोगों ने अष्टमी पर व्रत खोले और कन्या-बरुआ जिमाए। शहर के रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर बगिया वाली देवी मंदिर, गंगा देवी मंदिर, गोलागंज देवी मंदिर व मौलागढ़ के देवी मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालु सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। काफी संख्या में लोगों ने अष्टमी पर कन्या बरुआ जिमाए। महिलाओं ने घरों में भजन कीर्तन कर महामाई का गुणगान किया। शाम को भी देवी मंदिर कीर्तन का कार्यक्रम हुआ।

## रामपुर में पर्यटन की अपार संभावनाएं: श्रीश गुप्ता



विकास भवन में कार्यक्रम में मौजूद आईआईए के चेयरमैन व अन्य उद्यमी।

**संवाददाता, रामपुर**

● विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में बोले आईआईए चेयरमैन

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यकाल के 9 सफल वर्ष पूर्ण होने पर रामपुर पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास परिषद द्वारा विकास भवन परिसर में आयोजित विचार गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि आईआईए एवं होटल एसोसिएशन के चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने कहा कि रामपुर एक ऐतिहासिक नगर है।

उन्होंने कहा कि यहां के ऐतिहासिक भवन, किला, प्राचीन मंदिर आदि, यहां की हस्तकला, हस्तशिल्प ,पैच वर्क, जरी, चटा पटी, चाकू, पतंग टोपी एवं वॉइलेंन विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। यहां विश्व प्रसिद्ध रजा लाइब्रेरी है, जिसमे सोने से लिखी रामायण, हस्तलिखित कुरान आदि विश्व भर से पर्यटक देखने आते हैं। रामपुर उत्तराखंड चार धाम यात्रा का द्वार भी है। बंगाल की दिशा से एवं कुमाऊं की ओर से यात्रा प्रारंभ करने वाले पर्यटकों के लिए रामपुर केंद्र है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं है। होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेश सिंघल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा घोषित होम स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना प्रदेश वासियों के लिए एक अनमोल तोहफा है। इस योजना से जो स्थानीय निवासी लाभ के सकते है। वोह 6 से 12 कमरों का होम स्टे बनाकर अपनी सेवा आरम्भ कर लाभ उठा सकते है। यह योजना टैक्स फ्री है इसके लिए सरकार ने लोन एवं सब्सिडी की योजना भी प्रस्तुत की है।

सभी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उत्तराखंड में यह योजना काफी लोकप्रिय हुई है और जनता को रोजगार देने का प्रमुख साधन बनी है। विचार गोष्ठी को जिला विकास अधिकारी, होम स्टे संचालक, इकबाल खान, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने भी संबोधित किया। जिला पर्यटन अधिकारी मनीषा राणा ने प्रदेश सरकार की योजनाओं को विस्तार से रखा एवं आम नागरिकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

## टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ दिल्ली जाएंगे शिक्षक

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक 4 अप्रैल को दिल्ली का रुख करेंगे। गुरुवार को रामलीला मैदान दिल्ली में होने वाली महारैली की तैयारियों का ब्लॉक स्तर पर जायजा लिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री चरन सिंह ने बताया कि तैयारी को लेकर शिक्षकों से विचार विमर्श हुआ। सैदनगर ब्लॉक अध्यक्ष रहमत अली ने गूगल मीट पर तैयारी के संबंध में अपडेट कराया। शाहबाद ब्लॉक को लेकर जिला कोषाध्यक्ष अशोक मेहरा के आवास पर जिला संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह के साथ मिलकर रणनीति बनाई। सुभाष पांडे ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की राजेंद्र सिंह हुई। इसमें शाहबाद ब्लॉक से भी एक बस ले जाने की सहमति बनी।

# डीसीएफ भवन ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट का स्टे



हाईवे स्थित डीसीडीएफ की इमारत। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** हाईवे किनारे नवाब रेलवे स्टेशन के सामने स्थित डीसीडीएफ की इमारत के ध्वस्त होने पर हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई अब 31 मार्च को होगी। प्रशासन ने इमारत की नीलामी करा दी है। इमारत में 7 फ्लैट और 13 दुकानें हैं।

डीसीडीएफ के अध्यक्ष ने नीलामी का विरोध जताया था और इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी की थी। एआर कोआपरेटिव ने बताया कि अब 31 मार्च को हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। हाईवे पर विकास भवन के दोनों गेटों के बीच जिला सहकारी विकास संघ डीसीडीएफ की दो मंजिला इमारत है। जिसमें 13 दुकानें और 7 फ्लैट 33 मीटर गुणा 140 मीटर के रकबे में बने हुए हैं। डीसीडीएफ की इमारत के मलबे का नीलाम प्रशासन द्वारा करा दिया था। उसका ध्वस्तीकरण 13 फरवरी को होना था लेकिन, किन्हीं कारणों से तारीख 24 फरवरी तय कर दी गई। लेकिन, तय तारीख पर इमारत का ध्वस्तीकरण नहीं हुआ। बल्कि जयदीप सिंह बरार की रिट पर हाईकोर्ट ने 24 मार्च को स्टे दे दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 31 मार्च को होगी। इमारत में 7 फ्लैट और 13 दुकानें हैं। इमारत के ध्वस्तीकरण की खबर सुनकर दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दी हैं। इसी इमारत में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का जिला कार्यालय भी है।

### लोनिवि ने इमारत को बताया है जर्जर

लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड कार्यालय के अधिशासी अभियंता ने एक पत्र 25 जुलाई 2013 को भेजा था। डीसीडीएफ की इस इमारत का भौतिक सत्यापन करने के बाद पत्र में कहा गया था कि इमारत जर्जर है और भवन में रहने वाले लोगों के लिए घातक हो सकती है। जर्जर भवन के गिरने के कारण कोई हादसा हो सकता है इसके मद्देनजर इमारत को ध्वस्त कराने का निर्णय लिया गया था। डीसीडीएफ की जर्जर इमारत के मलबे की नीलामी 13 फरवरी को कराया जाना था लेकिन, किन्हीं कारणों से अब ध्वस्तीकरण की कार्रवाई 24 फरवरी कर दिया गया था लेकिन अब इस मामले में हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया है। बताते हैं कि डीसीडीएफ की इमारत वर्ष 1952 की बनी हुई है।

> डीसीडीएफ की इमारत के ध्वस्तीकरण पर स्टे का कोई पत्रावली विभाग को हाईकोर्ट से नहीं मिली है। हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए रिट डाली गई थी जिसकी सुनवाई की तारीख हाईकोर्ट ने दे दी है।
>
> - डॉ . गणेश गुप्ता, एआर कोआपरेटिव

## राज्यमंत्री ने की पूजा अर्चना

**मिलक, अमृत विचार:** विकासखंड मिलक तहत ग्राम जगतपुर और ग्राम रजपुरा के मध्य पीलाखार नदी पर सेतु निर्माण कार्य का आज भूमि पूजन होगा। मुख्यातिथि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर परियोजना का शुभारंभ करेंगे। यह परियोजना क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाने के साथ ही ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान करेगी। लंबे समय से पुल की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी बेहतर होगी। बरसात के समय पीलाखार नदी पार करने में होने वाली कठिनाइयों से भी मुक्ति मिलेगी।

## महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर मंगलसूत्र व कुंडल ले गए उच्चके

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम लाडपुर निवासी शकुंतला देवी दो अज्ञात युवकों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर कान के कुंडल और मंगलसूत्र ले उडे.। मामले में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

पीड़ित महिला ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे सरकारी अस्पताल से दवा लेकर नगर के पटवाई रोड पर पूजा का सामान लेने के लिए जा रही थी। तभी दो युवक आए और उनसे बातें करने लगे। आरोप है कि महिला को कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर सुनसान गली में ले गए। उसके कान से सोने के कुंडल, मंगलसूत्र, चांदी की पायल, एक मोबाइल और 5000 नगद ले गए। महिला का कुल ढाई लाख का नुकसान होने का अनुमान है। महिला को बेहोशी हालत में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। किसी तरह महिला को होश आया। इसके बाद पटवाई रोड पर बुक सेलर की दुकान पर गई और अपनी पूरी आप बीती बताई। किसी तरह बुक सेलर ने महिलाओं के परिजनों से बात कराई गई। सूचना पर परिजन मिलक पहुंचे और इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस जांच पड़ताल शुरू की, लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चला।

## तेल की कमी की अफवाह फैलाने वाला गिरफ्तार

**टांडा, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाकर जनता के बीच अफरा-तफरी का माहौल पैदा करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने जनपद से बाहर की फोटो का इस्तेमाल कर रामपुर में पेट्रोल की किल्लत होने की झूठी खबर वायरल की थी। आरोपी ताहिर निवासी ग्राम अहमदाबाद ने 25 मार्च को सोशल मीडिया पर एक फोटो पोस्ट की थी। इस फोटो में पेट्रोल पंप पर तेल की कमी दिखाई गई थी, जबकि वह तस्वीर जनपद रामपुर की न होकर किसी बाहरी स्थान की थी।

# अवैध रूप से संचालित चार अस्पताल सीज

**संवाददाता, शाहबाद/सैफनी**

● निरीक्षण में मिलीं खामियां, अस्पताल संचालकों में मचा हड़कंप

● नोडल अधिकारी देवेश चौधरी के नेतृत्व में हुई छापामार कार्रवाई

**अमृत विचार :** अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए शाहबाद व सैफनी क्षेत्र के चार अस्पतालों को सील कर दिया। टीम ने नोडल अधिकारी देवेश चौधरी के नेतृत्व में बिना पंजीकरण और मानकों के विपरीत चल रहे अस्पतालों पर छापा मारकर यह कार्रवाई की।

सैफनी में मोहम्मद कामिल बच्चों का क्लिनिक, स्टार हेल्थ केयर और शाहबाद में उवैस फ्रेक्चर क्लिनिक व अकरम फ्रेक्चर क्लिनिक सील किया है। नोडल अधिकारी ने सभी संबंधित अस्पताल संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थानों में तहरीर दे दी है।

नोडल अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं पाईं। इनमें बिना योग्य डॉक्टरों के इलाज, मानकों के विपरीत उपकरणों का उपयोग और रिकॉर्ड का अभाव शामिल है। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अस्पतालों को सील कर दिया। कुछ दिन पहले क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत का मामला सामने आया था।

इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग पर कार्रवाई का दबाव बढ़ा, जिसके चलते सघन जांच अभियान शुरू किया गया। जांच में सामने आया कि सील किए गए अस्पताल बिना वैध पंजीकरण के संचालित हो रहे थे। न तो वहां योग्य डॉक्टर मौजूद थे और न ही जरूरी सुविधाएं उपलब्ध थीं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही थी। सील की कार्रवाई के दौरान हडकंप मचा रहा।

**आस्था**

सप्तशती पाठ, कवच पाठ, दुर्गा चालीसा और हुई गणेश वंदना, मंदिरों में महिलाओं ने गाए माता के छंद, देर रात तक चलता रहा कीर्तन का कार्यक्रम

# देवी महागौरी का श्रृंगार कर की पूजा अर्चना, जिमाईं कन्याएं

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिले भर के मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर गुरुवार को आठवीं देवी महागौरी का श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर कन्याओं को जिमाया गया। यज्ञ हवन में आहुति देकर जन कल्याण के लिए प्रार्थना की गई।

पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने भक्तों के साथ सप्तशती पाठ, कवच पाठ, दुर्गा चालीसा, गणेश वंदना, भजन कीर्तन किया गया। इसके बाद माता की महाआरती हुई और भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। शहर स्थित मिस्टन गंज मंदिर में हुई महाआरती में राजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, पंडित सत्यम शर्मा, विश्वनाथ प्रसाद, विनीत लाला, दिनेश, सुरेश, सुनीता, राधा, शांति, सीमा, मधु, राम भरोसे लाल यादव, तिलक राज वासन, सुखदेव मिश्रा, नीरज, राजेन्द्र, सुधा, राजू ,मुकेश कुमार रावत, अन्नू मिश्रा, हरि बाबू गुप्ता, प्रतीक जिंदल, जुगेश चंद्र अरोड़ा, श्रुति जिंदल आदि शामिल रहे। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को नवमी देवी सिद्ध धात्री पूजा अर्चना कर कन्या पूजन किया जाएगा।



मंदिर में मां महागौरी की आरती करते भक्त। ● अमृत विचार



कन्याओं को भोजन कराते राजा जोशी। ● अमृत विचार



अष्टमी को कन्या जिमाती भक्त। ● अमृत विचार

### मां गौरी की भक्तों ने की उपासना

मिलक, अमृत विचार : गुरुवार को शिव शक्ति पंचमुखी हनुमान मंदिर मे मां महागौरी देवी की उपासना एवं यज्ञ किया गया। तहसील परिसर मिलक में चैत्र नवरात्रि के अष्टम दिन मंदिर में शाम को मंदिर पर महिलाओं के द्वारा भजन -कीर्तन किया गया। शुक्रवार को प्रात : 8 से 9 बजे तक हवन होगा। एडवोकेट योगेश बंसल ने कहा कि नवरात्रि के अंतिम दिन अपना कुछ समय निकालकर मंदिर पर अवश्य उपस्थित होकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस अवसर पर अनिल गंगवार, प्राची गंगवार, यतेंद्र कुमार अत्री, ममता अत्री, संजय गंगवार, रचित पांडे, बंटू यादव उपस्थित रहे। हवन का कार्य पंडित प्रशांत मिश्रा व पंडित आशीष मिश्रा ने संपन्न कराया।

### चैत्र नवरात्र पर कन्याओं को कराया भोजन

अमृत विचार, सैफनी : गुरुवार को नगर में राजा जोशी ने अपने आवास पर चैत्र नवरात्र के अवसर पर 9 कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पैर धोकर पूजन किया और उनको हलुआ, पूरी, चने का प्रसाद खिलाकर उपहार और दान दक्षिणा देकर विदा किया। राजा जोशी ने कहा कि यह पूजा माता दुर्गा की प्रसन्नता और देश की सुख समृद्धि के लिए की जाती है। इसके अलावा क्षेत्र के बैरुआ गांव में भी गो रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी ने अपने आवास पर विधि पूर्वक पूजन कराकर कन्याओं को भोजन कराया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मां महागौरी की आराधना कर कन्याओं को जिमाया

बिलासपुर, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र महोत्सव के दौरान दुर्गा माता के आठवें स्वरूप मां महागौरी की आराधना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में कन्याओं को जिमाकर उन्हें भोजन कराया। गुरुवार को श्रद्धालुओं ने घरों में महामाई के दरबार में पूजा-अर्चना की। मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर में पुजारी सरोज मिश्रा तथा श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर में पुजारी पंडित अयोध्या प्रसाद पाठक द्वारा दुर्गा चालीसा एवं सप्तशती का पाठ किया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा मोहल्ला साहूकारा में श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर, माता महाकाली मंदिर, पंजाबी कालोनी में श्री सनातन धर्म मंदिर, शिव मंदिर, मोहल्ला लक्ष्मीनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मां चामुंडा देवी मंदिर, शिव-शीतला माता मंदिर आदि मंदिरों में भजन-कीर्तन किया।

## डायट में नवाचार आधारित 'प्रभव' पुस्तक का विमोचन

**रामपुर, अमृत विचार :** डायट में शिक्षकों के नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज पर आधारित पुस्तक 'प्रभव' का विमोचन हुआ। प्राचार्य अशोक कुमार और बीईओ कल्पना देवी ने विमोचन किया।

डायट प्राचार्य ने कहा कि नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और रोचक बनाते हैं। 'प्रभव' पुस्तक जनपद के शिक्षकों द्वारा विद्यालय स्तर पर किए गए ऐसे ही प्रेरणादायी नवाचारों और श्रेष्ठ प्रथाओं का संकलन है। पूरे जनपद से 12 सर्वश्रेष्ठ चयनित नवाचाओं एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज को पुस्तक में शामिल किया गया है, जिनमें शबनम आरा, सत्येंद्र पांडेय, रीना कुमारी, हिमानी गुप्ता, राकेश विश्वकर्मा, रेनू सिंह, गोविंद नारायण, आलिया बी, शैलेंद्र कुमार ॠचा शर्मा, तृप्ति तथा एमएस गंगवार के नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज शामिल हैं।

# हवन-यज्ञ के साथ महागौरी का पूजन, कन्याओं को भोज कराया

## माता सिद्धिदात्री की पूजा के साथ आज होगा चैत्र नवरात्र व्रतों का परायण, मंदिरों में पूरे दिन रही भीड़


अष्टमी पर कन्या पूजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को मां भगवती के महागौरी की पूजा अर्चना के साथ हवन-पूजन किया गया। मंदिरों में मां के महागौरी स्वरूप की आराधना की गई। भक्तों ने देवी मां से सुख समृद्धि व आरोग्य की कामना की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराकर व्रत खोले।

सात दिनों से नवरात्र के व्रत रखते आ रहे श्रद्धालुओं ने गुरुवार को नवरात्र के आठवें दिन मांग भगवती के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा अर्चना कर अष्ठमी पूजकर व्रत खोला। गुरुवार की सुबह से ही घरों में पूजा अर्चना हुई। मंदिरों पर सुबह से ही दर्शन पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। देवी उपासकों ने माता के चरणों में फल, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य अर्पित किया। माता की भव्य आरती उतारी और जयकारे लगाए। माता का रोली से तिलक कर पुष्प और फल अर्पित कर नवरात्र व्रत कथा का पाठ किया। इसके बाद आरती और दुर्गा चालीसा के पाठ के साथ ही पूजन किया। श्रद्धालुओं ने हवन सामग्री के साथ ही धूप,कपूर, लौंग, सूखे मेवा, मिश्री-मिष्ठान, देशी घी के साथ आहुति देकर पूजन किया। अष्टमी पर शहर के दुर्गा देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में हवन पूजन कर कन्या पूजन भी किया और उन्हें दक्षिणा के साथ उपहार भी भेंट किए गए। वहीं आज शुक्रवार को नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रों का समापन हो जाएगा। इसके साथ ही कन्या पूजन भी होगा।

### कन्याओं को भोजन कराकर देवी भक्तों ने खोला व्रत

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर व देहात क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने गुरुवार को दुर्गाष्टमी पर मां महागौरी की पूजा-अर्चना की। कन्या पूजन कर व्रत का समापन किया। सुबह से मंदिरों में मां के जयकारे गूंज उठे। जगह-जगह भंडारे लगाकर प्रसाद भी बांटा गया। गुरुवार को शहर के इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर, ललिता देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर में अष्टमी के दिन भक्तों की भीड़ उमड़ी। मां महागौरी की पूजा अर्चना के बाद भक्तों ने मंदिर व घरों में कन्या पूजन किया। भक्तों ने कन्याओं को पेंसिल, कापी, रूमाल, गिलास आदि दक्षिणा भी भेंट की। इसके बाद अपना व्रत खोला। शहर व देहात क्षेत्रों में मां के भक्तों ने भंडारे लगाकर लोगों को प्रसाद वितरित किया।


माता रानी का रथ खींचते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### दुर्गा अष्टमी पर निकाली माता रानी की भव्य शोभायात्रा, पुष्प वर्षा

**संवाददाता मंडी धनौरा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर नगर में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। युवा समाज सेवा समिति के तत्वावधान में मां शेरावाली की भव्य शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से धूमधाम के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगर के प्राचीन नव दुर्गा मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने माता रानी के रथ को अपने हाथों से खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया। मां काली का अखाड़ा, पंचमुखी हनुमान, बांके बिहारी, अयोध्या मंदिर, शिव-पार्वती सहित अनेक धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। बैंड-बाजों की मधुर धार्मिक धुनों और जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा के नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, आयुष रस्तौगी, उमंग अग्रवाल, अंकित घरोटिया, अमित अग्रवाल, ओम मांगलिक, तनिष्क गर्ग, हिमांशु अग्रवाल, माधव अग्रवाल, सचिन बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### कन्या पूजन और भंडारों के साथ मनाई गई अष्टमी


कन्या पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**संवाददाता मंडी धनौरा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के नौवें दिन भक्तों ने शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा के आठवें मां महागौरी का विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भक्ति और आस्था का वातावरण देखने को मिला। घरों और मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया और उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान अन्न, वस्त्र और धन की समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं। वही नगर के प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में सुबह भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था।


मां चामुंडा मंदिर पर पूजा अर्चना करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### मां महागौरी की पूजा अर्चना कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया

**संवाददाता हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां भगवती मंडल की आठवीं आराध्य देवी मां महागौरी की भक्तों ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर माता रानी से घर में शुभ समृद्धि एवं वैभव का आशीर्वाद प्राप्त किया। मां चामुंडा मंदिर पर प्रात से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी, भक्तों ने माता रानी को फल फूल प्रसाद नारियल चुनरी एवं श्रृंगार का सामान भेंट कर माता रानी की ज्योत की। नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, हनुमान मंदिर,शिव मंदिर,राधा कृष्ण मंदिर एवं माई जी महाराज का मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ दिखाई दी। महिलाओं द्वारा घरों में माता रानी की ज्योत कर भोग लगाया गया और कन्याओं को भोग लगाया गया।


कन्याओं को भोजन कराते हुए। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### शादी में दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर किया घायल

**हसनपुर,अमृत विचार :** नगर के एक बैंकट हॉल में शादी समारोह के दौरान कुछ दबंगों द्वारा दुल्हन के फुफेरे भाई के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया। नगर के संभल चौराहे के निकट स्थित एक बैंकट हॉल में गुरुवार को एक शादी समारोह था, जिसमें दिल्ली निवासी समीर पुत्र मोहम्मद निजाम अपने परिवार के साथ अपनी ममेरी बहन की शादी में सम्मिलित होने आया था। गुरुवार की दोपहर को शादी समारोह के बीच किसी बात को लेकर समीर का दबंग युवकों के साथ कहा सुनी हो गई, देखते देखते दबंगों ने समीर के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे घायल कर शादी समारोह से आरोपी फरार हो गए। घायल समीर के परिजन घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि शादी समारोह के बीच मारपीट के दौरान एक युवक घायल हो गया था उसका उपचार कर दिया गया है और उसे घर भेज दिया गया।

### शोभा यात्रा में भारतीय संविधान की झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर की एक बैठक अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रामवीर सिंह के टीचर्स कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी अंबेडकर जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई।बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि इस वर्ष शोभायात्रा में भारतीय संविधान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। बाहरी कलाकारों द्वारा शोभायात्रा में अपनी प्रस्तुति प्रदान कर बाबा साहब के जीवन में संबंधित महत्वपूर्ण रोचक जानकारियां प्रदान की जाएगी। जयंती का आयोजन न केवल भव्य होगा बल्कि बाहरी कलाकारों द्वारा बाबा साहब के जीवन संघर्ष पर आधारित विशेष प्रस्तुतियां प्रस्तुत की जाएगी। साथ ही समाज की प्रतिभाओं को विशेष रूप से मंच पर सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में लता सागर, महिपाल सिंह, रामनारायण महामंत्री जगवीर सिंह मौर्य, मुरारी लाल मौर्य, करणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**संवाददाता, बिजनौर ,अमृत विचार :** मण्डावर थाना क्षेत्र के मोहंडिया में घटना तब हुई जब युवक अपनी बाइक पर सवार होकर जा रहा था और एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। मृतक की पहचान अमित (19 वर्ष) पुत्र राजेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

# आत्महत्या मामले में पत्नी ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** जिले की जोया सीएचसी में तैनात संविदा कर्मी अंकुर चीमा की आत्महत्या के मामले में कार्रवाई न होने से नाराज उनकी पत्नी सहित रिश्तेदारों व ग्रामीणों ने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

गांव भैड़ा भरतपुर निवासी 35 वर्षीय अंकुर चीमा जोया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में नर्सिंग संविदा कर्मी के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने 25 फरवरी को अपने सरकारी आवास में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। वह जोया के नवजात शिशु स्थिरीकरण इकाई में तैनात थे। मृतक की पत्नी गरिमा सिंह, जो बलरामपुर जिले में प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका हैं, ने आरोप लगाया कि उनके पति को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया। बताया कि मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट में उनके भाई, भाभी और पिता पर मानसिक उत्पीड़न और मारपीट के आरोप लगाए। गरिमा सिंह ने कुछ दिन पहले एक वीडियो भी वायरल किया था, जिसमें उन्होंने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न करने और खुद व अपने आठ माह के बेटे को खतरा होने की बात कही थी। आरोपी समझौते का दबाव बना रहे हैं। गुरुवार को गरिमा सिंह अपने मायके पक्ष के लोगों और परिचितों के साथ एसपी कार्यालय पर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया।


प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## सड़क हादसे में घायल किसान की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार:** रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी कुवरपाल पुत्र जगराम 60 वर्षीय बुधवार दोपहर बाद नगर से ई-रिक्शा में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा हाकमपुर के निकट स्थित एक बैंक्विट हॉल के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित दूध लदे टैंकर ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में ई-रिक्शा सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से तीन घायलों की हालात को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# चोरी की घटनाओं का नहीं हो रहा खुलासा

- झारखंडी मंदिर से चोरी मामले में अंधेरे में हाथ-पैर मार रही पुलिस

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** प्राचीन चाकेश्वर झारखंडी मंदिर का ताला तोड़कर चांदी का छत्र व दान पात्र चोरी करने वाले आरोपियों का 25 दिन बाद भी सुराग लगने में पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस अंधेरे में हाथ-पैर मार रही है। इसके अलावा पुलिस शिक्षिका के घर हुई लाखों रुपये की चोरी अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। इससे लेकर लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। पुलिस वारदातों को गंभीरता से नहीं ले रही है। 30 दिसंबर से दो मार्च तक चोरों ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। लेकिन पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। 30 दिसंबर को शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था।

पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। लेकिन चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित रही। 16 फरवरी को शहर के मोहल्ला अतरपुरा में सूने पड़े दो फैक्ट्री कर्मियों के मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। लेकिन खुलासा करने में नाकाम साबित रही। एक मार्च की रात चोरों ने चाकेश्रर झारखंडी महादेव मंदिर का ताला तोड़ते हुए अंदर से माता के थान पर चांदी का छत्र चोरी कर लिया था। इसके अलावा दान पात्र भी चोरी करके ले गए थे। दो मार्च की सुबह पुजारी नीरज गिरी मंदिर की सफाई करने पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई थी। पुजारी के मुताबिक छत्र करीब एक किलो चांदी का था। जिसकी कीमत लगभग तीन लाख रुपये है। दान पात्र में भी लगभग पांच हजार रुपये थे।

# प्रधान के पिता की हत्या का खुलासा नहीं

- दो साल से पूरी नहीं हुई विवेचना फिर जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में ग्राम प्रधान के पिता की सनसनीखेज हत्या का मामला दो साल बाद भी अनसुलझा बना हुआ है। 21 अप्रैल 2024 की रात घर के आंगन में सो रहे 62 वर्षीय चंद्रपाल सिंह की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभी तक इस विवेचना का निस्तारण नहीं हो सका है। एक बार फिर पुलिस ने मामले की जांच तेज करने की बात कही है।

बताया जाता है कि नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव गालिबबड़ा निवासी चंद्रपाल सिंह, जो अमरोहा नगर स्थित जेएस हिंदू कॉलेज से चपरासी पद से सेवानिवृत्त थे, घटना के समय घर के आंगन में चारपाई पर सो रहे थे। 21 अप्रैल 2024 की रात करीब तीन बजे अज्ञात हमलावरों ने उनके सिर से सटाकर गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। सुबह करीब पांच बजे जब परिजन जागे तो चंद्रपाल सिंह का शव खून से लथपथ हालत में चारपाई पर पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना की जानकारी मिलने पर नौगांवा सादात पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। उस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। मृतक के छोटे बेटे और ग्राम प्रधान अरविंद यादव ने एक रिश्तेदार पर हत्या की आशंका जताई थी। हालांकि, पुलिस की जांच के बावजूद अब तक मामले का खुलासा नहीं हो सका है। इस दौरान दो से तीन थाना प्रभारी भी बदल चुके हैं, लेकिन केस जस का तस बना हुआ है। अब अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया का कहना है कि मामले की दोबारा गहन जांच कराई जाएगी।

# आत्महत्या के लिए उकसाने में पत्नी-साले पर रिपोर्ट दर्ज

- क्षेत्र के मोहम्मदाबाद में 17 मार्च को युवक ने की थी आत्महत्या

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने पत्नी और साले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।मृतक के पिता ने दोनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी रमेश के पुत्र मोहन की शादी करीब 13 वर्ष पहले थाना रहरा के गांव सिंपला निवासी मालवती के साथ हुई थी। आरोप है कि मालवती छोटी छोटी बातों पर भी मोहन के साथ झगड़ा करती थी और अपने भाई राजू को बुलाकर मोहन के साथ अपमानजनक व्यवहार, मारने की धमकी आदि दिलाती थी। कई साल से यही सिलसिला चल रहा था। आरोप है कि 16 मार्च 2026 की दोपहर में भी मोहन के साथ उसकी पत्नि मालवती ने मारपीट गाली गलौच की थी और अपने भाई राजू को भी बुलाया था। राजू ने भी मोहन के साथ झगड़ा किया था। रात को भी जब मोहन घेर में सो रहा था तो भी उसके साथ मारपीट की थी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कराया था। उसी रात को मोहन ने फंदे पर लटक कर जान दे दी थी। 17 मार्च की सुबह के समय जब रमेश घर से घेर में गया था तो मोहन का शव फंदे पर झूलता मिला था।

# भक्ति में डूबे मंडी धनौरा व हसनपुर, रामनवमी शोभायात्राएं निकालीं

संवाददाता मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** गुरुवार को नगर के कंचन बाजार में श्री रामजानकी भक्त मंडल के संयोजन में राम जानकी मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीराम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

मंदिर परिसर में गूंजते भजन-कीर्तन और महिलाओं द्वारा गाए गए मंगल गीतों ने ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया कि हर कोई भक्ति में लीन नजर आया। दीपों की रोशनी और घंटों की ध्वनि के बीच संपन्न हुई महाआरती ने श्रद्धालुओं के मन को भाव-विभोर कर दिया। इस भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने किया, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। वहीं ब्लू बड्र्स इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल भगवान श्रीराम के रथ को खींचते हुए नजर आए, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। राम दरबार एवं राधा-कृष्ण की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर राहुल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, प्रत्यक्ष शर्मा, देवेश तंवर, विशाल कौशिक, विजय कुमार, अक्षय अग्रवाल, हर्ष भटनागर आदि लोग मौजूद रहे।


मंडी धनौरा में शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार


हसनपुर में शोभायात्रा का फीता काटते हुए विधायक, चेयरमैन एवं अन्य। ● अमृत विचार

### शोभा यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत

**हसनपुर अमृत विचार :** गुरुवार को श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री झारखंड महादेव शिवा कावड़ वेड़ा के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने संयुक्त रूप से प्रभु श्री राम की आरती कर फीता काट के किया गया। समिति के पदाधिकारीयों ने दोनों अतिथियों का फूल माला,पटका एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। शोभायात्रा में मां दुर्गा, राम दरबार, बाबा खाटू श्याम, मां काली सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, वहीं नाग नागिन के नृत्य ने नगर वासियों का मन मोह लिया। शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई शिवाला मंदिर पर संपन्न हुई। नगर में कई स्थानों पर राम भक्तों ने स्वागत किया। सुरक्षा में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल व पीएसी के साथ तैनात रहे। इस मौके पर अंकुर अग्रवाल, महेश प्रजापति,अतुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल,विपिन हिंदुस्तानी,अंकुर प्रजापति,राहुल दक्ष,निशांत चौहान, राहुल हिंदुस्तानी,वरुण अग्रवाल, आकाश हिंदुस्तानी,अभिषेक ठाकुर, शिखर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मोहित चौहान, आशु चौहान, भूरे प्रजापति, सैकी अग्रवाल सहित काफी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### गैस किल्लत को देखते हुए केवाईसी के लिए उमड़ी भीड़

**हसनपुर,अमृत विचार :** नगर में पिछले एक सप्ताह से रसोई गैस की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे रहा है। गुरुवार की सुबह सूरज निकलने से पहले ही सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष गैस एजेंसियों पर ई-केवाईसी कराने और सिलेंडर लेने के लिए कतारों में खड़े नजर आए। आलम यह है कि सात दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे सुबह चार बजे से ही परेशानी के बीच लाइन में लग रहे हैं, लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। हंगामे की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा, जिनकी मौजूदगी में ही जैसे-तैसे प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की आपूर्ति सुचारू की जाए ताकि जनता को इस मानसिक और शारीरिक परेशानी से निजात मिल सके।

### बिजली बिल को लेकर सगे भाइयों में खूनी झड़प, लाठी-डंडे चले

**अमरोहा,अमृत विचार :** नगर में बिजली बिल को लेकर सगे भाइयों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अफगानान में हुई इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें दोनों भाइयों को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार मोहल्ला अफगानान निवासी दो सगे भाइयों के घर का बिजली बिल काफी समय से बकाया चल रहा था। बकाया न जमा होने के चलते बिजली विभाग ने उनकी आपूर्ति काट दी थी। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच बिल जमा करने की जिम्मेदारी को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया और दोनों भाई आमने-सामने आ गए। गुस्से में आकर दोनों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।



### भाकियू संयुक्त मोर्चा ने प्रदूषण के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

**गजरौला,अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि नाईपुरा गांव के सभी हेड पंप जहरीला पानी उगल रहे हैं। अभी तक गजरौला नगर पालिका परिषद या जिला प्रशासन के द्वारा किसानों को पीने योग्य पानी देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। लोग जहरीला पानी पीकर गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। नाईपुरा वार्ड में लगभग पांच हजार वोट है, लोग जहरीला पानी से प्रभावित है। लेकिन नगर पालिका परिषद के द्वारा शुद्ध पेयजल के लिए टंकी की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। नाईपुरा वार्ड के लोग बहुत आकर्षित है। नाईपुरा वार्ड मेंबर हों या नगर पालिका चेयरमैन वादे करके लोगों को बहका रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, मंडल अध्यक्ष एहसान अली, गंगाराम सिंह, ओम प्रकाश सिंह,गंगाराम सिंह, प्रकाश सैनी, सुखराम सिंह, पृथ्वी सिंह, प्रेम सिंह, समरपाल सैनी, फिरासत चौधरी, रामप्रसाद सिंह, रामफल सिंह, सुरेश सिंह आदि रहे।

### दुकानदार और ग्राहक के बीच मारपीट में 16 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा,अमृत विचार :** चांद रात में घड़ी वापस करने को लेकर दुकानदार और ग्राहक के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 16 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के बाजार बसवानगंज की है। मोहल्ला चिल्ला निवासी समीर की बाजार में घड़ियो और चश्मों की दुकान है। 20 मार्च ईद की चांद रात को वह अपनी दुकान पर थे। मोहल्ला बेरियान के रहने वाले वसीम दुकान पर आए और घड़ी को खराब बात कर वापस करने का दबाव बनाया। समीर ने घड़ी लेने से मना कर दिया। इसी बात पर वसीम से मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि कुछ समय बाद वसीम अपने मोहल्ले से कुछ लड़के लेकर व अज्ञात लोगों को लेकर दुकान पर पहुंचे, सभी आरोपियों के हाथ में लाठी डंडे थे। जिन्होंने मारपीट कर तोड़फोड़ भी की। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मीट की दुकानों पर रोक लगाने की मांग

संभल/ओबरी,अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के बुकनाला गांव निवासी इरशाद ने बृहस्पतिवार को पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव में बिना अनुमति चिकन और मीट की दुकानों का संचालन किया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि जब उसने इस संबंध में शिकायत की तो संबंधित लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इरशाद ने असमोली पुलिस से कार्रवाई की मांग करते हुए अवैध रूप से चल रही दुकानों को बंद कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम पंचायत के ई-रिक्शा की बैटरियां ले चोरी

सौंधन,अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव शोभापुर खालसा में सोमवार रात चोरों ने ग्राम पंचायत का कूड़ा ढोने वाला ई-रिक्शा चोरी कर उसमें से बैटरियां चुराकर ले गए और ई-रिक्शा गांव के बाहर सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। ग्राम प्रधान प्रेमवती के घर के बाहर ग्राम पंचायत का ई-रिक्शा खड़ा था। देर रात अज्ञात चोर उसे उठाकर ले गए। इस दौरान ई-रिक्शा ढाठी मार्ग पर तालाब के पास खड़ा मिला, लेकिन उसमें लगी बैटरियां गायब थीं। घटना की सूचना ग्राम प्रधान के पति महेश ने डायल 112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर थाने को जानकारी दी।

### शार्ट सर्किट से जनरल स्टोर में लगी आग

संभल,अमृत विचार : मुहल्ला दरबार सरायतरीन में बुधवार देर रात शार्ट सर्किट से एक जनरल स्टोर में आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान और नगदी जलकर राख हो गई। मोहल्ला निवासी हाजी आरिफ खान की कई साल पुरानी जनरल स्टोर की दुकान है, जिसमें काफी मात्रा में सामान भरा हुआ था। बुधवार रात करीब 12 :30 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब दो बजे अचानक शार्ट सर्किट होने से दुकान में आग लग गई। दुकान से उठती लपटों को देखकर आसपास के लोगों ने तुरंत दुकानदार को मोबाइल पर सूचना दी। सूचना मिलते ही हाजी आरिफ खान मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। दुकानदार के अनुसार दुकान में हजारों रुपये की नगदी भी रखी थी, जो आग में जल गई। साथ ही थोक व्यापारियों को भुगतान के लिए रखी रकम भी जल गई।

# श्रद्धा के साथ निकाला मां भगवती का डोला

## जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत, शोभायात्रा में मां भगवती के जयकारों से गूंज उठा कस्बा

संवाददाता, बबराला


बबराला में शोभायात्रा में मौजूद नगर पंचायत चेयरमैन व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार


संभल के चामुंडा मंदिर में देवी पूजन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

- काली अखाड़ा के हैरतअंगेज करतबों ने किया मंत्रमुग्ध

**अमृत विचार :** दुर्गाष्टमी के अवसर पर बबराला नगर में मां भगवती का भव्य डोला एवं काली अखाड़ा पूरे श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ निकाला गया। इस दौरान नगर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। शोभायात्रा में शामिल डेढ़ दर्जन से अधिक स्वचालित झांकियों, देवी-देवताओं के सजीव स्वरूपों और काली अखाड़ा के हैरतअंगेज करतबों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर डोला का स्वागत किया। इंदिरा चौक पर काली की विशेष आरती हुई।

गुरुवार देर शाम डोला यात्रा का शुभारंभ वार्ष्णेय सेवा सदन से विधिवत पूजन-अनुष्ठान के साथ हुआ। पूजन में चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, ईओ अमरेश तिवारी, डॉ. राहुल यादव, अनिल गुप्ता, अरूण कुमार डिंपल, नीरज वार्ष्णेय, सुनीत भोला, आकाश वार्ष्णेय, रमन कुमार वार्ष्णेय, अनिल वार्ष्णेय, निशांत मंकित, नितिन आइडिया, विपिन वार्ष्णेय, मुकेश गुप्ता, उमंग, सचिन, गौरव वार्ष्णेय सहित अनेक लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा वार्ष्णेय सेवा सदन से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक, रेलवे रोड मुख्य बाजार, शिवाजी चौक, अग्रसेन मार्ग, पुराना रामलीला मैदान, सर्राफा बाजार और टीचर्स कॉलोनी से होकर गुजरी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने स्टॉल लगाकर जलपान की व्यवस्था की और श्रद्धा के साथ डोला का स्वागत किया। भजन- कीर्तन और मां भगवती के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। काली अखाड़ा के कलाकारों ने अपने पारंपरिक शस्त्र कौशल और रोमांचक करतबों का प्रदर्शन कर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। वहीं झांकियों में देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों के साथ-साथ पौराणिक प्रसंगों का सुंदर चित्रण किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहे। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस और पीएसी के जवानों की भारी तैनाती की गई। देर रात शोभायात्रा पुनः वार्ष्णेय सेवा सदन पहुंचकर संपन्न हुई।

### अष्टमी पर महागौरी की पूजा हुई


संभल में अपने घर पर कन्या पूजन करते भाजपा नेता राजेश सिंघल। ● अमृत विचार

संभल, अमृत विचार : वासंतीय नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को जनपद भर में आस्था और श्रद्धा का विशेष माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। शहर के प्रमुख चामुंडा मंदिर हल्लू सराय, चामुंडा मंदिर हयातनगर और चामुंडा मंदिर घुंघावली सहित अन्य देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने माता रानी के जयकारों के बीच विधि-विधान से पूजा कर परिवार की खुशहाली और कल्याण की प्रार्थना की। महिला श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर भजन-कीर्तन का आयोजन कर मां दुर्गा का गुणगान किया। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा। संभल शहर के अलावा सिरसी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र में भी अष्टमी का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। दिनभर चले पूजा-अर्चना, कन्या पूजन और धार्मिक आयोजनों से जमाहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

# सरकारी जमीन पर बनी इमारतें तोड़ने लगे ग्रामीण

- प्रशासन की प्रस्तावित कार्रवाई से पहले ही हटा रहे निर्माण

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी


मदरसे का दरवाजा उखाड़ते ग्रामीण।

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद में सरकारी भूमि पर बने मदरसा और मस्जिद को लेकर प्रशासन की प्रस्तावित कार्रवाई से पहले ही मुस्लिमों ने खुद निर्माण हटाने का काम शुरु कर दिया है। गुरुवार सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिद के दरवाजे, ईंटें, हैंडपंप समेत अन्य सामान निकालना शुरू कर दिया।

ग्राम प्रधान पति मुनव्वर हुसैन उर्फ बब्बू हाजी ने बताया कि कुछ दिन पहले हल्का लेखपाल द्वारा सूचना दी गई थी कि गांव में सरकारी भूमि पर ग्रामीणों द्वारा मदरसा, मस्जिद और एक मकान का निर्माण किया गया था। प्रशासन की ओर से 28 मार्च को पैमाइश होने के बाद अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जायेगी। प्रशासन की इस सूचना के बाद बुधवार रात मुबारकपुर बंद गांव में बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई के हालात पर चर्चा करते हुए आपसी सहमति से निर्माण को स्वयं हटाने का निर्णय लिया गया, ताकि टकराव की स्थिति न बने। इसी निर्णय के तहत गुरुवार सुबह से ही मस्जिद से जुड़े लोग निर्माण व सामान हटाने लगे। ग्रामीणों द्वारा मस्जिद में लगे लोहे के दरवाजे, खिड़कियां, हैंडपंप, ईंटें और अन्य सामान सावधानी पूर्वक निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। कुछ लोग मस्जिद की दीवारों से ईंटें उतारते नजर आए। जमीन को पूरी तरह खाली कराने की प्रक्रिया जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि गोसुल उलूम के नाम से मदरसा करीब 30 वर्ष पहले बनाकर यहां संचालित किया जा रहा था। उसके समीप ही मस्जिद का भी निर्माण किया गया था। मस्जिद को स्थानीय लोग मदरसे वाली मस्जिद के नाम से जानते हैं। अब प्रशासनिक कार्रवाई से पहले ही दोनों निर्माणों को हटाया जा रहा है।

# यज्ञ से घर-परिवार में आती है सुख-समृद्धि

- संभल के पंजू सराय में यज्ञ में श्रीकल्कि के प्राकट्य की कामना

कार्यालय संवाददाता,संभल


संभल के पंजू सराय में यज्ञ में आहुतियां देते साधक व श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवरात्र पर दुर्गा भवन पंजू सराय में चल रही श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के अंतर्गत मां दुर्गा स्तवन की 92वीं कड़ी के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माता महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान यज्ञ कर विश्व शांति, राष्ट्र की समृद्धि एवं श्रीकल्कि के प्राकट्य की कामना की गई।

कार्यक्रम का आयोजन आध्यात्मिक गुरु पंडित राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर आठ वर्ष की कन्या का पूजन कर पान, सुपारी, ध्वजा, नारियल, फल, मेवा, अष्टगंध, शुद्ध घी व शहद आदि से एक लाख आठ हजार आठ सौ आहुतियां यज्ञ में अर्पित की गईं। यज्ञाचार्य डॉ. योगी नागेंद्र मोहन श्रीमाली ने कहा कि माता महागौरी की साधना अत्यंत फलदायी होती है। समिति के संस्थापक पंडित राधेश्याम श्रीमाली, जिला सचिव ज्वालेश श्रीमाली, नीरज श्रीमाली, दिनेश मोहन एडवोकेट, लक्ष्मी श्रीमाली, डॉ. नागेंद्र मोहन, आरती श्रीमाली, कृष्णा मोहन, रिया श्रीमाली, शिवम, आंचल श्रीमाली, पूजा देवी, यशवर्धन श्रीमाली, लोकेश कुमार, राखी श्रीमाली सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

इसके अलावा ऋतिक मोहन श्रीमाली, डॉ. सुरेश चंद्र सैनी, रामवीर शर्मा, कैलाश चंद्र, नरेश सैनी , आनंद सैनी के साथ ही श्रद्धालु व महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### हादसे में घायल दूसरे मजदूर की मौत

**संभल, अमृत विचार:** आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में घायल दूसरे मजदूर की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है, जबकि तीन मजदूर अब भी गंभीर रूप से घायल हैं।

बुधवार रात बनियाठेर क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज के पास चंदौसी बाईपास फ्लाईओवर के निकट ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार मजदूरों को ट्रक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में गौरव निवासी गांव बिचैटा की मौत हो गई थी। वहीं घायल हरपाल सिंह सहित चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को हरपाल सिंह ने भी दम तोड़ दिया। सूरज (50) निवासी देवरखेड़ा, ओमपाल (25) और बहादुर (55) निवासी गांव बिचैटा को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया था।

# शोभायात्रा में झांकियों ने मोहा मन

- श्रीराम नवमी पर संभल शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा.
- कई जगहों पर हुआ स्वागत सुरक्षा के रहे इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, संभल


नगर हिंदू सभा अध्यक्ष कमलकांत तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व अन्य।

**अमृत विचार :** श्रीराम लीला कमेटी के तत्वावधान में संभल शहर में श्रीराम नवमी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियों को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कई स्थानों पर स्वागत करते हुए श्रीराम के जयकारे लगाए। सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

शहर में मुख्य डाकघर पर श्रीराम चबूतरा से श्रीराम नवमी शोभायात्रा निकाली गई। यहां नगर हिंदू सभा अध्यक्ष कमलकांत तिवारी व अन्य ने विधिवत श्रीराम दरबार का पूजन किया। श्रीराम दरबार आरती में अनंत अग्रवाल च अनुराग गुप्ता अन्नू सहित आदि कई लोग शामिल रहे। शोभायात्रा श्रीराम चबूतरा मुख्य डाकघर से शुरू होकर चक्की का पाट, कोतवाली, सर्राफा बाजार, बाजार गंज, छंगामल की कोठी, आर्य समाज रोड, एजेंटी तिराहा, बाल विद्या मंदिर स्कूल, अस्पताल चौराहा, शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से देर रात सूर्य कुंड मंदिर पर संपन्न हुई। जिसमें भगवान गणेश, श्रीकृष्ण-राधा, मां शेरावाली, भगवान शिव, पंचमुखी हनुमान की झांकी शामिल रही।इस दौरान शोभित गुप्ता, पूरन त्यागी सहित अनेक लोग शामिल रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह भी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस दौरान दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# संघ संस्थापक असाधारण व्यक्तित्व

संवाददाता,चंदौसी

- संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रमुख जनगोष्ठी
- राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर के अन्नपूर्णा हॉल में प्रमुख जनगोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों ने भाग लेते हुए राष्ट्र निर्माण, संस्कृति और सामाजिक एकता पर अपने विचार रखे।

मुख्य वक्ता के रूप में संघ के प्रांत संपर्क प्रमुख वेदपाल ने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में संघ की स्थापना कोई साधारण घटना नहीं थी, बल्कि इसके पीछे एक सशक्त राष्ट्रीय विचार था। उन्होंने कहा कि उस समय हिंदू समाज को एक विचारधारा के साथ संगठित करना बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन डॉ. हेडगेवार ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से इसे संभव किया। संघ ने ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए, जो देश के लिए समर्पित होकर कार्य करते हैं। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है । विशिष्ट अतिथि महावीर सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति सचिन माहेश्वरी, केजीके कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. मीनू मल्होत्रा ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विभाग प्रचारक शरद कुमार, जिला प्रचारक संजीव, अशोक, विजय मार्तंड, चरण सिंह, विष्णु अग्रवाल, उदय तिवारी, रौनक, संजय, नीरज, अमित, अंकुर अग्रवाल, भूदेव शर्मा, देवेंद्र, मुकेश, दिलीप, विवेक, आयुष, प्रोफेसर दानवीर कृष्ण कुमार सहित मातृशक्ति के रूप में अलका अग्रवाल, नूतन चौधरी, मंजू दिलेर आदि शामिल रहीं। संचालन डॉ. दीपा पाठक ने किया।

# आरोप: सेल्स ऑफिसर ने शिफ्ट की बुकिंग

कार्यालय संवाददाता, संभल


एजेंसी कार्यालय पर अपनी बुकिंग का स्टेटस जानने को जुटे ग्राहक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इरान, इजरायल व अमेरिका के बीच युद्ध के हालात में घरेलू गैस की किल्लत के बीच हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की गैस एजेंसी के संचालक ने कंपनी के सेल्स ऑफिसर पर गंभीर आरोप लगाते हुए ग्राहकों की गैस बुकिंग दूसरी एजेंसियों में शिफ्ट किए जाने का आरोप लगाया है। एजेंसी संचालक ने इसे गंभीर मामला बताते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

डोडा गैस एजेंसी के मालिक गौरव डोडा का आरोप है कि सेल्स ऑफिसर महेश मीणा उनकी जानकारी और अनुमति के बिना ग्राहकों की गैस बुकिंग अन्य एजेंसियों पर स्थानांतरित कर रहे हैं। इससे न सिर्फ ग्राहकों को परेशानी हो रही है, बल्कि एजेंसी की साखा भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने बताया कि गैस की उपलब्धता में कोई बड़ी समस्या नहीं है, लेकिन बिना सूचना बुकिंग ट्रांसफर किए जाने से ग्राहक उनकी एजेंसी पर शिकायत लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में जब उनके सिस्टम में बुकिंग दिखाई नहीं देती और ओटीपी भी प्राप्त नहीं होता, तो ग्राहक एजेंसी को ही जिम्मेदार ठहराते हैं। गौरव डोडा ने कहा कि उनकी एजेंसी पिछले 20-30 वर्षों से क्षेत्र में सेवाएं दे रही है और लोगों का विश्वास बना हुआ है, लेकिन इस तरह की कार्यप्रणाली से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अधिकारी मनमाने तरीके से कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो एजेंसी संचालन पर पुनर्विचार करना पड़ेगा। जिला प्रशासन पर दबाव की बात कहते हुए कंपनी से भी जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। एजेंसी संचालक के अनुसार, उनकी रोजना करीब 700 सिलेंडरों की खपत रहती है, जबकि वर्तमान में आपूर्ति 360 सिलेंडर रह गई है। स्पष्ट किया कि गैस आपूर्ति कंपनी द्वारा की जाती है, एजेंसी स्तर पर इसका उत्पादन नहीं होता।

## न्यूज डायरी



### सांसद ने किया काली मंदिर में दर्शन

बबराला ,अमृत विचार : बदायूं से समाजवादी पार्टी के सांसद आदित्य यादव ने गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गांव कादराबाद स्थित प्रसिद्ध मां काली मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने गांव सिहोरा स्थित श्री समाधि बाबा आश्रम मढ़ी परिसर में आयोजित नवरात्रि मेले में शामिल हुए। सांसद आदित्य यादव ने मेले का भ्रमण कर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन किया और स्थानीय परंपराओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज में एकता का संदेश देता है। विधायक राम खिलाड़ी यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव, इंदु सक्सेना, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव, रजत यादव, भावेश आदि मौजूद रहे।



### सम्राट अशोक की जयंती मनाई

चंदौसी,अमृत विचार : जिला न्यायालय स्थित बार रूम के सभागार में सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। सभी ने उनके जीवन से प्रेरक प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिवक्ताओं ने सम्राट अशोक के चित्र के समक्ष माल्यार्पण करके किया। इस दौरान राजीव शर्मा ने बताया कि सम्राट ऐसे ही महान सम्राट नहीं बने। सत्य और और अहिंसा के बल पर उन्होंने भारत के साथ-साथ पड़ोसी देशों पर शासन किया। विनोद सिंह ने कहा कि सम्राट अशोक का कहना था कि अहिंसा परमो धर्मा। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद सिंह ने की तथा संचालन सचिव तीर्थ कुमार ने किया। कार्यक्रम में केडी मौर्य, वेदप्रकाश, थान सिंह, राहुल चौधरी, विभोर बंसल, दया सिंधु, राजेश यादव, महेश यादव, यादराम, अनुराग आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



### अंतिम व्यक्ति को भी मिल रहा लाभ

संभल/बहजोई,अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चल रहे नौ दिवसीय जन जागरण, प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी, संवाद सम्मेलन का समापन बुधवार को बस स्टैंड बहजोई पर लाभार्थी सम्मेलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित करते हुए सरकार की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी उपस्थित रहीं। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार की योजनाएं अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। आयुष्मान योजना के तहत लोगों को पांच लाख रुपये तक का नि :शुल्क इलाज मिल रहा है, जबकि आवास योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की मैकेनाइजेशन योजना के तहत एक लाभार्थी को ट्रैक्टर की चाबी और एक किसान को ड्रोन वितरित किया गया। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए गए। गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। संचालन जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला गन्ना अधिकारी धनीराम, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेंद्र पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



### ईंट भट्टे पर लेनदेन को लेकर विवाद में 11 लोग गिरफ्तार

संभल/ओबरी,अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव बिलालपत स्थित एक ईंट भट्टे पर रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शांति भंग की आशंका के चलते दोनों पक्षों के 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। ग्राम बिलालपत में मुख्तियार ब्रिक भट्टे पर दो पक्षों के बीच ईंट खरीद-फरोख्त के रुपयों को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद मामला बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया। विवाद की सूचना पुलिस को दी गई तो उपनिरीक्षक संजय कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर झगड़ा कर रहे लोगों को हिरासत में लेने का काम शुरु किया तो एक पक्ष से अनवर निवासी हरसिंहपुर व मोहम्मद नदीम निवासी बिलालपत जबकि दूसरे पक्ष के औरंगजेब, नूर मोहम्मद, मोहम्मद हसन, मोहम्मद जमाल, अहसान, मोहम्मद सुऐब, वसीम निवासी ग्राम रचैटा, मोहम्मद आलिम निवासी मुबारकपुर बंद तथा सुजाहत अली निवासी बिलालपत को पकड़ लिया। कोतवाल मोहित चौधरी ने बताया कि विवाद कर रहे 11 लोगों को शांति भंग की आशंका के चलते गिरफ्तार किया गया है।

**सराहनीय** पिता थे सेना में, 2019 में बीमारी से हो गया था निधन, आर्थिक तंगी के चलते स्कूल नहीं जा पाने वाले बच्चों के लिए शुरु की पहल

# आंगन में खोली मुफ्त पाठशाला, 35 बच्चों को दे रहीं शिक्षा

अमरपाल सिंह यादव, संभल/सौंधन


संभल के गांव में बच्चों को पढ़ाती रेखा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जहां चाह होती है, वहीं राह निकलती है। इस कहावत को संभल जनपद के गांव ततारपुर घोसी की बेटी रेखा ने साकार कर दिखाया है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने घर के छोटे से आंगन को गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए मुफ्त पाठशाला में बदल दिया है। आज यहां रोजाना 30 से 35 बच्चे पहुंचकर शिक्षा की रोशनी हासिल कर रहे हैं।

रेखा न केवल स्कूल जाने वाले बच्चों को निशुल्क ट्यूशन देती हैं, बल्कि उन बच्चों को भी पढ़ा रही हैं, जो आर्थिक तंगी या पारिवारिक परिस्थितियों के कारण कभी स्कूल नहीं जा पाए। खास बात यह है कि वह ऐसे बच्चों की पहचान खुद करती हैं, उनके घर जाती हैं, अभिभावकों को समझाती हैं और बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित कर अपने साथ लाती हैं। उनके इस प्रयास से कई बच्चों की जिंदगी में बदलाव आना शुरू हो गया है।

रेखा की अपनी जिंदगी भी संघर्षों से भरी रही है। उनके पिता दानवीर सिंह, जो सेना में कार्यरत थे, वर्ष 2019 में बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। इस घटना के बाद परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ गईं और रेखा की आगे की पढ़ाई रुक गई। हालांकि उन्होंने बीएड तक शिक्षा हासिल कर ली थी। वर्तमान में वह अपनी मां जमुना के साथ रहती हैं, जबकि उनके दो भाई भारत और भानु संभल में निजी नौकरी कर परिवार का सहयोग कर रहे हैं।रेखा बताती हैं कि गांव में कई बच्चे ऐसे थे, जो आर्थिक तंगी के चलते स्कूल नहीं जा पा रहे थे। वहीं, उनके पास खाली समय भी था। ऐसे में उन्होंने ठान लिया कि अगर उनकी खुद की पढ़ाई अधूरी रह गई है, तो वह दूसरों की पढ़ाई पूरी कराने में अपनी जिंदगी लगा देंगी। यही सोच आज एक मिशन बन चुकी है।

### शिक्षा ही नहीं कापी-किताब की भी मदद

रेखा जरूरतमंद बच्चों की हर संभव मदद करती हैं। जिन बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है या जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है, उनके लिए कॉपी, किताब, पेन और अन्य जरूरी सामग्री भी अपनी जेब से उपलब्ध कराती हैं। रेखा का मानना है कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे बच्चों का भविष्य बदला जा सकता है। इस कार्य में उनका परिवार भी पूरा सहयोग कर रहा है। जब कभी रेखा किसी काम से बाहर जाती हैं, तो उनकी भाभी सिखा देवी बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी संभालती हैं। इस तरह अब यह पहल पूरे परिवार का सामूहिक मिशन बन चुकी है।

### शिक्षा के साथ संस्कार भी देती हैं रेखा

पढ़ाई के साथ-साथ रेखा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दे रही हैं। वह उन्हें हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाने के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सिखाती हैं। 26 जनवरी और 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर वह अपने घर में छोटे-छोटे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों में देशभक्ति, अनुशासन और सामाजिक चेतना का संचार करती हैं। गांव के लोग भी अब रेखा के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं। उनकी यह पहल न केवल शिक्षा का प्रसार कर रही है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव भी रख रही है। रेखा ने अपने व्यक्तिगत संघर्ष को समाज की ताकत में बदलकर एक मिसाल कायम की है, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बन रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### टोल-फ्री नंबर 14447 पर फसल नुकसान की दें जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बारिश, आंधी या फिर अन्य किसी आपदा से फसल को नुकसान होता है तो किसान टोल-फ्री नंबर 14447 पर जानकारी दे सकते हैं। इसके अलावा क्राप-इन्श्योरेन्स एप और वाट्सएप नंबर 7065514447 के माध्यम से भी नुकसान की सूचना दी जा सकती है। जरूरत पड़ने पर मंडल और जिला स्तर पर तैनात उप कृषि निदेशक या जिला कृषि अधिकारी से भी संपर्क करके नुकसान के बारे में बता सकते हैं। राज्य कृषि विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत किसानों के लिए डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही किसान योजनाओं से संबंधित आधिकारिक जानकारी के लिए फसल बीमा पोर्टल पर भी लॉग-इन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में कृषि बीमा कंपनी के प्रतिनिधि भी तैनात हैं। किसान उनसे भी सीधे संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### छह जिलों में ईपीएफओ आज लगाएगा कैंप

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मंडल के छह जिलों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से 27 मार्च दिन शुक्रवार को निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम के तहत विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य निजी, संगठित और असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की पीएफ से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना है। लखनऊ में तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एन्कोर्डियोराइट इलेक्ट्रॉनिक प्रा. लि. में कैंप लगेगा। सीतापुर में सिविल लाइंस स्थित सीतापुर आई हॉस्पिटल ट्रस्ट में, लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी स्थित दून पब्लिक स्कूल में, बाराबंकी के नवाबगंज में भारत एल्युमिनियम एक्सट्रूजन प्रा. लि. में, हरदोई के विकास भवन स्थित मनरेगा सेल में और रायबरेली के बछरावां क्षेत्र में विसाका इंडस्ट्रीज में कैंप लगाया जाएगा।

### पंचायतीराज संगठन की नई कार्यकारिणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायत चुनाव 2026 को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण सत्ता पंचायतीराज संगठन, उप्र. ने अपनी नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न जिलों के सक्रिय ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों को प्रमुख जिम्मेदारियां दी गई हैं। अमरोहा की मनु यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भदोही के राजमणि पांडेय को महासचिव, कानपुर के विद्यासागर यादव और आजमगढ़ के मो. असलम खान को उपाध्यक्ष तथा राजेश कुमार निषाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा मो. इकबाल, अनिल कुमार जोशी, सपना चतुर्वेदी और दिनकर तिवारी को क्षेत्रीय सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने ज्योति यादव, अखिलेश कुमार, धनराज यादव, नीलमणि राजे, अमरून निशा और गीता वर्मा सहित अन्य पदों पर भी नियुक्तियां की हैं।

### केएमसी मेडिकल कॉलेज को मिले 9.75 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** असेवित जिला महराजगंज में पीपीपी मोड पर स्थापित केएमसी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को 9 करोड़ 75 लाख रुपये का भुगतान करने की स्वीकृति मिल गई है। संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र द्वारा आदेश 25 मार्च 2026 को जारी कर दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह प्रावधानित बजट, वर्ष 2025 के प्रथम बैच और दूसरे बैच के कुल 350 छात्र-छात्राओं के लिए कुल आठ करोड़ 75 लाख दिया जाएगा। इंटरेस्ट सब्सिडी एक लाख रुपये दी गई है।

## सीसीटीवी से गोआश्रय स्थलों में निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 5446 आश्रय स्थल 7592 कैमरों से जुड़े, 56 जिलों में कंट्रोल रूम सक्रिय

**अमृत विचार:** प्रदेश में गोवंश संरक्षण को तकनीक से जोड़ते हुए बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के 5446 गो-आश्रय स्थलों को सीसीटीवी निगरानी से जोड़ा गया है, जहां अब तक 7592 कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक आश्रय स्थल पर न्यूनतम पांच कैमरे लगाने का है।

सीसीटीवी व्यवस्था के माध्यम से अब गो-आश्रय स्थलों में खान-पान, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और सुरक्षा की 24 घंटे निगरानी संभव हो गई है। इससे किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो रही है और प्रशासनिक जवाबदेही भी मजबूत हुई है।

सरकार ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि सीसीटीवी कैमरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और खराबी होने पर तत्काल सुधार कराया जाए। साथ ही अधिकारियों को समय-समय पर स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने को कहा गया है।

### एकीकृत निगरानी तंत्र की दिशा में पहल

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार, वर्तमान में 56 जनपदों में कमांड एवं कंट्रोल रूम सक्रिय हैं, जहां से कैमरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। शेष 19 जनपदों में सीएसआर के माध्यम से जल्द कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे, जिससे पूरे प्रदेश में एक मजबूत और एकीकृत निगरानी तंत्र विकसित होगा।

## सम्राट अशोक को केशव मौर्य ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती के अवसर पर उन्हें विनम्र नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक महान ने अपने "धम्म" के दिव्य प्रकाश से पूरे युग को आलोकित किया। उनका जीवन त्याग, करुणा और लोककल्याण की भावना का अनुपम उदाहरण है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कलिंग युद्ध के उपरांत सम्राट अशोक का आत्मपरिवर्तन मानवता के इतिहास की एक अद्वितीय घटना है, जहां एक विजेता ने हिंसा का मार्ग त्यागकर करुणा, शांति और सेवा का पथ अपनाया।

## प्रोजेक्ट प्रवीण में एआई की एंट्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लाख छात्र-छात्राओं को मिलेगा तकनीकी प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्कूली शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। योगी सरकार ने 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल करते हुए कक्षा 9 से 12 तक के वोकेशनल प्रशिक्षण में 'एआई फॉर ऑल' कोर्स अनिवार्य कर दिया है। यह व्यवस्था आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी।

राज्य के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की इस पहल के तहत 1200 से अधिक सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों के करीब दो लाख छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। अब तक 210 घंटे के इस निःशुल्क कौशल कार्यक्रम में आईटी, हेल्थकेयर, ब्यूटी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता था, जिसमें अब 4 घंटे का एआई कोर्स भी जोड़ा गया है।

इस कोर्स के माध्यम से छात्रों को समस्या समाधान, रचनात्मक सोच, डेटा विश्लेषण और डिजिटल दक्षता जैसे आधुनिक कौशल सिखाए जाएंगे। साथ ही आईटी कस्टमर केयर, टेलरिंग, हेल्थकेयर और डिजिटल मित्र जैसे जॉब रोल्स के लिए एआई के कस्टमाइज्ड मॉड्यूल भी तैयार किए गए हैं, जिससे छात्र अपने क्षेत्र में इसके व्यावहारिक उपयोग को समझ सकें।

गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षकों के लिए भी 'एआई फॉर ऑल' कोर्स पूरा करना अनिवार्य किया गया है। 28 मार्च को इस संबंध में एक ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को तकनीकी जानकारी देंगे।

# तकनीक देती है विकास को गति : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का किया उद्घाटन, युवाओं को मिलेंगे अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- मुख्यमंत्री बोले-प्लग एंड प्ले मॉडल से स्टार्टअप को मिलेगा मजबूत प्लेटफॉर्म

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया के गोरखपुर सेंटर का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी विकास की गति को कई गुना बढ़ाकर उसे प्रगति में बदलने की क्षमता रखती है, इसलिए तकनीक से परहेज नहीं, बल्कि उसे अपनाना समय की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जिसे तकनीक और प्लेटफॉर्म से जोड़ने की जरूरत थी। पहले की सरकारों ने इस "स्केल" को "स्किल" में बदलने पर ध्यान नहीं दिया, जिससे युवा पलायन और निराशा का शिकार हुआ। अब सरकार युवाओं को टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप संस्कृति से जोड़कर उन्हें इंडस्ट्री रेडी बना रही है। योगी ने बताया कि यह सेंटर पूर्वी उत्तर प्रदेश के युवाओं को बड़ा अवसर देगा। यहां प्लग एंड प्ले मॉडल के तहत स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को जगह, बिजली और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि यह सेंटर युवाओं के सपनों को नई उड़ान देगा और उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा।



गोरखपुर : गीडा में निर्मित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के उद्घाटन के बाद हाईटेक ड्रोन का संचालन समझते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

### ग्रीन हाइड्रोजन और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर फोकस

मुख्यमंत्री ने बताया कि मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी औफ टेक्नोलाजी में ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा आईआईटी कानपुर, एसजीपीजीआई लखनऊ और अन्य संस्थानों के साथ मेडिटेक, एग्रीटेक और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में भी कार्य हो रहा है।

योगी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में गोरखपुर में करीब एक लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। गीडा क्षेत्र में 350 से अधिक उद्योग स्थापित हुए हैं, जिससे 50 हजार से अधिक रोजगार के अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टार्टअप और डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग का बड़ा हब बनकर उभर रहा है और गोरखपुर का यह सॉफ्टवेयर पार्क इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### जनता की हर समस्या का त्वरित समाधान करें अधिकारी : योगी

**जनता दर्शन**

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर प्रवास के दौरान गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की हर शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना होगा। जमीन कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गरीबों को उजाड़ने वालों को किसी भी हालत में बख्शा न जाए और उनकी संपत्ति पर उनका ही अधिकार सुनिश्चित किया जाए। पारिवारिक विवाद से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने पहले आपसी संवाद से समाधान निकालने और जरूरत पड़ने पर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जरूरतमंदों के इलाज का एस्टीमेट शीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराया जाए, ताकि सरकार तुरंत सहायता दे सके। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना के बाद गोशाला जाकर गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

## लापरवाह इंजीनियरों पर अप्रैल में गिरेगी गाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली कनेक्शन काटने से पहले बिल भरने के लिए उपभोक्ताओं से की जाएगी बात

**अमृत विचार:** पावर कारपोरेशन ने कुछ अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं के प्रति अब तक चली आ रही लापरवाही की परिपाटी को दूर करने के लिए सख्त कदम उठाने का फैसला लिया है। अब बिजली कनेक्शन काटने से पहले सक्षम अधिकारी को उपभोक्ता से बात करनी होगी। उसे बताना होगा कि कनेक्शन क्यों काटा जा रहा है। जितनी बिजली उपभोक्ता को देंगे, उतनी ही धनराशि का बिल लिया जाएगा। विभाग के लापरवाह अफसरों का डाटा तैयार किया जा रहा है। अप्रैल के पहले सप्ताह में प्रदेश भर के लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी।

मुताबिक, पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अब सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने वीसी के माध्यम से सभी विद्युत वितरण निगमों के आला अफसरों से सख्त हिदायत दी है। कहा है कि ऐसे अधिकारी जिनका कार्य विभाग के नियमों के खिलाफ है, राजस्व वसूली के मापदंडों पर जो अत्यंत पीछे हैं, साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतें हैं। ऐसे अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और अवर अभियन्ताओं को चिन्हित किया जा रहा है। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में समीक्षा के बाद उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### प्रीपेड मीटर उपभोक्ता का करें सहयोग

उन्होंने कहा कि बिजली बिल राहत योजना में पंजीकरण के बाद भी जो उपभोक्ता अपनी किस्तें जमा नहीं कर रहे हैं, उनसे सम्पर्क करके पैसा जमा कराया जाये। स्मार्ट मीटर के ऐसे कनेक्शन जो निगेटिव बैलेन्स के कारण स्वतः कट गये हैं। उपभोक्ता ने रिचार्ज करा लिया है, वह तुरन्त जुड़ जायें। यदि कोई परेशानी है तो उनका पूरा सहयोग करके उनकी समस्याओं का निराकरण हो।

### अपंजीकृत परियोजनाओं के खरीदारों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने सामान्य विनियम 2019 में 10वां संशोधन करके नये नियम 25 मार्च 2026 से लागू कर दिए हैं। इससे अपंजीकृत परियोजनाओं के घर खरीदारों को बड़ी राहत मिलेगी। प्रदेश में लंबे समय से यह संदेह बना हुआ था कि जो परियोजनाएं रेरा में पंजीकृत नहीं हैं, उनके आवंटी क्या रेरा प्राधिकरण से राहत मांग सकते हैं और उन्हें रेरा अधिनियम के अंतर्गत कौन-सी राहत मिल सकती है। अब संशोधन के माध्यम से प्रावधानों को पूरी तरह स्पष्ट कर दिया गया है। जो घर खरीदारों को बड़ी राहत देंगे। नए विनियमों में अपंजीकृत परियोजनाओं के आवंटियों की शिकायतें प्राधिकरण की पीठों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुनी जाएंगी। संबंधित परियोजना को अधिनियम की धारा-3 और यूपी रेरा नियमावली के नियम-2(1)(h) के तहत पंजीकरण से छूट प्राप्त है या नहीं, इस प्रश्न पर निर्णय लेने के बाद, यदि कोई राहत देय होगी तो वह प्रदान की जाएगी।

## 200 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फर्जी फर्मों के जरिये जीएसटी चोरी का है आरोप
- अलीगढ़ के सिविल लाइंस थाने में दर्ज है रिपोर्ट, गुजरात से दबोचा



मो. अल्ताफ

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने फर्जी फर्मों के जरिए बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए उसके एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। गिरोह पर करीब 200 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का आरोप है। इस संबंध में अलीगढ़ के सिविल लाइन्स थाने में पहले से मुकदमा दर्ज है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी प्रमेश कुमार शुक्ला के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अल्ताफ सोजतवाला अहमदाबाद (गुजरात) का निवासी है, जिसे गुजरात के गायकवाड़ हवेली थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। उसके पास से लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, पेन ड्राइव और नकदी बरामद हुई है। जांच में सामने आया कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कंपनियां पंजीकृत कराता था। इन फर्मों के जरिए फर्जी इनवॉइस और ई-वे बिल बनाकर व्यापारियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दिलाया जाता था, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान होता था।

गिरोह कमीशन के लालच में लोगों के दस्तावेज जुटाकर फर्जी कंपनियां खोलता और बैंक खातों के जरिए लेनदेन दिखाकर रकम वापस कर देता था। गिरोह कई राज्यों में सक्रिय था। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## विद्युत विभाग के संविदा कर्मियों की छंटनी रोकने की मांग, सीएम को भेजा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पावर कॉरपोरेशन में संविदा कर्मियों की छंटनी रोकने की मांग की है। समिति का कहना है कि संविदा कर्मी इन दिनों असुरक्षा के माहौल में काम कर रहे हैं, जबकि उन्होंने ईद और नवरात्र जैसे त्योहारों में भी बिजली आपूर्ति बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर बताया कि प्रदेशभर में हजारों कर्मियों को हटाया जा चुका है। लखनऊ में हाल ही में 647 कर्मियों की सेवाएं समाप्त की गईं, जबकि 1 अप्रैल से 326 और कर्मियों को हटाने का नोटिस जारी हुआ है।

समिति ने आरोप लगाया कि सरकार आउटसोर्स निगम के जरिए बेहतर मानदेय की बात कर रही है, लेकिन पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन इसके विपरीत कदम उठा रहा है और खुद को इससे अलग रखने की कोशिश कर रहा है।

साथ ही, रामनवमी पर घोषित अवकाश को रद्द कर कर्मियों को ड्यूटी पर बुलाने से भी असंतोष बढ़ा है। समिति ने छंटनी पर तत्काल रोक और सेवा सुरक्षा की मांग की है।

## ट्रक चोरी कर बेचने वाले गिरोह का खुलासा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ ने कौशांबी से एक आरोपी को दबोचा, ट्रक बरामद



आरोपी कासिम

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ ने ट्रकों को चोरी कर उनके चेचिस नंबर व नंबर प्लेट बदलकर जाली कागज तैयार कर बेचने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह के एक सदस्य को बुधवार देर शाम को कौशांबी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी गिरोह का सरगना बताया जा रहा है। आरोपी के पास से 12 फर्जी नंबर प्लेट, दो मोबाइल, एक 16 चक्का ट्रक, एक बिना नंबर का महिंद्रा 6 चक्का वाहन व छह फर्जी रजिस्ट्रेशन पेपर बरामद हुआ है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेश प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी कासिम अहमद प्रयागराज के पुरामुफ्ती स्थित मरियाडीह का रहने वाला है। उसे कोखराज इलाके से गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि यह गिरोह अन्य राज्यों से कबाड़ हो चुके ट्रकों के कागजात तैयार कर चोरी की ट्रकों का चेचिस नम्बर बदल देता था। इसके बाद फर्जी रजिस्ट्रेशन बनवाकर वाहनों को दूसरे राज्यों में बेच दिया जाता था। इस काम में गिरोह के अन्य सदस्य मो. तारिक और आरटीओ एजेंट अनिल तिवारी की भूमिका भी सामने आई है।

## शारदा बैराज में बनेगी 'टेंट सिटी'

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखीमपुर खीरी स्थित शारदा बैराज को पर्यटन के नए केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। उप्र. ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड यहां 2.67 एकड़ क्षेत्र में निजी सहभागिता से 'टेंट सिटी' विकसित करेगा, जिसके लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्राम कोठिया के पास बनने वाली यह टेंट सिटी 'एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित की जाएगी। इसका उद्देश्य पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण में ठहरने के साथ वेलनेस सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह क्षेत्र दुधवा नेशनल पार्क और कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य के बीच स्थित है।

**बढ़ते कदम** — कृषि से उद्योग तक होगा व्यापक असर, एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी को मिलेगी रफ्तार

# यूपी की अर्थव्यवस्था का गेमचेंजर बनेगा जेवर एयरपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनेगा रोजगार, निवेश व वैश्विक कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र

**अमृत विचार:** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए एक निर्णायक परियोजना के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 मार्च को इसके शुभारंभ के साथ ही यह परियोजना राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को नई गति देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप विकसित यह एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ने का माध्यम बनेगा।

करीब 7 करोड़ यात्रियों की वार्षिक क्षमता और 10 लाख टन कार्गो हैंडलिंग के साथ यह एयरपोर्ट कृषि उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे किसानों की आय में 20–30% तक वृद्धि संभव है। "फार्म-टू-ग्लोबल मार्केट" मॉडल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे फल, सब्जी और डेयरी उत्पादों का निर्यात आसान होगा।



एयरपोर्ट से शुरुआती वर्षों में 50 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और लाखों अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। एमएसएमई, लॉजिस्टिक्स, होटल, पर्यटन और एविएशन सेक्टर में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। बेहतर मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी के कारण लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और निर्यात बढ़ेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और टेक्सटाइल जैसे सेक्टर तेजी से विकसित होंगे। यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र एक बड़े इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभरेगा।

### जीडीपी और वैश्विक पहचान को मजबूती

विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्ण क्षमता पर संचालन के बाद यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की जीडीपी में 1% से अधिक वृद्धि में योगदान दे सकता है। साथ ही, यह परियोजना प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाएगी।

### एविएशन हब बनने की दिशा में कदम

पांच रनवे की प्रस्तावित क्षमता के साथ जेवर एयरपोर्ट भविष्य में देश का सबसे बड़ा मल्टी-मोडल एविएशन हब बन सकता है। यह दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर दबाव कम करते हुए एशिया-यूरोप के बीच एक अहम ट्रांजिट केंद्र बनने की क्षमता रखता है। यह मेगा प्रोजेक्ट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर, बल्कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक भविष्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला स्ट्रैटेजिक गेमचेंजर साबित हो सकता है।

## रिवरफ्रंट पर लगाएंगे सम्राट अशोक की प्रतिमा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा सम्राट अशोक मौर्य की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जयंती मनाई गई। पार्टी मुख्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने घोषणा की कि 2027 में सरकार बनने पर गोमती रिवरफ्रंट पर सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सपा प्रमुख ने सम्राट अशोक को महान शासक बताते हुए कहा कि उन्होंने विश्व को शांति और सद्भाव का संदेश दिया। इस मौके पर पार्टी के राजेन्द्र चौधरी, श्याम लाल पाल सहित कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

## कांग्रेस पार्टी तीन सूत्रीय फार्मूले पर देगी टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मिशन-2027 के लिए शुरू की बूथ स्तर तक तैयारी

**अमृत विचार:** कांग्रेस ने मिशन-2027 के लिए गंभीरता से तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक ओर जहां बूथ स्तर पर संविधान सेनानियों को तैनात किया जा रहा है, वहीं गांव से शहर तक संगठन को मजबूत करने के कार्य ने तेजी पकड़ ली है। कांग्रेस ने टिकट वितरण के लिए तीन सूत्रीय फार्मूला बना दिया है। इसके तहत जो भी कार्यकर्ता सक्रियता, सहभागिता और संपर्क के फार्मूले पर सफल रहेंगे, उन्हें ही टिकट देने को हरी झंडी दी जाएगी। पार्टी ने इसी फार्मूले पर अंदरखाने दावेदारों की तलाश भी शुरू कर दी है।

कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि तैयारी के तौर पर प्रदेश भर में सृजन अभियान के तहत कमेटियां बनाई गई हैं। साथ ही पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ताओं को संविधान सेनानी बनााया गया है। यह लोग बूथ स्तर पर संविधान के तहत लोगों को न्याय और विकास योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल पार्टी प्रदेश की सभी 403 विधान सभा सीटों पर तैयारी कर रही है। लेकिन यदि गठबंधन हुआ तो उसका पार्टी गंभीरता से पालन करेगी।



कलियुग में रहना है या सतयुग में, यह हमें खुद चुनना चाहिए, हमारा युग हमारे पास ही है।
-आचार्य विनोबा भावे, संत

## दूरगामी ऊर्जा रणनीति

देश के शहरी और कस्बाई घरों में स्वच्छ ईंधन की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से जारी 'पेट्रोलियम वितरण आदेश अधिसूचना 2026' के तहत पाइप्ड नेचुरल गैस यानी पीएनजी को लेकर सरकार का नया रुख तत्काल और दूरगामी दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण संकेत देता है। मौजूदा समय में एलपीजी सिलेंडरों की कीमत, आपूर्ति की अनिश्चितता तथा वैश्विक ऊर्जा संकट के दबाव के बीच यह कदम घरेलू ईंधन की समस्या पर आंशिक राहत दे सकता है। तात्कालिक प्रभाव के रूप में यह आदेश शहरों में पीएनजी कनेक्शन की प्रक्रिया को सरल, तेज और अपेक्षाकृत सस्ता बनाने की दिशा में मदद करेगा। इससे उन क्षेत्रों में, जहां पाइपलाइन नेटवर्क पहले से मौजूद है, एलपीजी पर निर्भरता कम करने का सहज विकल्प मिलेगा।

पीएनजी औसतन 25 से 30 प्रतिशत सस्ती और अधिक सुरक्षित मानी जाती है, इसलिए मध्यमवर्गीय परिवारों को इसका तुरंत लाभ मिल सकता है। अधिसूचना 2026 के तहत पाइपलाइन बिछाने, एलएनजी यानी लिक्विफाइड नेचुरल गैस को पीएनजी में परिवर्तित करने के संयंत्र, वितरण लाइसेंसिंग और निजी-सरकारी साझेदारी को अधिक सुव्यवस्थित किया गया है। एकल-विंडो क्लियरेंस, भूमि अधिग्रहण में सहूलियत और शहरी स्थानीय निकायों के साथ समन्वय जैसे प्रावधान इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित कर सकते हैं। यह घरेलू ईंधन में गैस की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत तक बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगा, हालांकि अवसंरचना के विस्तार में चुनौती रहेगी। देश के अधिकांश हिस्सों में पाइपलाइन नेटवर्क सीमित है। इसके पीछे भूमि अधिग्रहण की जटिलताएं, पर्यावरणीय मंजूरियां, ऊंची लागत और राज्यों के बीच समन्वय की कमी प्रमुख कारण हैं। पाइपलाइन बिछाना केवल तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि प्रशासनिक और सामाजिक सहमति का भी प्रश्न है। दिलचस्प यह है कि जहां पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां भी प्रारंभिक कनेक्शन लागत, जागरूकता की कमी और एलपीजी की सरकारी सब्सिडी के चलते कई उपभोक्ता पीएनजी नहीं अपनाते। इसी कारण एक ओर सरकार पीएनजी को बढ़ावा देती है, दूसरी ओर उज्ज्वला योजना और मुफ्त सिलेंडरों की घोषणा करती है। यह ऊर्जा संक्रमण की एक 'हाइब्रिड रणनीति' है, जहां गरीब तबके के लिए एलपीजी सुरक्षा कवच है, जबकि शहरी क्षेत्रों में पीएनजी को प्रोत्साहन देना जरूरी। सरकार का लक्ष्य 2034 तक पीएनजी कनेक्शन को दो करोड़ से बढ़ाकर 13 करोड़ करना है, लेकिन मौजूदा अवसंरचना विस्तार की गति, गैस की उपलब्धता और निवेश के स्तर को देखते हुए यह लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है। भारत अपनी गैस आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में खपत बढ़ने का अर्थ आयात निर्भरता का और बढ़ना है। पश्चिम एशिया में अस्थिरता भारत की आपूर्ति श्रृंखला के लिए जोखिम पैदा करती है। ऐसे में अमेरिका, रूस और मोजाम्बिक जैसे वैकल्पिक स्रोतों से एलएनजी आयात बढ़ाना अनिवार्य होगा।

कुल मिलाकर यह प्रयास परिस्थितिजन्य प्रतिक्रिया नहीं, एक दीर्घकालिक ऊर्जा रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। नीतिगत निरंतरता, निवेश और क्रियान्वयन में गति बनी रही, तो पीएनजी भारत के ऊर्जा परिदृश्य में एक निर्णायक बदलाव ला सकती है।

### प्रसंगवश

## मर्यादा, करुणा और धर्म के दिव्य प्रतीक प्रभु श्रीराम

'पिता दीन्ह मोहि कानन राजू', ऐसा कहकर पिता का बचाव करने का साहस केवल राम जैसा पुत्र ही दिखा सकता है। पिता दशरथ की वचनबद्धता की विवशता को समझते हुए, जिस तरह से प्रभु राम ने माता कौशल्या के सामने उनका बचाव किया, वह किसकी आंखों में आंसू नहीं ला देगा? पिता दशरथ की बेचैनी और बेबसी को अपनी मुस्कुराहट से धूमिल करने का यत्न जो श्रीराम के जीवन दर्शन में देखने को मिला, उसने पुत्र धर्म की उत्कृष्टता की गाढ़ी लकीर ही खींच दी। धर्म और वात्सल्य के बीच फंसी कौशल्या को जिन-जिन तर्कों से प्रभु ने हल्का किया वह देखने योग्य है।

एक पुत्र का यही धर्म है कि वह अपने मां-बाप को असमंजस में न रहने दे। पुत्र रूप में प्रभु श्रीराम ने यह बखूबी करके दिखाया है। श्रीराम ने अपने जीवन में तमाम मुश्किलों का सामना किया, लेकिन अपने स्वाभाविक चरित्र में वे हमेशा अवस्थित रहे। मर्यादाओं की राह



रमा निवास तिवारी
लेखक

पर जीवन भर चलते रहकर मर्यादा पुरुषोत्तम हो गए। जीवन जीने की अद्भुत कला उनके जीवन प्रसंगों से सीखी जा सकती है। जिंदगी सुख और दुख दोनों अवसरों को दिखाती है। सुख पाकर मनुष्य अतिप्रसन्नता में और दुख पाकर विषाद में अपनी सहजता और निजता से कहीं दूर जाकर अपने सहज स्वभाव से विचलित हो जाता है।

प्रभु श्रीराम के स्वभाव का यही वैशिष्ट्य है कि सुख और दुख में समता का पुट बना ही रहा। आज वे जगतपूज्य हैं, तो उसके पीछे यही कारण है कि लोग उनके स्वभाव और चरित्र के पुजारी हैं। माता, पिता, गुरु, शिष्य, भाई आदि तमाम संबंधों को मर्यादा के साथ उन्होंने जिया है। उनके जीवन की प्रत्येक घटना समाज के लिए प्रेरक हैं। वर्तमान में सामाजिक सौहार्द और पारिवारिक मधुरता का जो लोप दृष्टिगोचर होता दिख रहा है, उसकी पुनर्स्थापना केवल और केवल श्रीराम के चरित्रों को आत्मसात करके ही संभव दिखाई देता है।

भाई-भाई में झगड़े आज की कड़वी हकीकत है। अधिकतर विवाद संपत्ति के बंटवारे को लेकर ही चलते दिखाई देते हैं। थोड़ी-थोड़ी जमीन और संपत्ति की खातिर नौबत हिंसा और अदालतों तक जा पहुंचती है, लेकिन प्रभु श्रीराम ने तो भाई भरत को अयोध्या की गद्दी हंसते हंसते सौप दी थी। जिन राम को राजतिलक देने की तैयारी चल रही थी, उन्हें अगले ही दिन वनवासी होना पड़ा हो तो कितना कष्ट हुआ होगा, लेकिन बावजूद इसके उनके चेहरे पर खिन्नता की लेशमात्र भी उपस्थिति न दिखी।

गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीराम चरित मानस में यह वर्णन किया है कि जिनकी श्वास प्रति श्वास में वेद के मंत्रों उनकी ऋचाओं का स्पंदन सहज ही होता था, ऐसे अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक प्रभु श्रीराम गुरु के आश्रम में विद्याध्ययन करने जाते हैं। ऐसा करके वह जगत के लोगों को मानो यह उपदेश देते हैं कि विद्या प्राप्त करने के लिए गुरु चरणों में निमग्न होने की आवश्यकता है। साथ ही शीलता और विनम्रता के गुणों को धारण करके अकिंचन सी स्थिति में जब व्यक्ति गुरुचरणों में बैठेगा, तो गुरु कृपा का वर्षण होने में देर नहीं होगी। जगतपति जब गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र के अंगुल्यानिर्देश पर चलता है, तो कदाचित हम संसारियों को यह शिक्षा देना चाहता होगा कि ज्ञान, विज्ञान से लबालब भरे होने के बावजूद भी गुरु के लखाए मार्ग का अनुसरण ही कल्याणकारी होता है। प्रभु श्री राम ने जिंदगी भर विपत्तियों का सामना किया, किंतु अंदर की प्रसन्नता हमेशा बनाए रखी, इसीलिए कष्ट के क्षणों में लोग हे राम या हाय राम कहकर प्रभु श्रीराम का स्मरण करते हैं, जिससे उन्हें संबल प्राप्त होता है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## मध्य-पूर्व संघर्ष के बीच भी भारत की ग्रोथ रेट बेहतर





विवेक सक्सेना
अयोध्या

मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के बीच कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। ग्रोथ रेट धीमी हो गई है, लेकिन भारत की आर्थिक रफ्तार जारी है। एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

एसएंडपी ग्लोबल की नवीनतम रिपोर्ट में भारत की जीडीपी वृद्धि दर को वित्त वर्ष 2027 के लिए 7.1% तक रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछली रिपोर्टों से अधिक है। जबकि वित्त वर्ष 2025-26 में यह 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मजबूत निजी खपत, निजी निवेश में मध्यम सुधार और ठोस निर्यात इसके मुख्य चालक होंगे। यह साबित करता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बाहरी झटकों के बावजूद अपनी मजबूती बनाए हुए है। यह रिपोर्ट न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी संकेत देती है कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के बीच कई देशों की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। ग्रोथ रेट धीमी हो गई है, लेकिन भारत रफ्तार के साथ भाग रहा है। अगले वित्त वर्ष भी यही रफ्तार जारी रहेगी। ऐसा वैश्विक रेटिंग एजेंसी (एसएंडपी ग्लोबल) की रिपोर्ट कह रही है। एसएंडपी ग्लोबल ने वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 40 बेसिस पॉइंट्स बढ़ाकर 7.1% कर दिया है। एजेंसी ने 2025-26 के वृद्धि अनुमान को 0.4 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत और 2026-27 के लिए 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है। यह वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद देश की आर्थिक गति पर उसके भरोसे का संकेत है। ये अनुमान कहीं न कहीं भारत की ताकत को भी दर्शा रहे हैं।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार प्राइवेट कंजंप्शन, निवेश एवं एक्सपोर्ट ग्रोथ के सबसे बड़े ट्रिगर रहेंगे। एशियाई सेक्टर पर हर तिमाही में जारी की जाने वाली इकोनॉमिक कमेंट्री में एसएंडपी ने कहा कि नए भू-राजनीतिक तनाव और लगातार बने व्यापार संबंधी अनिश्चितता के जोखिम से भारत पर वस्तु कीमतों, व्यापार मात्रा एवं कैपिटल फ्लो में उतार-चढ़ाव के चलते असर पड़ सकता है। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी युद्ध के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था की रफ्तार अब तक इससे ज्यादा बाधित नहीं हुई है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अपने अनुमानों को भी बेहतर किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से घरेलू मांग और सेवाओं पर आधारित है, जो इसे वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल से सुरक्षा प्रदान करती है, हालांकि रिपोर्ट में सकारात्मक बातें हैं, लेकिन यह तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक तनावों से जुड़े जोखिमों के प्रति आगाह भी करती है, हालांकॉ एसएंडपी ने ईंधन की बढ़ती कीमतों और कच्चे तेल के ऊंचे स्तरों से पैदा होने वाले उभरते जोखिमों की ओर इशारा किया है, जो महंगाई को और बढ़ा सकते हैं। अगर कच्चे तेल में तेजी जारी रही, तो इसका सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 26 में 2.5% से बढ़कर वित्त वर्ष 27 में 4.3% तक पहुंचने का अनुमान है, जो इन दबावों को दर्शाता है। एजेंसी ने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया है, जिसका अर्थ है कि सरकार को अपने खर्चों और राजस्व के बीच संतुलन बनाए रखने की जरूरत है।

एक तरफ जहां एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ा दिया है, वहीं दूसरी ओर मूडीज एनालिटिक्स ने चेतावनी दी है कि अगर मध्य-पूर्व में चल रहा संघर्ष जारी रहता है, तो भारत को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे बड़े आर्थिक झटकों में से एक का सामना करना पड़ सकता है। इस संघर्ष भारत का उत्पादन अपने मूल अनुमानित स्तर से लगभग चार फीसदी तक गिर सकता है। मूडीज एनालिटिक्स की रिपोर्ट भारत को इस क्षेत्र की सबसे सबसे ज्यादा जोखिम वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक मानती है। इसमें दक्षिण कोरिया और चीन भी शामिल है। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच तनावों के कारण ऊर्जा की आपूर्ति बाधित होने और कमोडिटी की कीमतें बढ़ने का खतरा है।

एजेंसी का अनुमान है कि भारतीय रिजर्व बैंक फिलहाल नीतिगत दरों को स्थिर रखेगा और रुख 'न्यूट्रल' बनाए रखेगा। पश्चिम एशिया का संघर्ष एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं पर असर डालेगा, क्योंकि इनमें से कई देश ऊर्जा के बड़े आयातक हैं और पश्चिम एशिया की आपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर हैं। ऊंची ऊर्जा कीमतें खर्च करने की शक्ति को कम करती हैं और घरेलू मांग को कमजोर करती हैं। भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में ऊंची कीमतों के कारण सब्सिडी पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है, जिससे वित्तीय स्थिति पर दबाव बढ़ेगा।

रेटिंग एजेंसी का कहना है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था घरेलू मांग, सार्वजनिक बुनियादी ढांचा निवेश और निजी क्षेत्र के निवेश चक्र के विस्तार से समर्थित रहेगी, हालांकि भू-राजनीतिक संघर्ष, प्रौद्योगिकी-आधारित व्यवधान, सार्वजनिक ऋण स्तर और जलवायु जोखिमों पर करीबी नजर रखने की जरूरत होगी। भारत में ऊर्जा कीमतों से उत्पन्न होने वाली महंगाई के आकलन के बाद आरबीआई नीतिगत सख्ती कर सकता है। एसएंडपी के अनुसार, ऐसी स्थिति में वर्ष की दूसरी छमाही में ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जा सकती है।

सरकार की अवसंरचना, प्रौद्योगिकी अपनाने, कौशल विकास और बाजार पहुंच को बढ़ाने की रणनीति के कारण भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा भी बेहतर हो रही है। वित्त वर्ष 2031 तक निर्यात के लगभग 80 लाख करोड़ रुपये तक दोगुना होने की उम्मीग है। निर्यात को वैश्विक मांग, सेवाओं के मजबूत निर्यात और हाल ही में हुए व्यापार समझौतों से मिलने वाले अवसरों से समर्थन मिलेगा। औद्योगिक पूंजीगत खर्च में तेजी आने का अनुमान है। औद्योगिक जगत में तेजी आने की संभावना है, क्योंकि निवेश चक्र सार्वजनिक अवसंरचना से आगे बढ़कर विनिर्माण और नए क्षेत्रों तक फैल रहा है।

### आमने सामने



भाजपाइयों को सोते-जागते सिर्फ पीडीए ही सुनाई और दिखाई देता है। लोकसभा में हार की हताशा और आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के डर से ये पीडीए का नाम सुनते ही कांपने लगे हैं।
**-अखिलेश यादव**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी



पीडीए का राग अलापने वाले सपाइयों को सच सुनने की आदत डालनी चाहिए। सपा का तथाकथित पीडीए सामाजिक न्याय का अभियान नहीं, बल्कि परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। इसका मकसद सिर्फ एक परिवार के राजनीतिक हितों और वंशवादी राजनीति को आगे बढ़ाना है।
**-पंकज चौधरी**
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा

## पड़ोसी नेपाल में 'उम्मीदों की बालेन सरकार'



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना यद्यपि आसान नहीं है, लेकिन नई सरकार यदि 50 फीसदी ही जनता की अपेक्षा पर खरा उतर पाई, तो यह बड़ी कामयाबी होगी।

नेपाल में आज 27 मार्च को गठन होने जा रही नई सरकार को लेकर नेपाली जनता में उत्सुकता का माहौल है। इसी के साथ हर वर्ग में आशा और विश्वास भी है। चारों ओर चर्चा है कि अब नेपाल को परिवर्तन की अनुभूति होगी। मायूसी और निराशा के बादल छटेंगे। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल, नवनियुक्त प्रधानमंत्री और मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराएंगे। काठमांडू में जगह जगह बालेन शाह, रवि लामी छाने और सुडान गुरुंग के पोस्टर लगाए गए हैं। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नई सरकार को सत्ता सौंपने की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री और मंत्रियों के शपथ से पहले 26 मार्च को सभी सांसदों का शपथ ग्रहण होगा।

नेपाल करीब 400 सालों तक राजशाही के अधीन था। पृथ्वी नारायण शाह को नेपाल का जनक माना जाता है। राजशाही से मुक्ति के लिए राजनीतिक दलों ने यदा-कदा आंदोलन जरूर चलाया, लेकिन इसमें कामयाबी 2008 में जनयुद्ध नाम से चले हिंसक आंदोलन के बाद मिली। माओइस्ट नेता प्रचंड और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में सालों साल चले इस आंदोलन में करीब पांच हजार लोग मारे गए। राजा समर्थक राजनेताओं और जमींदारों के घर जलाए गए, उनकी हत्याएं की गई। इस भारी खून-खराबा से घबराए तत्कालीन नरेश ज्ञानेंद्र ने सत्ता त्यागने की घोषणा की। कहना न होगा नेपाल को लोकतंत्र के सूर्योदय के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी।

2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव में अपूर्ण बहुमत के बावजूद प्रचंड प्रधानमंत्री बने, लेकिन नौ माह बाद ही उन्हें सत्ता छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। 2026 में संपन्न हुए चुनाव तक नेपाल को अस्थिर और गठबंधन सरकार का बोझ ढोने को मजबूर होना पड़ा। इस दौरान करीब 13 प्रधानमंत्री आए-गए, लेकिन नेपाल जस का तस रहा। भ्रष्टाचार इस स्तर तक चरम पर पहुंच गया कि सत्ता और विपक्ष के शीर्ष नेताओं तक के हाथ इसमें सने हुए मिले। नेपाली जनता खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगी। केपी शर्मा ओली अंतिम प्रधानमंत्री साबित हुए, जिसे दुनिया ने देखा कि किस तरह जेन जी आंदोलनकारियों ने भारी अपमान के बीच सत्ता छोड़ने को मजबूर किया। इसके अलावा अन्य दूसरी पार्टियों के वरिष्ठ नेता भी किस कदर खेत-खेत भागकर अपनी जान बचा पाए, यह भी दुनिया ने देखा।

किसी सरकार के प्रति जनता जब गुस्सा होती है, तो उसका क्या हश्र होता है, नेपाली जनता ने यह कर दिखाया, बहरहाल उसके बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। फिर छः महीने बाद चुनाव हुए और इस चुनाव में सर्वथा पहली बार नेपाल को पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब हुई, दरअसल नेपाली जनता को राजशाही से असल मुक्ति अब महसूस हुई, लेकिन अनुभूति होना अभी बाकी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी यानी जिस पार्टी की सरकार सत्तारूढ़ होने जा रही है, उससे जनता को बहुत ज्यादा उम्मीदें है। इन उम्मीदों पर खरा उतरना यद्यपि आसान नहीं है, लेकिन नई सरकार यदि पचास प्रतिशत ही जनता की अपेक्षा पर खरा उतर पाई तो यह बड़ी कामयाबी होगी।

नई सरकार का मुखिया बालेन शाह का ही बनना तय है। इस पद को लेकर चल रही कयासबाजी और शंका-आशंका सब निर्मूल हैं। बालेन मंत्रिमंडल में फिलहाल उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने होंगे। जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग का भी मंत्री बनना तय माना जा रहा है। तराई, जो सरकार में अहम भागीदारी से अछूता रह जाता रहा है, यहां से भी कम से कम चार मंत्री होंगे। काफी संभावना है, भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले से सांसद चुने गए पूर्व पुलिस अधिकारी विक्रम सिंह थापा को बालेन शाह सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय मिल सकता है। विक्रम सिंह थापा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से सांसद चुने गए हैं। बालेन मंत्रिमंडल में क्षेत्र और जाति संतुलन पर विशेष ध्यान होगा। बालेन मंत्रिमंडल में अपेक्षाकृत युवा चेहरे भी होंगे।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म अभी पिछले चुनाव में ही हुआ है। पहली मर्तबा चुनाव में उतरी इस पार्टी को 20 सीटें हासिल हुईं थीं। इस बार के चुनाव में इस पार्टी की सुनामी थी, जिसमें पुरानी पार्टियों के सारे धुरंधर धराशाई हो गए। देखा जाए तो नेपाल के लोकतांत्रिक इतिहास में सर्वथा पहली बार किसी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। बालेन सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर नेपाल के पड़ोसी देशों में भी उत्सुकता देखी जा रही है। अपेक्षाकृत राजनीतिक रूप से बिल्कुल ही अपरिपक्व बालेन सरकार नेपाल के लिए क्या कुछ कर पाती है, यह देखना दिलचस्प होगा।

प्रधानमंत्री बनने जा रहे बालेन शाह को कुछ साल तक महज एक नगर निगम को चलाने का अनुभव है, जबकि संभावित गृहमंत्री रवि लामी छाने ओली सरकार में कुछ माह तक गृहमंत्री रहे हैं। अपेक्षाकृत कम अनुभवी इस सरकार के कामकाज के तरीकों, विदेश नीति, पड़ोसी देशों से रिश्ते को लेकर नेपाल से मोहब्बत करने वाले देशों में भारी उत्सुकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## युद्ध व बाजार के बीच जीवन

आज से 40 या 50 साल पहले ऐसे युद्धों से भारत की जनता को कोई खास फ़र्क नहीं पड़ता था.. और महज़ 100 साल पहले तो लोगों को पता भी नहीं चलता था कि उनके गांव से दूर, दूसरी दुनिया में क्या हो रहा है और चाहे डीज़ल और एलपीजी के जहाज़ आएं या न आएं, सबकी ज़िंदगी वैसे ही चलती थी, जैसी चल रही थी। किसान अपने



सिद्धार्थ ताबिश
ब्लॉगर

खेतों और बारिश पर निर्भर था न कि बिजली और डीज़ल पर। लोगों का जीवन प्रकृति पर निर्भर था।

आज हम मनुष्यों की तरक्की दरअसल हवा का एक बुलबुला है। पूरी तरह से बाज़ार और साम्राज्यवाद पर निर्भर जीवन को हम मनुष्य तरक्की बोलते हैं और फिर चाहे कितने बड़े साहित्यकार हों या लेखक या कितने भी बड़े आधुनिक दार्शनिक, ये सब इसी तरक्की के गुण गाते फिरते हैं।

दिल्ली, मुंबई और इस जैसे तमाम शहर पूरी तरह से अप्राकृतिक हैं और गुलामों की बस्तियां हैं। ठीक वैसे, जैसे मिस्र के पिरामिड के समय सालों तक गुलामों की बस्तियां पिरामिड के पास बनी रहती थीं। दिल्ली में बिजली भेजने वाले अगर किसी संयंत्र पर हमला हो जाए और मात्र दस दिनों के लिए ही बिजली बंद हो जाए, तो आपके जो करोड़ों के घर हैं, वहां आपको पानी तक नहीं मिलेगा और कुछ ही दिनों में हजारों जाने चली जाएंगी। ये आपकी तरक्की का बुलबुला है। आप कितनी भी बड़ी कंपनी में नौकरी कर रहे हैं, कितने भी पैसे कमा रहे हैं, कितने भी ऐश से रह रहे हैं, आपकी नस्लें बिना बिजली और एलपीजी के विलुप्त हो जाएंगी और अंत में बचेंगे सिर्फ़ वो जो आपकी 'तरक्की' के पैमानों पर निर्भर नहीं होते हैं।

हमारे लिए अभी सवेरा है। हमेशा ऐसा विकल्प ले कर चलिए, जहां आप और आपकी नस्लें प्राकृतिक रूप से जीवन जी सकें। पचासों हज़ार और लाखों की ईएमआई भरते रहते हैं आप इन दिल्ली और मुंबई के 'कूड़ा' जैसे घरों के लिए और आप उसी में से जोड़कर दो चार बीघे खेत कहीं दूर गांव में नहीं खरीदते हैं, जबकि इन बेकार के घरों के मुकाबले खेत खरीदना कहीं आसान और सस्ता होता है।

सिर्फ़ खेत मत खरीदिए, खेत खरीदने के दो चार साल के भीतर ही वहां रहने लायक एक बिल्कुल छोटा सा आशियाना बना लीजिए जो बड़ी छोटी सी लागत से बन जाएगा और अपने बच्चों को वहां लंबी छुट्टी पर ले जाइए। लाखों खर्च करके मालदीव्स और दूसरी जगहों पर जाने से कहीं बेहतर है अपने बच्चों को अपने खेत में प्रकृति के साथ जीना, बोना और खाना सिखाइए। ये उनके सर्वाइवल के लिए काम आएगा। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## महिला उद्यमिता के साथ ही विकास को मिलेगी गति

भारत में आर्थिक प्रगति के लिए सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है। इस संदर्भ में महिला उद्यमिता एक ऐसी शक्ति के रूप में उभर कर सामने आई है, जो न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा दे रही है। आज महिलाएं पारंपरिक भूमिकाओं की सीमाओं को तोड़कर व्यापार, उद्योग, सेवा क्षेत्र और स्टार्टअप में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। छोटे घरेलू व्यवसायों से लेकर बड़े उद्योगों तक, महिलाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी हो सकती हैं। उनके द्वारा स्थापित उद्योग न केवल उनके परिवार की आय को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में रोजगार के अवसर भी सृजित करते हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं, जैसे- स्टार्टअप इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और स्टैंड-अप इंडिया महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित



डॉ. वंदना शर्मा
प्रिंसिपल

करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स ने महिलाओं को वैश्विक बाजार तक पहुंचने का अवसर प्रदान किया है।

महिला उद्यमी वही हैं, जो अपना उद्यम शुरू करे। उसकी व्यवस्था संभालें और उसके लिए वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी निभाती हैं। भारत सरकार के अनुसार महिला उद्यमी होने के लिए उद्यम की वित्तीय भागीदारी में कम से कम 50 प्रतिशत योगदान होना आवश्यक है। इस तरह, प्रमुख वित्तीय भागीदारी होने पर ही एक महिला उद्यमी की श्रेणी में मानी जाएगी। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के अनुसार देश के कुल उद्यमियों में से केवल 15 प्रतिशत ही महिलाएं हैं। इनमें से अधिकांश व्यापार या विनिर्माण में छोटे पैमाने पर चलाए जा रहे हैं। महिला उद्यमियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है और विभिन्न उद्योगों में उन्हें पहचान और मान्यता भी मिल रही है।

महिला उद्यमिता के मार्ग में कई चुनौतियां भी हैं। सामाजिक रूढ़ियां, वित्तीय संसाधनों की कमी, तकनीकी ज्ञान का अभाव और पारिवारिक जिम्मेदारियां महिलाओं की प्रगति में बाधा बनती हैं। महिलाओं को पुरुष प्रधान मानसिकता वाले माहौल में काम करना होता है, जहां उन्हें लैंगिक भेदभाव और पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ता है। यह भी देखा गया है कि कानूनों और नीतियों के बावजूद महिलाओं के लिए व्यापार करना कई बार मुश्किल हो जाता है। अभी भी ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां महिलाओं की भागीदारी सीमित है। महिला उद्यमियों के समक्ष एक चुनौती यह भी है कि सामाजिक बंधनों और पारंपरिक सोच के कारण उनका व्यापार नेटवर्क इतना मजबूत नहीं हो पाता और उन्हें हर प्रयास स्वयं ही करना पड़ता है। इसी कारण महिलाओं को पर्याप्त मार्गदर्शन और समर्थन की आवश्यकता होती है।

इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक है कि समाज में जागरूकता बढ़ाई जाए और महिलाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। यह न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुधार रहा है, बल्कि उन्हें सामाजिक सम्मान भी दिला रहा है। अतः महिला उद्यमिता केवल व्यक्तिगत सशक्तिकरण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला है। यदि महिलाओं को उचित अवसर और समर्थन मिले, तो वे भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

खोज



# ऐसे हुआ एलपीजी का आविष्कार

बीसवीं सदी की शुरुआत में पेट्रोल सिर्फ ईंधन नहीं, बल्कि एक बड़ी पहेली भी था। उस दौर में इसे संभालना आसान नहीं था- जरा-सी लापरवाही और पेट्रोल हवा में उड़ जाता। भंडारण और परिवहन के दौरान इसका तेजी से वाष्प में बदल जाना ईंधन विक्रेताओं के लिए भारी नुकसान और खतरनाक हादसों की वजह बन रहा था। कंटेनरों के अंदर बनने वाली गैसें कभी भी विस्फोट का कारण बन सकती थीं। इसी समस्या ने अमेरिकी वैज्ञानिक वाल्टर ओ. स्नेलिंग को सोचने पर मजबूर किया। 1910 में उनकी जांच एक साधारण शिकायत से शुरू हुई। एक व्यक्ति ने बताया कि घर पहुंचते-पहुंचते उसका आधा पेट्रोल गायब हो गया। यह सुनकर स्नेलिंग ने पेट्रोल के व्यवहार को समझने का फैसला किया। अपने प्रयोगों में उन्होंने पाया कि पेट्रोल के भीतर प्रोपेन और ब्यूटेन जैसी गैसें मौजूद होती हैं, जो सामान्य तापमान पर तेजी से उड़ जाती हैं। जहां बाकी लोग इन्हें बेकार समझते थे, वहीं स्नेलिंग ने इन्हें एक अवसर के रूप में देखा। उन्होंने साधारण उपकरणों की मदद से इन गैसों को अलग किया और दबाव में लाकर तरल रूप में बदल दिया। यहीं से जन्म हुआ एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस का। स्नेलिंग ने पाया कि यह गैस न केवल आसानी से जलती है, बल्कि खाना पकाने, हीटिंग और रोशनी के लिए बेहद उपयोगी भी है। 1912 में इसका पहला घरेलू उपयोग हुआ और 1913 में उन्होंने इस प्रक्रिया का पेटेंट भी करवा लिया। आज एलपीजी दुनियाभर में रसोई से लेकर उद्योगों तक हर जगह इस्तेमाल हो रही है। एक छोटी-सी समस्या से शुरू हुई यह खोज आज करोड़ों लोगों की जिंदगी आसान बना रही है।

## वैज्ञानिक के बारे में



वाल्टर ओ. स्नेलिंग का जन्म 1880 में अमेरिका में हुआ था। वे पेशे से रसायनशास्त्री थे और ईंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण शोध किए। उन्होंने हार्वर्ड, येल और जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय से शिक्षा हासिल की। 1907 में उन्होंने पानी के नीचे डेटोनेटर का आविष्कार किया, जो पनामा नहर निर्माण में अमेरिकी सरकार को सालाना 5 लाख डॉलर बचाने में सहायक रहा। 1910 में यूएस ब्यूरो ऑफ माइंस के विस्फोटक प्रयोगशाला के प्रमुख बने। उन्होंने विस्फोटकों पर 179 पेटेंट कराए। उनका निधन 1965 में हुआ।



# एजेंटिक ब्राउजर

## इंटरनेट का नया 'स्मार्ट सारथी'



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

कल्पना कीजिए कि आप अपने मोबाइल या कंप्यूटर से बस इतना कहें- "अगले महीने मुंबई जाने के लिए सबसे सस्ती फ्लाइट ढूंढकर टिकट बुक कर दो" और आपका ब्राउजर खुद अलग-अलग वेबसाइटों पर जाए, कीमतों की तुलना करे और आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प चुन ले। कुछ समय पहले तक इस तरह की बातें साइंस-फिक्शन जैसी लगती थीं, लेकिन आज की डिजिटल दुनिया में यह तेजी से वास्तविकता बन रही है। इस तकनीक को "एजेंटिक ब्राउजर" कहा जा रहा है- ऐसे ब्राउजर जो केवल वेबसाइट दिखाते नहीं, बल्कि उपयोगकर्ता की ओर से इंटरनेट पर काम भी कर सकते हैं। अब तक ब्राउजर एक खिड़की की तरह थे, जिनसे हम वेब देखते थे, लेकिन अब वे एक तरह के डिजिटल सहायक या प्रतिनिधि बनने की ओर बढ़ते दिखने लगे हैं। इंटरनेट का अनुभव 'खुद खोजने और क्लिक करने' से बदलकर 'लक्ष्य बताने और काम करवाने' की दिशा में बढ़ रहा है।

### क्लिक से उद्देश्य तक ब्राउजिंग का नया मॉडल

अब तक हम क्रोम, मोजिला फायर फॉक्स, सफारी, एज जैसे ब्राउजर का इस्तेमाल मुख्यतः वेबसाइट देखने के लिए करते रहे हैं। कोई जानकारी चाहिए तो सर्च करना पड़ता है, कई लिंक खोलने पड़ते हैं और जरूरी फॉर्म या भुगतान जैसी प्रक्रियाएं खुद पूरी करनी पड़ती हैं। एजेंटिक ब्राउजर इस पूरी प्रक्रिया को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें लगे कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) आधारित एजेंट उपयोगकर्ता के उद्देश्य को समझते हैं और फिर उसी के आधार पर इंटरनेट पर काम करते हैं। वे वेबसाइट खोलते हैं, जानकारी इकट्ठा करते हैं, तुलना करते हैं और कई बार पूरी प्रक्रिया भी पूरी कर देते हैं। सरल शब्दों में कहें, तो इंटरनेट का अनुभव अब केवल जानकारी खोजने तक सीमित नहीं रह रहा, बल्कि डिजिटल काम करवाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



### रोजमर्रा के काम कैसे बदलेंगे

अभी इंटरनेट पर किसी साधारण काम के लिए भी उपयोगकर्ता को कई चरणों से गुजरना पड़ता है। वेबसाइट ढूंढना, अलग-अलग विकल्प देखना, जानकारी पढ़ना और फिर निर्णय लेना। एजेंटिक ब्राउजर इंटरनेट पर बिखरे हुए कामों को एक क्रम में जोड़कर इस पूरी प्रक्रिया को सरल और संगठित बना सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर कोई उपयोगकर्ता ब्राउजर से कहे कि "मुझे 2000 रुपये से कम कीमत के नीले रंग के रनिंग शूज चाहिए, जिनकी रेटिंग चार स्टार से ऊपर हो," तो एजेंटिक ब्राउज़र अलग-अलग ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर जाकर विकल्प खोज सकता है और सबसे उपयुक्त उत्पाद सामने रख सकता है। इसी तरह यात्रा की योजना बनाते समय यह विभिन्न एयरलाइन और होटल वेबसाइटों से जानकारी लेकर कीमतों और सुविधाओं की तुलना कर सकता है। किसी लंबी रिपोर्ट या शोधपत्र को पढ़ने के बजाय ब्राउजर उसका सार और मुख्य बिंदु तैयार कर सकता है। सरकारी सेवाओं या ऑनलाइन प्रक्रियाओं में भी यह तकनीक मददगार हो सकती है- जैसे ट्रेन टिकट बुक करना, बिल जमा करना या किसी आवेदन की प्रक्रिया पूरी करना, जिनमें अक्सर कई चरण होते हैं। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती है, तो इंटरनेट का अनुभव भी बदल सकता है। उपयोगकर्ता हर क्लिक खुद करने के बजाय केवल अपना लक्ष्य बताएगा और ब्राउजर उस तक पहुंचने के लिए जरूरी डिजिटल प्रक्रियाओं को क्रमबद्ध कर देगा। इस तरह वेब धीरे-धीरे केवल वेबसाइटों का संग्रह नहीं रहेगा, बल्कि एक ऐसेडिजिटल कार्य-परिसरमें बदल सकता है, जहां खोज, विश्लेषण और कार्रवाई एक ही जगह पर संभव हों।

### भारत के लिए इसका महत्व

भारत जैसे देश में एजेंटिक ब्राउजर का महत्व और भी बढ़ सकता है। यहां करोड़ों लोग इंटरनेट का उपयोग तो करते हैं, लेकिन जटिल वेबसाइटों और ऑनलाइन प्रक्रियाओं से अक्सर घबराते हैं। यदि ब्राउजर उपयोगकर्ता की भाषा में बातचीत कर सके और उसके लिए आवश्यक काम कर सके, तो यह डिजिटल सेवाओं को अधिक सुलभ बना सकता है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में बातचीत करने वाले एजेंटिक ब्राउजर उन लोगों के लिए इंटरनेट को आसान बना सकते हैं, जो अभी तकनीकी रूप से बहुत सहज नहीं हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के नए इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए यह तकनीक एक तरह का डिजिटल साथी बन सकती है।

### सुविधा के साथ चुनौतियां भी

हर नई तकनीक की तरह एजेंटिक ब्राउजर के साथ भी कुछ चिंताएं जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ा सवाल डेटा गोपनीयता का है। क्योंकि ब्राउजर उपयोगकर्ता की ओर से काम करेगा, उसे उसकी पसंद, व्यवहार और कई बार संवेदनशील जानकारी तक पहुंच हो सकती है। इसलिए सुरक्षा और पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण होंगी। जितना अधिक अधिकार हम ब्राउजर एजेंट को देंगे, उतनी ही गहरी हमारी निर्भरता और जोखिम दोनों होंगे। चूंकि ये एजेंट हमारी पहचान के नाम पर वेबसाइटों पर कार्रवाई करते हैं, गलत कॉन्फ़िगरेशन या साइबर हमले की स्थिति में आर्थिक धोखाधड़ी, डेटा चोरी और "स्वचालित" दुरुपयोग की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। एजेंटिक ब्राउजर यदि स्कैमर्स के नियंत्रण में आ गए, तो बड़े पैमाने पर ठगी के उपकरण भी बन सकते हैं, खासकर प्रॉम्प्ट इंजेक्शन, मेमोरी मैनिप्युलेशन और क्रॉस सेशन अटैक जैसे बड़े खतरे दरकिनार नहीं किए जा सकते। इसके अलावा यह भी सवाल उठता है कि क्या हम धीरे-धीरे इतनी स्वचालित तकनीक पर निर्भर हो जाएंगे कि खुद जानकारी खोजने की आदत कम हो जाएगी। भारत के संदर्भ में एजेंटिक ब्राउजर का उभार एक नई नीतिगत चुनौती भी प्रस्तुत करता है। भारत सरकार का डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) अधिनियम 2023 अभी पूरी तरह लागू हो रहा है और एजेंटिक ब्राउजर जैसी तकनीक इसकी सीमाओं को परीक्षण में डालेगी। जब कोई एआई ब्राउजर उपयोगकर्ता की ओर से स्वचालित रूप से फॉर्म भरता है, सेवाएं बुक करता है और डेटा साझा करता है, तो "सहमति" की अवधारणा धुंधली हो जाती है। डीपीडीपी अधिनियम के अंतर्गत डेटा फिड्यूशरी की जवाबदेही स्पष्ट है, लेकिन एजेंटिक ब्राउजर इस जवाबदेही की श्रृंखला को जटिल बनाते हैं। भारतीय नीति-निर्माताओं को इस तकनीक के व्यापक प्रसार से पहले स्पष्ट नियामक ढांचा तैयार करना होगा।

### भविष्य की दिशा

यह स्पष्ट है कि ब्राउजर तकनीक एक नए चरण में प्रवेश कर चुकी है। जिस प्रकार सर्च इंजन ने वेब को व्यवस्थित किया और स्मार्टफोन ने इंटरनेट को हर व्यक्ति की जेब तक पहुंचाया, उसी प्रकार एजेंटिक ब्राउजर इंटरनेट को अधिक बुद्धिमान और अधिक स्वचालित अनुभव में बदल सकते हैं। भविष्य में ब्राउजर केवल वेबसाइट देखने का माध्यम नहीं रहेंगे, बल्कि वे ऐसे प्लेटफॉर्म बनेंगे, जहां खोज, विश्लेषण, संवाद और निर्णय के साथ सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध हों, लेकिन इस परिवर्तन की दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि तकनीकी कंपनियां, नीति-निर्माता और उपयोगकर्ता मिलकर इस नई तकनीक को किस प्रकार आकार देते हैं। क्योंकि इंटरनेट का अगला इंटरफेस निश्चित रूप से एजेंटिक होगा, पर यह अभी तय होना बाकी है कि वह उपयोगकर्ता को अधिक स्वतंत्र बनाएगा या डिजिटल दुनिया के नए द्वारपाल तैयार करेगा।

### तकनीकी कंपनियों के बीच नई दौड़

- एजेंटिक ब्राउजर ने टेक कंपनियों के बीच एक नई होड़ छेड़ दी है। ब्राउजर अब केवल इंटरफेस नहीं, बल्कि एक्जीक्यूशन लेयर बन रहा है, जो आपकी डिजिटल पहचान के नाम पर फैसले ले सकता है और लेन-देन भी कर सकता है।
- कुछ साल पहले तक ब्राउज़र बाज़ार में क्रोम, मोजिला फायर फॉक्स, सफारी और एज जैसे नाम ही हावी थे, अब हर दिग्गज कंपनी चाहती है कि इंटरनेट पर उपयोगकर्ता जो भी करे, उसका पहला और आखिरी साथी वही ब्राउजर हो। ओपेन एआई का चैट-जीपीटी एटलस एड्रेस बार की जगह एआई को बैठाकर ब्राउजर की पारंपरिक परिभाषा बदल देता है। यह एजेंट मोड में खुद वेबसाइटों पर जाकर जानकारी जुटा सकता है, तुलना कर सकता है और कई मामलों में फॉर्म भरने व बुकिंग तक की प्रक्रिया संभाल सकता है। गूगल क्रोम अपने उपयोगकर्ताओं तक जेमिनी आधारित आटो ब्राउज के जरिए यह दिखाना चाहता है कि वही पुराना ब्राउजर अब नए दिमाग के साथ लौट आया है, जहां सारांश, शोध और डेटा विश्लेषण सब कुछ ब्राउजर के भीतर होता है।
- इसी दौड़ में Perplexity का Comet भी है। एआई नेटिव यह ब्राउजर Comet Assistant के माध्यम से अलग-अलग वेबसाइटों के बीच नेविगेट कर जानकारी इकट्ठा करता है, कई स्रोतों से डेटा जोड़कर सुझाव देता है और हाल के अपडेट्स के बाद उपयोगकर्ता की अनुमति लेकर कुछ बहुचरणीय ऑनलाइन प्रक्रियाओं को भी अपने आप व्यवस्थित कर सकता है। Microsoft Edge का Copilot Mode Windows, Office और क्लाउड सेवाओं को जोड़कर ब्राउजर को पूरे डिजिटल कार्यप्रवाह का सहायक बनाने की दिशा में काम कर रहा है।
- Opera Neon और The Browser Company का Dia जैसे नए खिलाड़ी पूरी तरह एआई संचालित इंटरफेस, ऑटोमेटेड टैब मैनेजमेंट और संदर्भ आधारित नेविगेशन जैसे प्रयोगों के जरिए इस दौड़ को और तेज कर रहे हैं। चेहरे भले अलग-अलग हों, लक्ष्य एक ही है। आपके रोजमर्रा के डिजिटल कामों की रस्सियां अपने हाथ में लेना।

रोचक फैक्ट




# पेड़ों की संख्या हमारी आकाशगंगा के तारों से अधिक

पृथ्वी और अंतरिक्ष के बीच तुलना हमेशा से मानव जिज्ञासा का विषय रही है, लेकिन एक रोचक तथ्य यह है कि हमारे ग्रह पर मौजूद पेड़ों की संख्या हमारी आकाशगंगा के तारों से भी अधिक हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, Milky Way Galaxy में लगभग 100 अरब से 400 अरब तारे मौजूद हैं। यह आंकड़ा विशाल है, लेकिन जब बात पृथ्वी पर पेड़ों की आती है, तो यह संख्या और भी चौंकाने वाली हो जाती है। वर्ष 2015 में प्रतिष्ठित जर्नल नेचर में प्रकाशित एक वैश्विक अध्ययन ने अनुमान लगाया कि दुनिया में लगभग 3.04 ट्रिलियन पेड़ हैं। यह शोध येल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किया गया था, जिसमें सैटेलाइट इमेजरी और फील्ड डेटा का उपयोग कर अब तक का सबसे व्यापक वृक्ष गणना विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। हालांकि यह संख्या प्रभावशाली है, वैज्ञानिकों ने यह भी चेतावनी दी है कि मानव गतिविधियों के कारण हर साल लगभग 15 अरब पेड़ नष्ट हो रहे हैं। वनों की कटाई, शहरीकरण और कृषि विस्तार इसके प्रमुख कारण हैं। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी का हरित आवरण न केवल जलवायु संतुलन बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि यह कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ग्लोबल वार्मिंग को भी नियंत्रित करता है। हाल के वर्षों में नई तकनीकों, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट मैपिंग, ने वृक्षों की गणना और उनके स्वास्थ्य का विश्लेषण और अधिक सटीक बना दिया है। 2021 के बाद के अध्ययनों में यह पाया गया है कि कुछ क्षेत्रों में वृक्षारोपण और संरक्षण प्रयासों के कारण हरित क्षेत्र में सुधार हुआ है, लेकिन कुल मिलाकर वैश्विक स्तर पर वृक्षों की संख्या अब भी घटती प्रवृत्ति में है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वर्तमान दर से पेड़ों की कटाई जारी रही, तो आने वाले दशकों में यह संख्या और तेजी से घट सकती है, जिससे जैव विविधता, जल चक्र और जलवायु पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए "एक पेड़ लगाओ" जैसे अभियानों से आगे बढ़कर बड़े पैमाने पर वन संरक्षण नीतियों और सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता है। यह तथ्य न केवल हमें पृथ्वी की जैविक समृद्धि का एहसास कराता है, बल्कि यह भी बताता है कि हमारी जिम्मेदारी कितनी बड़ी है। जहां एक ओर हम अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हमें अपने ही ग्रह की इस अनमोल संपदा पेड़ों की रक्षा करना भी उतना ही जरूरी है।

वाइल्ड लाइफ



# उड़ने वाली गिलहरी

अरुणाचल प्रदेश के घने जंगलों में स्थित नामदफा नेशनल पार्क जैव विविधता का अनमोल खजाना है। इसी समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र में एक बेहद रोचक और दुर्लभ जीव पाया जाता है- उड़ने वाली गिलहरी। यह अनोखा स्तनधारी वास्तव में उड़ता नहीं, बल्कि अपने शरीर की विशेष झिल्ली (पैटाजियम) की मदद से एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक आसानी से फिसल (ग्लाइड) करता है। उड़ने वाली गिलहरी की यह क्षमता उसे जंगल में जीवित रहने में महत्वपूर्ण बढ़त देती है। ऊंचे-ऊंचे पेड़ों के बीच यह बिना जमीन पर उतरे लंबी दूरी तय कर लेती है, जिससे वह जमीन पर मौजूद शिकारी जीवों जैसे सांप या जंगली बिल्ली से खुद को सुरक्षित रखती है। यह प्रजाति मुख्यतः निशाचर होती है यानी रात के समय सक्रिय रहती है और दिन में पेड़ों की खोखली शाखाओं या घोंसलों में छिपी रहती है। उत्तर-पूर्व भारत में पाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियों में रेड जाइंट फ्लाइंग स्क्विरल और नामदफा फ्लाइंग स्क्विरल शामिल हैं। इनमें से नामदफा फ्लाइंग स्क्विरल अत्यंत दुर्लभ मानी जाती है और इसके बारे में वैज्ञानिक जानकारी भी सीमित है। इसकी खोज ने इस क्षेत्र के पारिस्थितिक महत्व को और अधिक उजागर किया है।

हाल के वर्षों में वैज्ञानिकों ने पाया है कि उड़ने वाली गिलहरियां बीज फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे फल और बीज खाकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाती हैं, जिससे जंगलों के पुनर्जीवन और संतुलन में मदद मिलती है। इस तरह यह छोटा-सा जीव पूरे वन तंत्र के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी कड़ी बन जाता है। हालांकि वनों की कटाई और मानव हस्तक्षेप के कारण इनका प्राकृतिक आवास लगातार सिकुड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन भी इनके जीवन चक्र और भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) के अनुसार, कई उड़ने वाली गिलहरी प्रजातियां संकटग्रस्त या डेटा-अभाव श्रेणी में आती हैं, जिससे इनके संरक्षण की आवश्यकता और बढ़ जाती है। नामदफा नेशनल पार्क जैसे संरक्षित क्षेत्र इन जीवों के लिए सुरक्षित आश्रय प्रदान करते हैं, लेकिन केवल संरक्षित क्षेत्र ही पर्याप्त नहीं हैं। स्थानीय समुदायों की भागीदारी, जागरूकता और सतत विकास नीतियां भी उतनी ही जरूरी हैं। यह शर्मीला और सुंदर जीव न केवल उत्तर-पूर्व भारत की प्राकृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के हर छोटे-बड़े जीव का अपना महत्व है। उड़ने वाली गिलहरी हमें सिखाती है कि संतुलन और अनुकूलन ही जंगल के जीवन का आधार है और इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है।

# जंगल से सड़क तक मानव-वन्य जीव संघर्ष



रवीन्द्र त्रिपाठी
शिक्षक

पिछले दिनों खीरी जिले में घटित तीन प्रमुख मानव वन्य जीव संघर्ष ने मानव जीवन में हलचल मचा दी है। पहली घटना धौरहरा वन रेंज की है, जहां खेत में घुसे तेंदुए ने किसान को लहू लुहान कर दिया। दूसरी घटना भी खीरी जिले के कोतवाली तिकुनिया के बनवीरपुर गांव की है, जहां युवक को तेंदुए ने घायल कर दिया। तीसरी घटना महेशपुर वनरेंज के नंदलालपुर गांव की है, जहां बाघ के हमले में युवक की मौत हो गई और यह तीनों घटनाएं एक ही दिन में घटित हुई है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मानव वन्य जीव संघर्ष कितना घातक रूप से बढ़ता ही जा रहा है। स्थिति यह है कि लोग खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। आशंका है किसी समय तेंदुए या वन्य जीव हमले की, लेकिन क्या? यह सब स्थितियां एक दिन में पैदा हो गईं तो इसका उत्तर है नहीं, बल्कि अनुचित एवं अनवरत मानवीय क्रियाकलापों ने यह स्थिति पैदा की है, जिससे मानव-वन्य जीव संघर्ष की यह नई इबादत तैयार हो रही है और दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। वस्तुतः मानव-वन्य जीव संघर्ष तब होता है, जब जंगली जानवरों और इंसानों के बीच नकारात्मक अंतः क्रिया होती है, आइए इसके कारणो का विश्लेषण करते हैं कि आखिरकार यह संघर्ष क्यों और कैसे पैदा हुआ?

पहला कारण है कि तेजी से बढ़ता हुआ शहरीकरण इसके लिए जिम्मेदार है, क्योंकि जहां पर शहर बस जाता है, वहां पर वन लगभग शून्य ही रहता है, ऐसे में इन वन्य जीवों के लिए रहना, भोजन, पानी इत्यादि आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं होती है, इससे वन्य जीव मानव बस्तियों में आना शुरू कर देते हैं, जिससे मानव वन्य जीव संघर्ष प्रारंभ होता है।

दूसरा प्रमुख कारण मानव वन्य जीव संघर्ष का है, कृषि विस्तार के लिए वनों की कटाई बढ़ता शहरीकरण खेतों को लीलता जा रहा है, वहीं उन्हीं खेतों की पूर्ति के लिए लगातार जंगल काटे जा रहे हैं। जंगलों के काटे जाने से जंगल लगातार सिकुड़ते जा रहे हैं, जिससे इन वन्य जीवों को मानव बस्तियों में आना पड़ रहा है, फलस्वरुप मानव वन्य जीव संघर्ष बढ़ता जा रहा है। तीसरा कारण है, बढ़ती जनसंख्या। बढ़ती जनसंख्या के कारण आज मानव बस्तियां जंगलों के काफी समीप पहुंच गई हैं। पहले वह जंगलों से बहुत दूर हुआ करती थीं। मानव का हस्तक्षेप वनों में अधिक हो रहा है। तमाम शिकारी वनों में शिकार करने चले जाते हैं, जिससे इन वन्य जीवो को वनों में शिकार नहीं मिल पाते हैं। जंगलों में शिकार न मिल पाने के कारण अपनी भूख मिटाने के लिए यह वन्य जीव मानव बस्तियों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे मानव-वन्य जीव संघर्ष बढ़ता ही जा रहा है।

बढ़ता विकास भी इसका एक कारण है। कुछ दिनों पूर्व मैंने अपने एक लेख में जिसका शीर्षक था 'खाली होते गांव और बड़े होते शहर' में मैंने बताया था किस प्रकार शहरों की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे सरकार को विकास की गति देने के लिए अनेक नए राजमार्गों का निर्माण करना पड़ रहा है, ऐसा विकास शहरों में आवागमन के लिए जरूरी भी है, लेकिन यह विकास खेतों को लगातार छोटा कर रहा है। जब सड़कों का चौड़ीकरण होता है या नए राजमार्ग निकाल जाते हैं, तो बहुत बड़ी मात्रा में वनों की कटाई होती है, जिससे वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास लगातार सिकुड़ रहे हैं, आवासों के सिकुड़ने से उनके संसाधनों में कमी आ रही है, जिससे वन्य जीवों का आवागमन मानव बस्तियों में लगातार बढ़ता जा रहा है। मानव-वन्य जीव संघर्ष का दुष्परिणाम आए दिन सामने आ रहे हैं। बाघ, तेंदुए मानव बस्तियों में घूमते नजर आ रहे हैं, जिससे मानव जीवन को खतरा है। मानव-वन्य जीव संघर्ष में मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। दूसरा दुष्प्रभाव फसल और पशुधन पर पड़ रहा है। बाघ और तेंदुए गांवों में भैंसों एवं गायों का शिकार कर रहे हैं। पलिया वन रेंज में आधे से ज्यादा गन्ने की फसल हाथियों द्वारा रौद दी जाती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है इस प्रकार इस संघर्ष से फसल पशुधन मानव जाति सभी को गंभीर खतरा है।



इस समस्या के निराकरण में पहला कदम यह होना चाहिए कि वनों की कटाई पर रोक लगाई जाए, इससे उनके प्राकृतिक आवास बचे रहेंगे। दूसरा उपाय यह है कि राजमार्गों इत्यादि को वन क्षेत्र से न गुजारा जाए हो सके तो उन्हें, मानव बस्तियों से ले जाया जाए, इससे जहां एक ओर मानव को सुविधा होगी, वहीं दूसरी और जंगल सुरक्षित रहने से वन्य जीवों का आवागमन मानव बस्तियों की ओर रुकेगा। तीसरा उपाय है, यह है कि प्रभावित क्षेत्रों में वन विभाग सक्रिय रहे और ड्रोन कैमरे से इन पर नजर रखी जाए और वनों में उनके प्राकृतिक आवासों को प्राकृतिक तरीके से सुसज्जित किया जाए ताकि यह वन में रहे।

### भारतबेंज ने महाराष्ट्र में खोली दो नयी डीलरशिप

**नयी दिल्ली।** डेमलर ट्रक की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स ने गुरुवार को महाराष्ट्र के तलेगांव (पुणे) और मालेगांव (नासिक जिला) में ऑटोबान ट्रकिंग के नाम से दो नये भारतबेंज डीलरशिप के उद्घाटन की घोषणा की। ये नयी डीलरशिप भारतबेंज के निरंतर विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# पश्चिम एशिया संकट: 80% तक महंगी हुई माल ढुलाई, पूर्वी भारत से आधा हुआ निर्यात

## जहाजों के रास्ता बदलकर अफ्रीका होकर जाने से भाड़े में हुई 40 प्रतिशत वृद्धि,बाकी युद्ध संबंधी शुल्क

**कोलकाता, एजेंसी**




पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण यूरोप जाने वाले सामान की ढुलाई की लागत (भाड़ा) में 60 से 80 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी हुई है। इससे पूर्वी भारत से होने वाले निर्यात में 50 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। कोलकाता बंदरगाह पर सैकड़ों कंटेनर फंस गए हैं।

कलकत्ता कस्टम्स हाउस एजेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मन्नू चौधरी ने बताया कि जहाजों के रास्ता बदलकर अफ्रीका होकर जाने के कारण भाड़े में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके अलावा, युद्ध के कारण लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को मिलाकर यूरोप और अमेरिका जाने वाले सामान की कुल लागत 80 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि पोत-परिवहन कंपनियां अब नया सामान लेने से मना कर रही हैं। इस वजह से लगभग 600 भरे हुए कंटेनर, जो जहाज पर लदने के लिए कोलकाता बंदरगाह के अंदर आ चुके थे, उन्हें वहां जगह न मिलने के कारण वापस शहर भेजना पड़ा है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) इंडिया के पूर्व चेयरमैन राकेश शाह ने स्थिति को गंभीर बताते हुए कहा कि भाड़े में बढ़ोतरी और कंटेनर की कमी के साथ-साथ रसोई गैस (एलपीजी) की किल्लत ने भी उत्पादन को प्रभावित किया है। एलपीजी का उपयोग इंजीनियरिंग सामान को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में किया जाता है। शाह के अनुसार, इंजीनियरिंग उद्योग को इस साल 3.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद थी, लेकिन अब यह पिछले साल के स्तर पर ही रहने की संभावना है। पूर्वी क्षेत्र से होने वाले निर्यात में सबसे ज्यादा असर मछली, झींगा, इंजीनियरिंग सामान, कपड़े और दवाओं पर पड़ा है।निर्यातकों की मदद के लिए सरकार ने 497 करोड़ रुपये की 'रिलीफ' (निर्यात की सुविधा के लिए लचीलापन और माल ढुलाई हस्तक्षेप) योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत युद्ध के कारण होने वाले नुकसान और माल ढुलाई पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क की भरपाई में मदद दी जाएगी। सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्योगों (एमएसएमई) को माल ढुलाई और बीमा शुल्क पर 50 प्रतिशत तक की वापसी मिल सकेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 लाख रुपये प्रति निर्यातक तय की गई है।

### घरेलू कोयला बाजार में बढ़ रही है मांग, कीमतों पर भी दबाव



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के कारण ऊर्जा क्षेत्र में पैदा हुए दबाव के बीच भारतीय कोयला बाजार में मांग और कीमतों में तेजी देखी जा रही है। एमजंक्शन सर्विसेज ने बृहस्पतिवार को कहा कि हालांकि कोयला और नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये बिजली क्षेत्र में कोई दिक्कत नहीं है। टाटा स्टील और सेल के संयुक्त उद्यम एमजंक्शन के अनुसार, कोयला नीलामी के शुरुआती संकेत मांग और कीमतों में बढ़त दर्शा रहे हैं। हालांकि, यह बदलाव बहुत तीव्र न होकर एक नियंत्रित दायरे में है।एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने बताया कि भारत के कोयला नीलामी बाजार में मांग-आपूर्ति के समीकरणों में सख्ती और कीमतों के मजबूत होने के लक्षण दिख रहे हैं, हालांकि यह रुझान अभी धीरे-धीरे बढ़ रहा है। फरवरी में कोयले की बोलियां तय कीमतों से लगभग 35 प्रतिशत अधिक रहीं।

### एशियाई बाजारों में गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में फिर उछाल



**हांगकांग, एजेंसी।** ईरान युद्ध के टलने को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण बृहस्पतिवार को एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से बाजार में यह अस्थिरता देखी जा रही है। अमेरिकी वायदा बाजारों में भी 0.1 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 0.3 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 1.9 प्रतिशत और हांगकांग के हैंगसेंग में 1.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चीन के शंघाई कंपोजिट सूचकांक में भी 0.6 प्रतिशत की गिरावट रही। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 सूचकांक में 0.2 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई, जबकि ताइवान के ताइएक्स में 0.4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.51 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। वहीं, अमेरिकी बेंचमार्क कच्चा तेल भी 1.6 प्रतिशत चढ़कर 91.75 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# संकट जारी रहा तो उर्वरक उत्पादन 10-15 प्रतिशत घटेगा : क्रिसिल

**मुंबई, एजेंसी**



पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई रुकावटों की वजह से भारत में यूरिया और मिश्रित उर्वरकों का सालाना घरेलू उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक घटने की आशंका है। क्रिसिल रेटिंग्स की बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक, आनंद कुलकर्णी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रही समस्याओं से खरीफ मौसम के अहम समय पर उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट आ सकती है। एलएनजी और अमोनिया की आपूर्ति में करीब तीन महीने तक जारी रहने वाली रुकावट से घरेलू यूरिया और मिश्रित उर्वरक उत्पादन में 10-15 प्रतिशत की कमी आ सकती है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि उत्पादन पर पड़ने वाले इस असर को कुछ हद तक सरकार के हालिया निर्देश से कम किया जा सकेगा, जिसके तहत यूरिया बनाने वाली कंपनियों को 70 प्रतिशत गैस आवंटित की गई है। उन्होंने कहा कि करीब तीन महीने का उर्वरक स्टॉक, और साथ ही दूसरे स्रोतों से होने वाले संभावित आयात से, आपूर्ति में तत्काल कमी आने का जोखिम कम हो जाएगा।

इसके अलावा, क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि कच्चे माल और आयातित उर्वरकों की कीमतों में बढ़ोतरी से कंपनियों की कार्यशील पूंजी की ज़रूरतें बढ़ने की संभावना है, और साथ ही सरकार का सब्सिडी खर्च भी 20,000-25,000 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है।

भारत में उर्वरक की कुल खपत में यूरिया का हिस्सा 45 प्रतिशत है, मिश्रित उर्वरकों (डाई-अमोनियम फॉस्फेट, या डीएपी तथा नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम, या एनपीके') का हिस्सा एक-तिहाई है, और बाकी हिस्सा सिंगल सुपर फॉस्फेट' (एसएसपी) तथा म्यूरिएट ऑफ पोटाश (एमओपी) का है। उर्वरक क्षेत्र की आयात पर निर्भरता काफी ज़्यादा बनी हुई है। यूरिया का 20 प्रतिशत और मिश्रित उर्वरकों (मुख्य रूप से डीएपी) का एक-तिहाई हिस्सा आयात किया जाता है। यूरिया (प्राकृतिक गैस, जो कच्चे माल की कुल लागत का 80 प्रतिशत है) और मिश्रित उर्वरकों (अमोनिया और फॉस्फोरिक एसिड) के लिए ज़रूरी मुख्य कच्चा माल ज़्यादातर आयात ही किया जाता है, क्योंकि देश में इनके भंडार सीमित हैं। यूरिया और डीएपी, दोनों के आयात के लिए पश्चिम एशिया एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले नौ महीनों में कुल आयात का 40 प्रतिशत इसी क्षेत्र से हुआ है।

## बिजनेस ब्रीफ

### रिलायंस ने कहा- ईरानी कच्चा तेल खरीद की खबरें आधारहीन

**नयी दिल्ली।** पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने गुरुवार को उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि कंपनी ईरान का कच्चा तेल खरीद रही है। कंपनी ने एक बयान जारी कर इन खबरों को आधारहीन और गलत बताया। बयान में कहा गया है, रिलायंस इंडस्ट्रीज मीडिया में आयी इन खबरों को पूरी तरह खारिज करती है कि कंपनी ने मूल रूप से ईरान से आने वाले कच्चे तेल की खरीद की है। ये खबरें आधारहीन हैं और इनमें भ्रामक तथा गलत दावे किये गये हैं। रिलायंस ने मीडिया से अपील की है कि वह खबरों के प्रकाशन से पहले तथ्यों की जांच कर ले।

### सेबी और आईईपीएफए का निवेशक शिविर आज

**नयी दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी और निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) 27 मार्च को भुवनेश्वर में छठे निवेशक शिविर का आयोजन करेंगे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निवेशकों को उनके रुके हुए लाभांश और बिना दावे वाले शेयरों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने में मदद करना है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत आने वाला आईईपीएफए और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) मिलकर शिविर को शेयर बाजार की प्रमुख संस्थाओं (बीएसई, एनएसई, सीडीएसएल और एनएसडीएल) के सहयोग से आयोजित कर रहे हैं।

### एयर इंडिया ने रोम के लिए शुरू की उड़ान

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने छह साल के अंतराल के बाद इटली की राजधानी रोम के लिए उड़ान की शुरुआत की है। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई123 बुधवार को दिल्ली से रोम के फिउमिचिनो हवाई अड्डे के रवाना हुई। यह नॉन स्टॉप उड़ान सप्ताह में चार बार है। रोम यूरोप की मुख्य भूमि में एयर इंडिया का आठवां और मिलान के बाद इटली का दूसरा गंतव्य बन गया है। एम्स्टर्डम, कोपेनहेगन, फ्रैंकफर्ट, मिलान, पेरिस, वियना और ज्यूरिख के लिए उसकी नॉन स्टॉप सेवाएं पहले से हैं।

### शहरों में दफ्तरों की मांग 15 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में दफ्तरों के लिए जगह पट्टे पर लेने की गतिविधि चालू वर्ष की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में 15 प्रतिशत बढ़ गई है। संपत्ति सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया के आंकड़े बताते हैं कि इस दौरान सातों शहरों में कुल 1.83 करोड़ वर्ग फुट जगह किराए पर ली गई, जो पिछले साल इसी समय 1.59 करोड़ वर्ग फुट थी। इन सात शहरों में दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे और कोलकाता शामिल हैं।

# भारत ने शुरू की चीन और इंडोनेशिया से आयातित सस्ते पेपरबोर्ड मामले की जांच

**नयी दिल्ली,एजेंसी**

भारत ने चीन और इंडोनेशिया से आयातित सस्ते पेपरबोर्ड मामले की जांच शुरू की है। सस्ते आयात से घरेलू कंपनियों पर असर पड़ने की सूचना के बाद यह कदम उठाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने घरेलू उद्योग की ओर से भारतीय पेपर विनिर्माता संघ की शिकायत के बाद यह प्रक्रिया शुरू की है।

उद्योग संगठन का आरोप है कि चीनी और इंडोनेशियाई कंपनियों द्वारा कम दाम पर निर्यात किए जा रहे विभिन्न स्तर वाले पेपरबोर्ड से भारतीय कंपनियों के लाभ पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। शिकायत में इन दोनों देशों से आयातित बोर्ड पर सब्सिडी दिये जाने की जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। आवेदक का आरोप है कि इन दोनों देशों के उत्पादकों/निर्यातकों को उनकी संबंधित सरकारों द्वारा विभिन्न स्तरों पर अनुदान, ऋण, गारंटी, कर, निर्यात ऋण, वस्तुओं और सेवाओं या इक्विटी निवेश के रूप में दी जाने वाली सब्सिडी से लाभ हुआ है।

डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा कि घरेलू उद्योग के लिखित आवेदन और उत्पादन तथा निर्यात पर सब्सिडी को लेकर दिये गये साक्ष्यों के आधार पर प्राधिकरण इस मामले में जांच शुरू कर रहा है। यह जांच कथित सब्सिडी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करेगी। इससे घरेलू उद्योगों को हो रहे नुकसान को दूर करने में मदद मिलेगी।

# चालकों के प्रशिक्षण को खुलेंगे स्कूल

## पांच साल में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद: गडकरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



**गिनाए हादसों के कारण**

- सड़क डिजाइन-इंजीनियरिंग
- पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन
- कानून का पालन न होना
- मानवीय व्यवहार और
- शराब पीकर वाहन चलाना

सरकार उद्योग जगत के सहयोग से अगले पांच साल में 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए स्कूल खोलेगी। इस पहल से देश में एक करोड़ रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजधानी में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता आमिर खान से बातचीत के दौरान कहा कि देश में 22 लाख चालकों की कमी है और सरकार ने 200 ड्राइविंग स्कूल खोले हैं।

हमने उद्योग जगत की मदद से 120 आकांक्षी जिलों और 500 सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में चालकों को प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र खोलने का निर्णय लिया है। इससे एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा।सड़क सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भारत विश्व में शीर्ष पर है। देश में आज प्रति वर्ष पांच लाख से अधिक दुर्घटनाएं और उससे संबंधित 1.8 लाख लोगों की मौत होती है। कहा कि लगभग 66 प्रतिशत लोग 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के हैं। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के पांच मुख्य कारणों का जिक्र किया।

गडकरी ने कहा-पहला कारण सड़क डिजाइन और इंजीनियरिंग हैं। हमने कुछ खराब जगहों की पहचान की है और उन्हें ठीक करने के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। दुर्घटनाओं का दूसरा कारण पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन है। हमने ऐसी 350 जगहों की पहचान की है और लगभग 280 जगहों में सुधार किया गया है। एक अन्य कारण वाहन इंजीनियरिंग है। तीसरा कारण कानून का पालन न होना है। चौथा कारण मानवीय व्यवहार है। शराब पीकर वाहन चलाना भी एक कारण है। मंत्री ने कहा कि बाइक पर हेल्मेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने से हजारों लोग बच सकते हैं।

### वैश्विक संकट में भी भारत की वृद्धि दर, आंतरिक मांग की बदौलत ऊंची बनी रहेगी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख उद्योग मंडल एसोचैम का अनुमान है कि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकटों के चलते आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर मंद हो सकती है पर भारत आंतरिक उपभोग और निवेश मांग की बदौलत अगले वित्त वर्ष 2026-27 सात प्रतिशत से ऊपर की तेज गति से वृद्धि की राह पर बना रहेगा। एसोचैम का मानना है कि 2026 में वैश्विक वृद्धि दर नरम पड़ कर 3 प्रतिशत से नीचे रह सकती है। संगठन ने आगाह किया है कि चूँकि रुपये के मूल्य में काफ़ी गिरावट आई है, इसलिए घरेलू बाजार में एलपीजी सिलेंडरों जैसे कुछ क्षेत्रों में ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ी हैं और इसका असर आने वाले समय में महँगाई के रुझानों पर देखने को मिलेगा। उद्योग मंडल ने गुरूवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर पश्चिम एशिया युद्ध के असर को कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम असरदार और सही समय पर हैं। एसोचैम के अध्यक्ष निर्मल के. मिंडा ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ रही है और वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी में 7.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। श्री मिंडा ने कहा कि पिछले कई सालों से सुधारों के ज़रिए सरकार का मज़बूत समर्थन बिज़नेस के भरोसे को बढ़ाता है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# चुनावों के मद्देनजर 409 करोड़ रुपये की नकदी और अवैध सामान जब्त

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने असम और केरल सहित चार राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्र पुडुचेरी विधान सभा चुनावों और कुछ अन्य राज्यों के उपचुनावों को धन और प्रलोभन के प्रभावों से मुक्त रखने के लिए कार्रवाई कर अब तक करीब 409 करोड़ रुपये की नकदी, कीमती धातुएं, शराब और मतदाताओं को लुभाने वाले सामान जब्त किये हैं।

असम, केरल और पांडिचेरी विधान सभा के चुनाव पहले चरण में 9 अप्रैल को कराये जाएंगे। उस दिन चार राज्यों की छह रिक्त विधान सभा सीटों के चुनाव भी कराये जाएंगे। चुनाव आयोग की गुरवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार गत 26 फरवरी को इलेक्ट्रॉनिक सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) के शुरू होने से लेकर 25 मार्च तक, 408.82 करोड़ रुपये से ज़्यादा की अवैध चीज़ें ज़ब्त की गई हैं।

इनमें 17.44 करोड़ रुपये नकद, 37.68 करोड़ रुपये की शराब (16.3 लाख लीटर), 167.38 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ, 23 करोड़ रुपये की कीमती धातुएँ और 163.30 करोड़ रुपये से ज़्यादा के अन्य मुफ़्त उपहार शामिल हैं।आयोग ने अलग-अलग राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की कई एजेंसियों के मिलकर यह कार्रवाई की है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एजेंसियों को निर्देश है कि ऐसी कार्रवाइयों में जाँच और निरीक्षण के दौरान आम नागरिकों को कोई परेशानी या उत्पीड़न न हो।

इस संबंध में किसी भी शिकायत को सुनने के लिए ज़िला शिकायत समितियाँ भी बनाई गई हैं। आयोग ने कहा कि नागरिक और राजनीतिक दल आयोग के ऐप सी-विजिल मॉड्यूल का इस्तेमाल करके आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकते हैं।

**रामनवमी**



**कोलकाता :** रामनवमी शोभायात्रा में जनता का अभिवादन स्वीकार करते भवानीपुर और नंदीग्राम विधानसभा सीटों से भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी।

# पश्चिम बंगाल: केवल सत्ता परिवर्तन ही न्याय दिला सकता है: आरजी कर मृतका के माता-पिता

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के 'कुशासन' को केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही समाप्त कर सकती है। वही उनकी बेटी के लिए न्याय के साथ-साथ राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। आरजी कर अस्पताल में जिस महिला चिकित्सक की हत्या कर दी गई थी, उसकी शोक संतप्त मां ने यह बात कही।

अगस्त 2024 में राज्य सरकार के आरजी कर अस्पताल के एक बंद सेमिनार कक्ष में 26 वर्षीय महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या कर दी गयी थी। दिवंगत चिकित्सक की मां रत्ना देबनाथ को भाजपा ने उत्तर 24 परगना जिले के पनिहाटी निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है, जिसे तृणमूल का गढ़ माना जाता है। इस मुद्दे को लेकर देशव्यापी आक्रोश और महीनों तक अस्पताल परिसर व चिकित्सा संस्थानों में विरोध प्रदर्शन हुए।

महिला चिकित्सक के माता-पिता ने कहा कि अब उनका मानना है कि सच्चाई के पूरी तरह सामने आने के लिए राजनीतिक परिवर्तन आवश्यक है। परिजनों ने एक साक्षात्कार में कहा कि भाजपा से जुड़कर आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का उनका निर्णय न्याय के लिए उनकी निरंतर लड़ाई से प्रेरित है।पिता ने कहा- केवल भाजपा ही मेरी बेटी के लिए न्याय सुनिश्चित कर सकती है और राज्य की महिलाओं को सुरक्षा प्रदान कर सकती है।

उन्होंने कहा कि हम शुरू से कहते आ रहे हैं कि हम किसी को भी अपनी बच्ची की मौत पर राजनीति करने की अनुमति नहीं देंगे। लेकिन वामपंथियों ने विरोध प्रदर्शन के अलावा क्या किया?

उन्होंने कहा कि मैं और मेरी पत्नी एक टीम हैं। हम दोनों पूरे निर्वाचन क्षेत्र में साथ-साथ घूमेंगे और तृणमूल के खिलाफ प्रचार करेंगे।

### नामांकन वापसी का समय समाप्त 2,200 उम्मीदवार मैदान में

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के साथ-साथ गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में उपचुनावों के लिए नामांकन वापस लेने की समय-सीमा गुरुवार दोपहर तीन बजे समाप्त हो गयी। चुनाव आयोग के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो चुकी है और लगभग 2,200 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 15 मार्च को की गयी थी, जिसके तहत मतदान का पहला चरण नौ अप्रैल को निर्धारित है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार तीन राज्यों की 296 विधानसभा सीटों पर 2,140 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। असम की 126 सीटों पर 789 उम्मीदवार, केरल की 140 सीटों पर 985 उम्मीदवार और पुडुचेरी की 30 सीटों पर 366 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं उपचुनावों में चार राज्यों के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में 66 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं।

### असम: कांग्रेस ने चुनाव के लिए नियुक्त किए छह पर्यवेक्षक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए छह पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार, अशोक सिंह, विनोद वर्मा, अनिरुद्ध सिंह, वीरेंद्र राठौर, योगेश दीक्षित और आदित्य शर्मा को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का पर्यवेक्षक बनाया गया है। इससे पहले, सात जनवरी को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की को असम के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गयगा है। असम की सभी 126 विधानसभा सीट के लिए चुनाव नौ अप्रैल को एक ही चरण में होंगे, जबकि मतगणना चार मई को होगी।

### पुडुचेरी: द्रमुक ने कांग्रेस को चेताया छह सीटों से प्रत्याशी नहीं हटाए तो तमिलनाडु में भुगतेगी अंजाम

**पुडुचेरी, एजेंसी।** पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने गुरुवार को अपने मुख्य सहयोगी दल कांग्रेस को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर उसके उम्मीदवारों ने यहां छह सीटों से नामांकन वापस नहीं लिया, तो तमिलनाडु चुनाव में भी इसके गंभीर परिणाम होंगे।

द्रमुक ने स्पष्ट किया है कि ऐसी स्थिति में वह तमिलनाडु की उन 28 सीटों पर भी 'फ्रेंडली फाइट' का फॉर्मूला अपनाएगी जो कांग्रेस को आवंटित की गई हैं। विवाद की जड़ पुडुचेरी की वे 14 सीटें हैं जो गठबंधन समझौते के तहत द्रमुक को मिली थीं। कांग्रेस ने गठबंधन और सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने से पहले ही समय की कमी का हवाला देते हुए अपने दावेदारों को नामांकन दाखिल करने के लिए कह दिया था। अब तकनीकी रूप से कालापेट, मंगलम, राजभवन, करैकल (दक्षिण), नेल्लीथोप और तिरुभुवननी सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान में हैं और उन्होंने द्रमुक के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया है। मामला तब और बिगड़ गया जब बुधवार शाम कांग्रेस समिति की पदाधिकारी डॉली शर्मा ने मीडिया से कहा कि इन छह निर्वाचन क्षेत्रों में द्रमुक और कांग्रेस के बीच मैत्रीपूर्ण मुकाबला होगा। इस बयान से द्रमुक पदाधिकारियों में भारी रोष व्याप्त हो गया।

### केरल: भाजपा की खुशी के लिए राहुल को निशाना बना रहे विजयन

**कोल्लम, एजेंसी।** कांग्रेस के नेता वी.डी. सतीशन ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुश करने के लिए राहुल गांधी को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने विजयन के इस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही कि राहुल गांधी और कांग्रेस, पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी-टीम हैं। सतीशन ने आरोप लगाया कि वे उन्हें (मुख्यमंत्री को) ब्लैकमेल कर रहे हैं ताकि यहां सीट जीत सकें। 2024 के लोकसभा चुनाव में त्रिशूर में सुरेश गोपी की जीत सुनिश्चित करने के लिए, करुवन्नूर सर्विस कोऑपरेटिव बैंक मामले में प्रवर्तन निदेशालय का इस्तेमाल करके उन्हें ब्लैकमेल किया गया।

### तमिलनाडु: द्रमुक ने एलपीजी संकट को लेकर केंद्र पर निशाना साधा

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों की कमी के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को निशाना साधा और कहा कि वह विदेश नीति में विफलता की ओर बढ़ने के लिए आलोचना का सामना कर रही है। स्कूल शिक्षा मंत्री एनबिल महेश पोय्यामोझी ने कहा कि केंद्र सरकार को ईंधन की कमी से जुड़े मुद्दों पर आम आदमी के सवालों के जवाब देने होंगे। पोय्यामोझी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा दो मिनट के वीडियो में कहा कि भाजपा सरकार राज्यों के साथ तालमेल करने में विफल रही है और विदेश नीति को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही है। देश का नागरिक होने के नाते मैं पूछना चाहता हूं कि क्या केंद्र सरकार पश्चिम एशिया के हालात से उपजी एलपीजी की कमी के संकट से सही से निपट पा रही है।

अमृत विचार



## वर्ल्ड ब्रीफ

### इमरान खान के बेटे ने संयुक्त राष्ट्र में पिता की सेहत पर जताई चिंता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के पुत्र कासिम खान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में अपने पिता की हिरासत को लेकर चिंता जताई है। कासिम ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद में आरोप लगाया है कि जेल में अधिकारी उनके पिता के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में 2023 से जेल में बंद उनके पिता के साथ किया जा रहा बर्ताव पाकिस्तान में राजनीतिक दमन के एक व्यापक स्वरूप को दर्शाता है, जो 2022 में उनके पद से हटाए जाने के बाद से ही साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि इमरान खान सरकारी तोहफों से जुड़े एक कथित भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की सजा काट रहे हैं और उन्हें अदियाला जेल में रखा गया है।

### सिंगापुर: भारतीय बच्चों को डिक्की पर बैठाकर कार चलाने पर फंसा

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने लग्जरी स्पोर्ट्स कार चलाते समय अपने दो बच्चों को डिक्की के कवर पर बैठाने के आरोप में भारतीय मूल के एक व्यक्ति के खिलाफ बृहस्पतिवार को मामला दर्ज किया। 'चैनल न्यूज एशिया' की रिपोर्ट के अनुसार प्रेम आनंद सुगुनकुमार पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया गया है, जिससे 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई। रिपोर्ट के अनुसार 20 अक्टूबर 2025 को प्रेम ने एक पॉश रिहायशी इलाके में गाड़ी चलाते समय अपने आठ और सात साल के बच्चों को कार के पीछे डिक्की के ऊपर कवर पर बैठा रखा था। इस घटना का वीडियो पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### चीनी राजदूत ने कहा, पाकिस्तान को समर्थन देता रहेगा चीन

**इस्लामाबाद।** चीन के राजदूत जियांग जेदोंग ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की और आश्वासन दिया कि चीन पाकिस्तान में व्यापार व निवेश के लिए निरंतर समर्थन देता रहेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बैठक में उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इस्हाक डार भी मौजूद थे। बैठक में जियांग ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिरता की सराहना की। शरीफ ने चीन के निरंतर आर्थिक समर्थन की सराहना करते हुए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता दोहराई कि वह चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा के दूसरे चरण को आगे बढ़ाते हुए कृषि, औद्योगिक सहयोग और प्राथमिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा।

# भीषण तूफान में एक घंटे फंसा रहा ममता बनर्जी का विमान

कोलकाता, एजेंसी



- हलक में अटकी रही अधिकारियों की जान, कई प्रयास के बाद उतरा

सांस रोक देने वाले एक घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विमान बृहस्पतिवार को भीषण तूफान और भारी बारिश के कारण करीब एक घंटे तक हवा में फंसा रहा। कई प्रयासों के बाद पायलट जब उसे सुरक्षित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने में सफल हुआ तो अधिकारियों की जान में जान आई।

हवाई अड्डे के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ममता बनर्जी का विमान भीषण तूफान और भारी बारिश के कारण एक घंटे से भी ज्यादा समय तक हवा में फंसा रहा। खराब मौसम, भारी बारिश और हवाईअड्डा क्षेत्र के आसपास चल रही तेज हवाओं के कारण उसे उतरने की अनुमति नहीं दी गई थी। बताया गया कि पायलट ने विमान उतारने के कई प्रयास किए लेकिन सफल नहीं हुआ। एक समय जब तूफान थोड़ा कम हुआ तो विमान कोलकाता हवाई अड्डे के करीब पहुंचा था लेकिन मौसम फिर बिगड़ने के कारण उसे लैंडिंग किए बगैर उड़ना पड़ा। काफी देर बाद वह लैंड करने में सफल हो पाया। मुख्यमंत्री चुनाव रैलियां कर कोलकाता लौट रही थीं।

## दुनिया भर में आगे निकलने की होड़

कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज के समय का नया सोना बन चुका है। दुनिया भर में इसे लेकर एक रणनीतिक युद्ध छिड़ा हुआ है, जहां हर देश अपनी अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति और गवर्नेंस को एआई के जरिए अपग्रेड करने में जुटा है। भारत भी एआई क्षेत्र के शीर्ष 10 देशों में शामिल है लेकिन तमाम दावों के बावजूद उसकी स्थिति विकसित देशों के मुकाबले काफी कमतर है। दुनिया में भारत को अब तक इस दौड़ में एक स्लीपिंग जायंट यानी सोता हुआ विशालकाय जीव बताया जा रहा था, हालांकि कहा जा रहा है कि अब भारत भी जाग चुका है। भारत सरकार ने इंडिया एआई मिशन के लिए 10,372 करोड़ रुपये का बजट भी आवंटित किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वदेशी कंप्यूटिंग क्षमता को बढ़ाना है। भारत की कोशिशों के परिणाम अभी सामने आने बाकी हैं।

# एआई की दौड़ में भारत




शीर्ष देश

### संयुक्त राज्य अमेरिका नंबर वन

- अमेरिका फिलहाल एआई का निर्विवाद राजा है। ओपन एआई, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियां वैश्विक मानक तय कर रही हैं।
- दुनिया के सबसे शक्तिशाली लार्ज लैंग्वुएज मॉडल्स और एआई चिप्स पर नियंत्रण है। रिसर्च-डेवलपमेंट में निजी निवेश खरबों डॉलर में है।

### चीन दौड़ में प्रमुख प्रतिद्वंद्वी

- फेसियल रिकग्नीशन, निगरानी तकनीक, स्मार्ट सिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर में चीन ने सबको पीछे छोड़ दिया है। एआई मॉडल पर तेजी से काम।
- चीन के पास डेटा का विशाल भंडार और सरकार का सख्त समर्थन है। लक्ष्य 2030 तक दुनिया का मुख्य एआई इनोवेशन सेंटर बनना है।

### यूके तीसरा दिग्गज

- ब्रिटेन यूरोप का एआई हब है। डीपमाइंड की यहीं से शुरुआत हुई थी जो अब गूगल का हिस्सा है।
- ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और एआई सुरक्षा पर नीतिगत कार्य देश को अग्रणी बनाते हैं।
- यह देश एआई क्षेत्र में दुनिया और एआई कंपनियों के बीच एक नियामक पुल का काम कर रहा है।

### चौथे नंबर पर यूएई

- यूएई ने दुनिया का पहला एआई मंत्री नियुक्त किया है। फाल्कन एलएलएम को दुनिया के बेहतरीन ओपन सोर्स मॉडल्स में गिना जाता है।
- तेल से परे अपनी अर्थव्यवस्था को ले जाने के लिए यूएई भारी निवेश कर रहा है और दुनिया भर के टैलेंट को अपनी ओर खींच रहा है।

### कहां पर भारत

- एआई के क्षेत्र में बढ़त हासिल करने के लिए डेटा चाहिए और भारत के पास दुनिया का सबसे विविध डेटा सेट है।
- यूपीआई और आधार जैसे डिजिटल ढांचे ने देश में एआई के कार्यान्वयन को ज्यादा आसान बना दिया है।
- हर बड़े वैश्विक एआई प्रोजेक्ट के पीछे भारतीय इंजीनियर्स हैं। अब इस टैलेंट को देश में ही रोकने की योजना है।

**भारतीय प्रतिभा के सभी मुरीद**

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की एआई इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार, एआई कौशल के मामले में भारत दुनिया में नंबर 1 पर है।

ताइवान की कंपनी टीएसएमसी दुनिया के 90% से अधिक सबसे उन्नत एआई चिप्स बनाती है। इसके बिना एआई की रेस रुक सकती है।

### चुनौतियां और कोशिशें

- भारत सॉफ्टवेयर और एप्लीकेशन बनाने में तो आगे है, लेकिन एआई चिप्स के मामले में अमेरिका और ताइवान पर निर्भर है।
- भारत ने भाषा अनुवाद के लिए भाषिणी और क्रुत्रिम जैसे भारतीय परिवेश अनुकूल मॉडल विकसित करना शुरू कर दिया है।

चीन रेयर अर्थ एलिमेंट्स का पूरी दुनिया में सबसे बड़ा उत्पादक है। चिप के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले गैलियम और जर्मेनियम पर चीन का लगभग एकाधिकार है।

# लंबा चल सकता है ईरान से युद्ध, अमेरिका कर रहा है अपने आरक्षित तेल भंडार का इस्तेमाल

## ट्रंप के पूर्व सलाहकार जॉर्ज पापाडोपोलोस ने किया दावा, कहा- लंबे युद्ध के लिए बनाए गए थे ये भंडार

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका का अपने रणनीतिक भंडार से तेल का उपयोग करना इस जोखिम का संकेत करार दिया जा रहा है कि ईरान के साथ संघर्ष लंबा खिंच सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले अभियान के विदेश नीति सलाहकार जॉर्ज पापाडोपोलोस ने यह दावा किया है। पापाडोपोलोस ने कहा, इन भंडारों को केवल अत्यधिक संकट के दौरान उपयोग करने के लिए बनाया गया है, जैसे कि अमेरिका में या दुनिया भर में होने वाला लंबी अवधि का कोई भी संभावित युद्ध।

पापाडोपोलोस ने कहा कि अमेरिका का वर्तमान भंडार केवल लगभग एक महीने या उससे भी कम समय तक चल सकता है। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने इससे पहले मार्च में कहा था कि वॉशिंगटन अपने रणनीतिक भंडार से 17.2 करोड़ बैरल तेल निकालेगा और 2027 में इसमें 20 करोड़ बैरल तेल फिर से भरेगा। इतनी बड़ी मात्रा में तेल जारी करने में लगभग 120 दिन लग सकते हैं। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान के कई ठिकानों पर हमले किए थे,



तेहरान में बृहस्पतिवार को सरकार समर्थकों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया।

### अमेरिका चार गुना बढ़ाएगा अपना मिसाइल उत्पादन

**डलास।** अमेरिकी युद्ध विभाग ने रक्षा उत्पाद बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन के साथ प्रिसिजन स्ट्राइक मिसाइल का उत्पादन चार गुना बढ़ाने के लिए समझौते की घोषणा की है ताकि दुश्मनों के मुकाबले सैन्य शक्ति को और मजबूत किया जा सके। यह समझौता पिछले साल अमेरिकी सेना के साथ हुए 4.94 अरब डॉलर (41,000 करोड़ रुपये) के अनुबंध पर आधारित है। अमेरिकी कांग्रेस से मंजूरी के बाद इस समझौते को सात साल के अनुबंध में बदला जा सकता है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड पुष्टि कर चुका है कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के दौरान पहली बार पीआरएसएम मिसाइलों का युद्ध में इस्तेमाल किया गया था।

### ईरान बाब-अल मंदेब में खोलेगा नया मोर्चा

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका का मुकाबला करने के लिए बाब-एल-मंडेब जलडमरूमध्य में एक नया मोर्चा खोलने की धमकी दी है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने पहले ही कहा था कि यदि संघर्ष जारी रहता है तो ईरान अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नए मोर्चे खोल सकता है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने एक सैन्य स्रोत के हवाले से बताया कि ईरान लाल सागर में उस रणनीतिक जलमार्ग को खतरे में डालने में सक्षम है। यदि अमेरिका ईरान के दक्षिणी क्षेत्रों और ईरानी द्वीपों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने का प्रयास करता है तो अमेरिका का मुकाबला करने के लिए यह नया मोर्चा खोला जाएगा।

### अलर्ट: अमेरिकी नागरिक फौरन छोड़ें इराक

**बगदाद।** इराक में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के बढ़ते हमलों के बीच इराक स्थित अमेरिकी दूतावास ने सुरक्षा अलर्ट जारी कर अपने सभी नागरिकों को तत्काल इराक छोड़ने का निर्देश दिया है। दूतावास की ओर से बृहस्पतिवार को जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अमेरिकी मिशन अभी खुला है, लेकिन मिसाइल, ड्रोन और रॉकेट हमलों के खतरे को देखते हुए नागरिकों को दूतावास या इरबिल स्थित वाणिज्य दूतावास के करीब न आने की सलाह दी गई है। अमेरिका ने इराक के लिए यात्रा नहीं करने की स्तर चार की चेतावनी जारी रखते हुए स्पष्ट कहा है कि नागरिक किसी भी कारण से इराक न जाएं और जो वहां मौजूद हैं, वे तुरंत निकल जाएं। परामर्श में कहा गया है कि इराक का हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण व्यावसायिक उड़ानें संचालित नहीं हो रही हैं। नागरिक सड़क मार्ग से जॉर्डन, कुवैत, सऊदी अरब या तुर्की जाने का विकल्प चुन सकते हैं।

## पाकिस्तान के आग्रह पर इजराइल ने शीर्ष ईरानी अधिकारियों को हिट लिस्ट से हटाया

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के अनुरोध पर इजराइल ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबाफ को अपनी हिट लिस्ट से हटा दिया है। इजराइली अखबार टाइम्स ऑफ इजराइल ने रॉयटर्स के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है।

एक पाकिस्तानी अधिकारी के अनुसार इजराइल के पास इन दोनों ईरानी हस्तियों को निशाना बनाने के लिए

**अराघची और गालिबाफ थे निशाने पर**

उनकी भौतिक स्थिति का पता लगाने वाले भौगोलिक आंकड़े थे, लेकिन पाकिस्तान ने तर्क दिया कि उन्हें खत्म कर देने से बातचीत के लिए कोई भी भरोसेमंद राजनयिक संपर्क नहीं बचेगा। इसी बात को ध्यान में रखते हुए अमेरिका ने इजराइल से पीछे हटने को कहा।

द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इन दोनों ईरानी अधिकारियों को कुछ दिनों के लिए सूची से हटा दिया गया है, क्योंकि ट्रंप ने बातचीत का दरवाजा खोल दिया है। तुर्की, पाकिस्तान और मिस्र के मध्यस्थ अमेरिका और ईरान के अधिकारियों के बीच बातचीत कराने की कोशिशों में जुटे हैं। हालांकि, मतभेदों की खाई काफी गहरी होने के कारण किसी ठोस नतीजे पर पहुंचने की संभावनाएं कम ही हैं।

# भीषण युद्ध की कगार पर खड़ी है दुनिया: गुटेरेस

न्यूयॉर्क, एजेंसी



- संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बड़े वैश्विक आर्थिक संकट की आशंका जताई

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध बेकाबू हो गया है और युद्ध का विस्तार होने से नागरिकों की पीड़ा और वैश्विक आर्थिक संकट गहरा गया है। गुटेरेस ने कहा कि युद्ध शुरू होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद यह लड़ाई सबसे खराब आशंकाओं से भी आगे निकल गई है। दुनिया एक व्यापक युद्ध के कगार पर खड़ी है। उन्होंने संबधित पक्षों से युद्ध को तत्काल रोकने और कूटनीति एवं अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यूएन महासचिव ने कहा कि उन्होंने जीन अर्नोल्ट को अपना निजी दूत नियुक्त किया है, ताकि जमीनी स्तर पर दोनों पक्षों के साथ सीधे तौर पर जुड़ने और चल रही शांति पहलों का समर्थन करने सहित मध्यस्थता प्रयासों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने हताहतों की बढ़ती संख्या और आर्थिक दुष्परिणामों का हवाला देते हुए अमेरिका और इजराइल से युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने ईरान से भी युद्ध में प्रत्यक्ष रूप से शामिल न होने वाले पड़ोसी देशों पर हमले रोकने का आह्वान किया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ऐसे कृत्यों की निंदा की है।

महासचिव ने प्रमुख नौवहन मार्गों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधानों पर चिंता व्यक्त की और चेतावनी दी कि लंबे समय तक बंद रहने से विश्व भर में कृषि के लिए महत्वपूर्ण समय में तेल, गैस एवं उर्वरकों का प्रवाह बाधित हो सकता है।

**गरीब-कमजोर लोग भुगत रहे खामियाजा**

गुटेरेस ने लेबनान की स्थिति की भी चर्चा की, जहां उन्होंने हाल ही में दौरा किया था और हिजबुल्ला से इजराइल पर हमले रोकने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गाजा मॉडल को लेबनान में नहीं दोहराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से वैश्विक बाजार अस्त-व्यस्त हो गए हैं, जबकि मानवीय सहायता अभियान गंभीर बाधाओं का सामना कर रहे हैं और इस संकट का सबसे अधिक खामियाजा सबसे गरीब एवं सबसे कमजोर लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

# जयशंकर फ्रांस दौरे पर रवाना हुए, जी 7 बैठक में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज को खुला रखने पर होगी चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को फ्रांस रवाना हो गए। इस बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा होगी और होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

भारत हालांकि जी 7 का सदस्य नहीं है लेकिन इस प्रभावशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया है। इस बैठक में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, इटली, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक हिस्सा ले रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री 26 और 27 मार्च को फ्रांस में एबे डेस-वॉक्स-डे-सेर्ने की यात्रा करेंगे, जहां वह साझेदार देशों के साथ जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। बयान में कहा गया कि जयशंकर जी7 बैठक से इतर अपने समकक्षों के साथ संभवतः द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। फ्रांस ने भारत के अलावा सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ब्राजील को भी आमंत्रित किया है।

फ्रांस के एक अधिकारी के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट पर एक अलग सत्र आयोजित किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि मंत्री इस क्षेत्र में तनाव कम करने और समुद्री मार्ग फिर से खोलने के लिए विभिन्न वार्ता माध्यमों की तलाश करने पर विचार-विमर्श करेंगे।

**ईरान के परमाणु-बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम भी मुद्दा**

अधिकारी ने कहा कि विदेश मंत्री इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक कार्यक्रम से कैसे निपटा जाए। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है। पश्चिम एशिया, भारत की ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत रहा है।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान का युद्धविराम खत्म, शुरू हुए हमले

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर अस्थायी युद्धविराम खत्म होने के बाद बुधवार को एक बार फिर हमले शुरू हो गए। इस संघर्ष में अफगानिस्तान के पूर्वी हिस्से में दो नागरिकों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए।

अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में सूचना और संस्कृति विभाग के प्रवक्ता जिया-उर-रहमान स्पिंगहर ने बताया कि ईद-उल-फितर से पहले दोनों पक्षों ने संक्षिप्त संघर्षविराम की घोषणा की थी। इसके खत्म होते ही पाकिस्तानी बलों ने नराई और सरकानो जिलों में दर्जनों तोप के गोले दागे, जिससे दो की मौत हो गई और आठ घायल हो गए।

## दिल्ली के स्कूलों में रील बनाने पर सरकार ने लगाई पाबंदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सभी विद्यालयों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी स्कूल के समय के दौरान रील या शॉर्ट वीडियो न बनाएं। सरकार ने जोर दिया कि ऐसी गतिविधियों से शैक्षणिक कार्य, अनुशासन या संस्थानों की गरिमा को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए।

शिक्षा निदेशालय ने जारी एक परिपत्र में कहा कि निदेशालय को जानकारी मिली है कि स्कूल परिसर में मनोरंजन के लिए शॉर्ट वीडियो बनाए जा रहे हैं और विद्यालय प्रमुखों को कक्षा के समय के दौरान ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए। कहा गया है कि शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करने या विद्यार्थियों का ध्यान भटकाने वाली किसी भी गतिविधि पर रोक लगाई जानी चाहिए।

## बांग्लादेश : बस नदी में गिरने से 24 लोगों की मौत, कई लापता

- बस को नौका पर चढ़ाने के दौरान हुआ हादसा, लापता लोगों की तलाश जारी

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बस के परिवहन नौका पर चढ़ने की कोशिश के दौरान नदी में गिर जाने से 24 लोगों की मौत हो गई, कई लोग लापता भी हैं। बस दक्षिण-पश्चिमी राजबारी जिले में दौलाडिया टर्मिनल पर बुधवार शाम करीब सवा पांच बजे पद्मा नदी में गिर गई। अनुमान है कि ढाका जा रही इस बस में बच्चों समेत करीब 40 यात्री सवार थे और उनमें से अधिकतर ईद की छुट्टियां मनाकर राजधानी लौट रहे थे।

स्थानीय अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के अनुसार, बस के अंदर से 11 महिलाओं, छह पुरुषों और पांच बच्चों समेत 22 लोगों के शव मिले। उन्होंने कहा, हमजा (बचाव पोत) ने क्रेन की मदद से बस को बाहर निकाला। गोताखोरों ने इससे पहले दो महिलाओं के शव बरामद किए थे और शेष 22 शव खराब मौसम के बीच छह घंटे के प्रयास के बाद बस को नदी से बाहर निकाले जाने पर बुधवार मध्यरात्रि के करीब मिले। दमकल सेवा और तटरक्षक बल के गोताखोर सेना और पुलिस की मदद से लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने बचाव अभियान की जानकारी लेने के लिए उनसे फोन पर बात की और हादसे की जांच के आदेश दिए। करीब 11 यात्री तैरकर किनारे पहुंचने में सफल रहे या उन्हें बचा लिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज व्यापार में नई योजनाएं बन सकती हैं। सफलता के रास्ते खुलेंगे। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

**वृष** — आज का दिन नया काम शुरू करने के लिए अच्छा है। करियर में सकारात्मक बदलाव के संकेत हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**मिथुन** — आज पुराने काम पूरे होने से राहत मिलेगी। थकान महसूस हो सकती है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कर्क** — आज संवाद आपके लिए फायदेमंद रहेंगे। घर-परिवार में किसी मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। काम में धैर्य बनाए रखें।

**सिंह** — आज आत्मविश्वास बढ़ेगा और काम में सफलता मिलेगी। नेतृत्व क्षमता की सराहना हो सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

**कन्या** — आज मेहनत के परिणाम अच्छे मिलेंगे। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। छोटी-छोटी बातों पर तनाव लेने से बचें।

**तुला** — आज आपकी गुप्त योजनाएं सफल हो सकती हैं। कारोबार में धन लाभ के संकेत हैं। सोच-समझकर निर्णय लें।

**वृश्चिक** — आज लंबी यात्रा का योग बन सकता है। काम में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। मन प्रसन्न रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**धनु** — आज मेहनत का फल मिलने का समय है। करियर में स्थिरता व प्रगति के संकेत हैं। परिवार का सहयोग मिलने से मन शांत रहेगा।


**मकर** — आज नई संभावनाएं मिलेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। नए विचार और रचनात्मकता बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज व्यापार में बड़ी साझेदारी के प्रबल योग हैं। मेहमान का घर पर आगमन हो सकता है। संतान का विशेष ध्यान रखें।

**मीन** — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिलेगा। मधुमेह के रोगी अपना विशेष ख्याल रखें। परीक्षार्थी को किसी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 27 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 10 .06 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुनर्वसु 15 .24 तक तत्पश्चात पुष्य।

### सुडोकू - 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 1 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 8 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |

### सुडोकू -101

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 7 | | | 2 | | |
| 8 | | | | 2 | | 6 | | |
| | 3 | | | | 6 | | | |
| 6 | | 8 | | | | | 2 | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | | 4 | | | 3 | | 9 |
| | 6 | 4 | | | | | 7 | |
| | | 1 | | 6 | | | | 2 |
| | | | | | 8 | | 5 | |

## मध्य प्रदेश: सीने में लगा एयरगन का पेलेट युवक की मौत

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के स्टेशनगंज थाना क्षेत्र के डांगीढाना गांव में एयरगन का पेलेट लगने से एक युवक की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार डांगीढाना निवासी आदित्य लोधी (18) घर में एयरगन रख रहा था, तभी अचानक ट्रिगर दबने से पेलेट उसके सीने में जा लगा। उसे तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी रही। सुधार न होने पर उसे जबलपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में तबीयत बिगड़ने पर वापस जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**वैश्विक संकट** — अमेरिका-ईरान युद्ध ने बढ़ाई वैश्विक खाद्य सुरक्षा की चिंता, उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की आशंका

# देश में शुरू हुई कृषि व्यापार नियमों को बदलने की कवायद

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका -इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने न सिर्फ तेल बाजारों को प्रभावित किया है बल्कि वैश्विक खाद्य और उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला में बड़ी बाधाएं पैदा कर भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। इस संकट के कारण अर्थशास्त्री और विभिन्न सरकारें अब वैश्विक कृषि व्यापार नियमों को नए सिरे से तैयार करने का प्रस्ताव बना रहे हैं ताकि भविष्य में इस तरह के झटकों से निपटा जा सके।

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान के पूर्व डब्ल्यूटीओ चेयरमैन प्रोफेसर



विश्वजीत धर के मुताबिक होर्मुज जलडमरूमध्य से यातायात संचालन में आई बाधा ने उजागर कर दिया है कि ऊर्जा, उर्वरक और खाद्य प्रणालियां एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। एलएनजी के प्रवाह में रुकावट और बढ़ती ऊर्जा लागत से भारत जैसे देशों में उर्वरक उत्पादन और कीमतों पर सीधा असर पड़ा है। प्रमुख अर्थशास्त्रियों ने प्रस्तावित 'मॉडल ट्रीटी ऑन एग्रीकल्चरल ट्रेड' में तर्क दिया है कि विश्व व्यापार संगठन का मौजूदा ढांचा जलवायु परिवर्तन, महामारी और युद्ध जैसे झटकों से निपटने में अक्षम साबित हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ढांचा शुरू से ही दोषपूर्ण था और अब इसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के तनाव परीक्षण में विफल पाया गया है। भारत अपनी जरूरत का लगभग पांचवां हिस्सा यूरिया, आधा हिस्सा डीएपी और लगभग पूरी पोटाश मात्रा आयात करता है।

खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति और समुद्री मार्गों में बढ़ते जोखिमों से बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई की लागत में भारी वृद्धि हुई है, जिससे उर्वरकों की कीमतों में उछाल आया है। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने फिलहाल इस झटके को किसानों तक पहुंचने से रोकने के लिए उच्च सब्सिडी के माध्यम से अवशोषित करने का निर्णय लिया है।

**स्थायी रह सकता है संकट, भारत ने शुरू की नए स्रोतों की तलाश**

विशेषज्ञों का मानना है कि संघर्षविराम होने के बावजूद, होर्मुज से होने वाले व्यापार में युद्ध जोखिम प्रीमियम स्थायी रूप से जुड़ सकता है। इसका मतलब है कि भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा और उर्वरक की लागत संरचनात्मक रूप से हमेशा के लिए ऊंची बनी रह सकती है। बदलते हालात को देखते हुए भारत अब पोटाश और फॉस्फेट के लिए नए स्रोतों की तलाश कर रहा है और विदेशी खनिज संपत्तियों में निवेश बढ़ा रहा है। इसके साथ ही, घरेलू यूरिया उत्पादन विस्तार और खाड़ी क्षेत्र के बाहर से लंबी अवधि के एलएनजी अनुबंधों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि बाहरी झटकों को कम किया जा सके। वर्तमान संकट ने यह भी साफ किया है कि जब आपूर्ति श्रृंखलाएं अत्यधिक केंद्रित होती हैं तो झटके केवल स्थानीय नहीं रहते बल्कि वैश्विक स्तर पर फैल जाते हैं।



> दिल्ली कैपिटल्स में वापसी के बाद मैंने अपने पुराने रूटीन पर तीन गुना ज्यादा मेहनत शुरू कर दी है, चाहे वह ट्रेनिंग हो या बल्लेबाजी। मेरे लिए यह ब्रेक बहुत जरूरी था। इसने मुझे दिमागी तौर पर और ताकतवर बनाया है।
> – पृथ्वी शॉ



मुरादाबाद, शुक्रवार, 27 मार्च 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

# रोहित-कोहली को स्वदेश में नौ वनडे खेलने का मौका



- बीसीसीआई ने जारी किया 2026-27 के घरेलू सत्र का कैलेंडर
- कानपुर के हाथ खाली, लखनऊ को मिला एक मैच

**05** टेस्ट, नौ वनडे और आठ टी-20 मैच खेलेगा भारत

**17** शहरों में 22 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को सीनियर पुरुष टीम के घरेलू सत्र का कैलेंडर जारी किया जिसमें पांच टेस्ट, नौ वनडे और आठ टी20 मैच शामिल हैं। वनडे मैचों पर निश्चित रूप से सबकी नजर रहेगी क्योंकि विराट कोहली और रोहित शर्मा की दिग्गज जोड़ी के उन सभी मैचों में खेलने की उम्मीद है। यह दोनों स्टार बल्लेबाज अब केवल वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला जनवरी, फरवरी और मार्च 2027 में खेली जाएगी। इसकी शुरुआत 21 जनवरी को नागपुर में होगी। इसके बाद दूसरा टेस्ट मैच चेन्नई में (29 जनवरी से दो फरवरी) और आठ दिन के अंतराल के बाद तीसरा टेस्ट 11 से 15 फरवरी तक गुवाहाटी में खेला जाएगा।

रांची में चौथा टेस्ट 19 से 23 फरवरी के बीच खेला जाएगा, जबकि अहमदाबाद में अंतिम टेस्ट 27 फरवरी से शुरू होगा। पांच स्थानों में से नागपुर (जहां आखिरी बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था), चेन्नई (जहां आखिरी बार 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था), रांची (जहां आखिरी बार 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था) और अहमदाबाद (जहां आखिरी बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच हुआ था) को रोटेशन नीति के अनुसार मेजबानी मिली है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि गुवाहाटी को फिर से मेजबानी कैसे मिली जबकि उसने नवंबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टेस्ट मैच आयोजित किया था। भारत के घरेलू सत्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगी। इसके अलावा भारत वेस्टइंडीज, श्रीलंका और जिम्बाब्वे की मेजबानी भी करेगा। जिम्बाब्वे 2002 के बाद पहली बार भारत में द्विपक्षीय श्रृंखला खेलेगा। जब उसने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए आखरी बार भारत का दौरा किया था तब भारतीय टीम के कप्तान सौरव गांगुली थे।

इस सत्र में 17 शहरों में 22 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे, जिनमें वेस्टइंडीज की टीम सबसे पहले भारत दौरे पर आएगी। उसका भारत दौरा इस साल 27 सितंबर से शुरू होगा। इस दौरे में तीन मैचों की वनडे और उसके बाद पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला शामिल होगी। वनडे मैच तिरुवनंतपुरम (27 सितंबर), गुवाहाटी (30 सितंबर) और न्यू चंडीगढ़ (03 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। इसके बाद टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच लखनऊ (06 अक्टूबर), रांची (09 अक्टूबर), इंदौर (11 अक्टूबर), हैदराबाद (14 अक्टूबर) और बेंगलुरु (17 अक्टूबर) में खेले जाएंगे। इसके बाद भारत दिसंबर में श्रीलंका की मेजबानी करेगा, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वनडे मैच दिल्ली (13 दिसंबर), बेंगलुरु (16 दिसंबर) और अहमदाबाद (19 दिसंबर) में जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच राजकोट (22 दिसंबर), कटक (24 दिसंबर) और पुणे (27 दिसंबर) में खेले जाएंगे।

## हाईलाइट

### विश्व कप फुटबॉल के अतिरिक्त टिकटों की बिक्री एक अप्रैल से

**लंदन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने बुधवार को घोषणा की कि विश्व कप टिकटों के अंतिम दौर की बिक्री एक अप्रैल से शुरू होगी। फीफा ने कहा कि दिसंबर और फरवरी के बीच पिछली बिक्री के अंत तक दस लाख से अधिक टिकट बिक चुके थे और अतिरिक्त टिकट एक अप्रैल से टूर्नामेंट के अंत तक आम बिक्री के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। विश्व कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में आयोजित किया जाएगा। फीफा को टिकटों की कीमत को लेकर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दिसंबर में टिकटों की बिक्री आम जनता के लिए शुरू की गई थी और तब फुटबॉल प्रेमियों ने फीफा पर विश्वासघात का आरोप लगाया था क्योंकि ग्रुप चरण का सबसे कम कीमत वाला टिकट 140 डॉलर का था जबकि फाइनल के टिकटों की कीमत 8680 डॉलर तक थी।

### कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा स्कीट निशानेबाजों को

**टैंगियर (मोरक्को)।** भारत के स्कीट निशानेबाजों को शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप के शुरुआती दिन कई मंझे हुए खिलाड़ियों का सामना करना पड़ेगा जिससे उनके लिए पदक हासिल करना आसान नहीं होगा। इस प्रतियोगिता में कई चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरुआत पुरुष और महिला दोनों वर्ग में 75 निशानों के साथ होगी। बाकी 50 निशाने और फाइनल रविवार को होगा। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में अधिकतम छह खिलाड़ियों को रखने का कोटा पूरा किया है। इसके साथ ही पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो ऐसे निशानेबाज भी शामिल हैं जो केवल रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### लेग-स्पिनर राहुल चाहर सरे के लिए आठ मैच खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के लेग-स्पिनर राहुल चाहर इस साल सरे क्लब में वापसी करते हुए काउंटी चैम्पियनशिप के आठ मैच खेलेंगे। उनका पहला मुकाबला सात जून को ओवल में हैम्पशायर के खिलाफ होगा। चाहर ने पिछले साल सितंबर में सरे के लिए पदार्पण किया था और क्लब के लिए अपने एकमात्र मैच में हैम्पशायर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट लिए थे। उन्होंने इस दौरान दूसरी पारी में 51 रन देकर आठ विकेट झटके, जो क्लब पदार्पण पर प्रथम श्रेणी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है।

### शटलर कैरोलिना मारिन ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने घुटने की चोट से लंबे समय तक परेशान रहने के बाद बृहस्पतिवार को अपने पेशेवर करियर से संन्यास लेने की घोषणा की। उनके करियर में ओलंपिक स्वर्ण पदक और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब शामिल हैं। मारिन ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश साझा कर कहा मेरा सफर यहीं समाप्त होता है। उन्होंने बताया कि चोट के कारण उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए प्रतियोगिता से दूर रहने का कठिन निर्णय लिया।

# 10 नए खिलाड़ी, जो दिखा सकते जलवा

## आईपीएल में इन खिलाड़ियों ने अब तक पदार्पण नहीं किया या पांच से कम मैच खेले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सत्र में अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरी थी तथा इस टी-20 टूर्नामेंट के आगामी सत्र में भी कुछ युवा खिलाड़ी अपना जलवा दिखा सकते हैं। पीटीआई ने सभी 10 फ्रेंचाइजी टीम में से एक ऐसे खिलाड़ी को चुना है जो अगले आठ सप्ताह में क्रिकेट जगत में सितारा बनकर उभर सकता है। इस सूची में उन भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं जिन्होंने या तो अभी तक आईपीएल में पदार्पण नहीं किया है या अब तक पांच से कम मैच खेले हैं।



**अशोक शर्मा (गुजरात टाइटन्स) :** अशोक भारत के सबसे तेज युवा गेंदबाजों में से एक हैं। वह पहले राजस्थान रॉयल्स टीम का हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिला है। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि इस 23 वर्षीय खिलाड़ी को इस सत्र में गुजरात से खेलने का मौका मिलेगा, क्योंकि उसकी टीम में मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ-साथ कैगिसो रबाडा जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं। हालांकि बैकअप के तौर पर उपलब्ध भारतीय तेज गेंदबाजों में गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा अशोक पर नजर डाल सकते हैं, क्योंकि उन्होंने इस साल के एसएमएटी में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार हासिल की थी।



**प्रशांत वीर (चेन्नई सुपर किंग्स) :** भारत में ऐसे कई क्रिकेटर हैं जो धीमी गति से बाएं हाथ से गेंदबाजी करते हैं और बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। लेकिन अमेठी में जन्मे 20 वर्षीय प्रशांत वीर की तरह रवींद्र जडेजा की जगह भरने की चुनौती का सामना कोई नहीं कर रहा है। चेन्नई सुपर किंग्स ने इससे पहले युवा खिलाड़ियों पर इतना अधिक भरोसा कभी नहीं दिखाया था। इस फ्रेंचाइजी ने ट्रायल के दौरान प्रशांत वीर का खेल देखा और इस आधार पर 14.20 करोड़ रुपये की बोली लगाकर उन्हें अपने साथ जोड़ा। प्रशांत वीर ने अब तक सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) में केवल नौ मैच खेले हैं, लेकिन 6.45 की गेंदबाजी इकॉनमी रेट और 167 से अधिक के बल्लेबाजी स्ट्राइक रेट के साथ उम्मीद जगा दी है कि आईपीएल के इस सत्र में वह अपनी विशेष छाप छोड़ सकते हैं।



**अल्लाह गजनफर (मुंबई इंडियंस) :** अगर आईपीएल के प्रशंसक किसी एक गेंदबाज को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, तो वह निश्चित रूप से 20 वर्षीय ग़ज़नफ़र हैं, जो अफगानिस्तान के 'मिस्ट्री स्पिनरों' में नया नाम हैं। ग़ज़नफ़र को पिछले सत्र में केकेआर के लिए खेलना था, लेकिन उन्होंने खेलने से मना कर दिया था। इस सत्र में मुख्य कोच माहेला जयवर्धने चार विदेशी खिलाड़ियों में से एक के रूप में इस्तेमाल करने पर विचार कर सकते हैं।



**जेकब बेथेल (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) :** इस 22 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले सत्र में जिन दो मैचों में खेलने का मौका मिला था, उनमें से एक में उन्होंने अर्धशतक बनाया था। इस बार बेथेल को अधिक मैच खेलने का मौका मिलना तय है क्योंकि वह वानखेड़े में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में शानदार शतक लगाने के बाद आईपीएल में वापसी कर रहे हैं। चिन्नास्वामी की पिच वह जितेश शर्मा के साथ मिलकर विपक्षी टीमों के लिए बुरा सपना साबित हो सकते हैं।



**औकिब नबी (दिल्ली कैपिटल्स) :** औकिब नबी की उम्र 29 साल है और उन्हें युवा खिलाड़ी नहीं कहा जा सकता है लेकिन उनके प्रदर्शन पर सभी की नजर रहेगी। उनके पास घरेलू क्रिकेट का आठ साल का अच्छा खासा अनुभव है। नबी ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम जम्मू कश्मीर को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 60 से अधिक विकेट लिए। उनके लिए आईपीएल काफी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इससे वह भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार भी बन जाएंगे।

**शिवांग कुमार (सनराइजर्स हैदराबाद)**



: मध्य प्रदेश के 23 वर्षीय खिलाड़ी शिवांग बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर हैं, जो उन्हें एक दुर्लभ प्रतिभा बनाता है। भारतीय टीम में कुलदीप यादव ऐसे गेंदबाज हैं। कुलदीप हालांकि क्रीज तक पहुंचने के लिए कोणीय रन-अप लेते हैं, शिवांग का रन-अप अधिक पारंपरिक और सीधा होता है। वह निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल वेटोरी अंतिम एकादश में उनके लिए कोई जगह बना पाते हैं या नहीं।



**नमन तिवारी (लखनऊ सुपर जाइंट्स) :** भारत में बाएं हाथ के अच्छे तेज गेंदबाज बहुत कम हैं और 2024 में अंडर-19 विश्व कप में खेलने वाले नमन तिवारी ने ट्रायल के दौरान सभी को प्रभावित किया है। यह 20 वर्षीय खिलाड़ी नियमित रूप से 140 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करता है। उन्होंने 2024 में यूपी टी20 लीग में नोएडा किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन किया था और जरूरत पड़ने पर वह एक उपयोगी विकल्प हो सकते हैं।



**रवि सिंह (राजस्थान रॉयल्स) :** रेलवे का यह 24 वर्षीय खिलाड़ी घरेलू स्तर पर अपनी क्षमता दिखा चुका है। उन्होंने पिछले साल एसएमएटी में अपनी टीम के लिए 173 के स्ट्राइक रेट से 218 रन बनाए थे। विदर्भ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी 38 गेंदों में खेली गई 68 रन की पारी निस्संदेह सबसे यादगार रही। विदर्भ के गेंदबाजी आक्रमण में आईपीएल खिलाड़ी यश ठाकुर, हर्ष दुबे और दर्शन नालकंडे शामिल थे। इस पारी के चलते उन्हें राजस्थान रॉयल्स से 95 लाख रुपये का करार मिला और इस सत्र में उनके प्रदर्शन को देखना दिलचस्प होगा।



**तेजस्वी दहिया (कोलकाता नाइट राइडर्स) :** कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच अभिषेक नायर के शिष्य अंगकृष रघुवंशी को बल्लेबाज-विकेटकीपर के रूप में तैयार किया जा रहा है क्योंकि वह पहले ही आईपीएल के कुछ सत्र में खेल चुके हैं। लेकिन दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय दहिया भी एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिन्हें अगर लगातार मौका मिले तो वह अच्छे परिणाम दे सकते हैं। उन्होंने पिछले एसएमएटी टूर्नामेंट में दिल्ली के लिए अर्धशतक बनाया था।



**मिशेल ओवेन (पंजाब किंग्स) :** पिछले सत्र में ओवेन को एक मैच में केवल दो गेंदों का सामना करने का मौका मिला, पर इस बार तस्मानिया का यह खिलाड़ी होबार्ट हरिकेंस की तरफ से शानदार प्रदर्शन करके यहां पहुंच रहा है। उन्होंने बिग बैश लीग के 36 मैचों में 187 का स्ट्राइक रेट और अपने करियर के 75 टी20 मैचों में 180 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी में गेंद को जोरदार तरीके से मारने की क्षमता है। इसके अलावा वह मध्यम गति से एक या दो ओवर भी फेंक सकता है।



आपस में मजाक करते अक्षर पटेल, रियान पराग, ईशान किशन और हार्दिक पंड्या।

## आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम जारी 13 अप्रैल से 24 मई तक होंगे मुकाबले

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को आईपीएल 2026 के लीग चरण का कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि टूर्नामेंट का दूसरा चरण 13 अप्रैल से 24 मई तक होगा। शुरुआती चरण 28 मार्च से 12 अप्रैल तक चलेगा और इसके कार्यक्रम पहले ही जारी कर दिये गये हैं। इसका आगाज शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की भिड़ंत से होगा। फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। बीसीसीआई सचिव देवाजित सैकिया ने कहा लीग चरण के दूसरे हिस्से में 50 मैच खेले जाएंगे। इसका आयोजन 13 अप्रैल से 24 मई 2026 तक भारत के 12 स्थलों पर होगा। इस चरण में मुकाबले बेंगलुरु, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद, लखनऊ, जयपुर, धर्मशाला, रायपुर और न्यू चंडीगढ़ में होंगे। टूर्नामेंट के इस अहम चरण में टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी जिससे मुकाबले और अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। दूसरे चरण का पहला मैच 13 अप्रैल को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। इस चरण में आठ 'डबल-हेडर' (एक दिन में दो मुकाबले) होंगे। पंजाब किंग्स की टीम अपने घरेलू मैच न्यू चंडीगढ़ और धर्मशाला में खेलेगी, जिसमें धर्मशाला में तीन मैच होंगे। राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने चार घरेलू मुकाबले जयपुर में खेलेगी। रॉयल चैलेंजर्स तीन मैच बेंगलुरु और दो मैच रायपुर में खेलेगी। प्लेऑफ के लिए मैचों के स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी।

## सैमसन-गायकवाड करेंगे सीएसके के लिए ओपनिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए IPL 2026 से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि उनके लिए ओपनिंग कौन करेगा। उन्होंने सीजन से पहले ही संजू सैमसन को अपने साथ जोड़ा था और टीम में पहले से ही कप्तान ऋतुराज गायकवाड तथा अंडर-19 स्टार आयुष म्हात्रे मौजूद थे। बुधवार को मुंबई में कप्तानों के इवेंट में गायकवाड ने बताया कि सीएसके ने अपनी ओपनिंग जोड़ी को फ़ाइनल कर लिया है। गायकवाड तीनों बल्लेबाज़ों को लेकर बात कर रहे थे और उस दौरान उन्होंने कहा, "रुतु और संजू।" आईपीएल 2025 में ओपनिंग करते हुए सात पारियों में 188.97 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाने वाले 18 साल के म्हात्रे को अब नीचे खेलना होगा।

## गंभीर की आक्रामकता ने केकेआर को बनाया मजबूत : डु प्लेसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने गौतम गंभीर की तीखी प्रतिस्पर्धात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इसी गुण ने उन्हें कई बार "कहानी का खलनायक" बनाया, लेकिन यही रवैया उनकी टीमों के लिए सबसे बड़ा हथियार साबित हुआ। डु प्लेसी ने कहा कि गंभीर की इसी विशेषता ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) जैसी टीम को मजबूती दी। गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने 2012 और 2014 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब जीता, जबकि मेंटोर के रूप में उनके मार्गदर्शन में टीम 2024 में तीसरी बार चैंपियन बनी। वह अब कोच के तौर पर भारतीय टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इस साल के टी20 विश्व कप में जीत दिला चुके हैं।



# इम्पैक्ट प्लेयर नियम कौशल के महत्व को कम कर रहा : गिल

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को आईपीएल में 'इंपैक्ट प्लेयर' नियम पर चिंता जताते हुए कहा कि यह 'खेल से कौशल और चुनौती की अहमियत को कम करता है।' इस नियम पर पहले भी भारतीय खिलाड़ियों ने आपत्ति जताई है, जिनमें रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल शामिल हैं। मुंबई में बुधवार को हुई आईपीएल कप्तानों की बैठक में गिल सहित अधिकांश कप्तानों ने बीसीसीआई से इस नियम की समीक्षा करने की मांग की। यह नियम 2023 में लागू किया गया था और इसे कम से कम 2027 तक बढ़ाया गया है। गिल ने कहा मेरे व्यक्तिगत विचार से इंपैक्ट प्लेयर नहीं होना चाहिए। क्रिकेट सामान्यतः 11 खिलाड़ियों का खेल है। इसमें एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज जोड़ने से खेल की वास्तविक चुनौती और खिलाड़ी की कौशल का महत्व कम हो जाता है।

**उम्मीद**

**भारोत्तोलक मीराबाई ने तय किया इस साल का सबसे बड़ा लक्ष्य**

# एशियाई खेलों में पदक जीतने का सपना पूरा करना चाहती हैं चानू

**रायपुर, एजेंसी**

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा कि एशियाई खेलों में पदक जीतना इस साल उनका सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले एक दशक से अधिक समय से मीराबाई चानू भारतीय भारोत्तोलन का चेहरा रही हैं। उनके शानदार करियर में एशियाई खेलों का पदक ही एकमात्र ऐसी उपलब्धि है, जो अभी तक उनके खाते में नहीं जुड़ पाई है।

उनके पास टोक्यो ओलंपिक का रजत, विश्व चैंपियनशिप के तीन पदक और राष्ट्रमंडल खेलों में भी तीन पदक हैं। चानू ने यहां खेलो इंडिया जनजातीय खेलों (केआईटीजी) के उद्घाटन समारोह के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, "एशियाई खेल मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वहां मेरा काम पूरा नहीं हुआ है।

एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा होता है, जिससे यह और चुनौतीपूर्ण और रोमांचक बन जाता है। एशियाई खेलों में चानू का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए नौवां स्थान हासिल किया था, जबकि पीठ की चोट के कारण उन्हें 2018 संस्करण से बाहर रहना पड़ा। वह 2022 एशियाई खेलों में पदक के सबसे करीब पहुंची थीं, लेकिन कूल्हे की चोट के कारण अहम समय पर उनका अभियान प्रभावित हुआ और वह पदक से मामूली अंतर से चूक गईं। अब 31 वर्षीय चानू महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभवतः अपने अंतिम प्रयास की तैयारी कर रही हैं और उनका लक्ष्य अपने शानदार करियर में इस एकमात्र कमी को पूरा करना है।



इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों के बीच वजन संतुलन बनाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगा। वह राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, जबकि एशियाई खेलों के लिए फिर से 49 किग्रा वर्ग में वापसी करेंगी।

उन्होंने कहा मैं राष्ट्रमंडल खेलों तक अपना वजन 48 किग्रा के भीतर रखूंगी, लेकिन इसके दो महीने बाद ही एशियाई खेल हैं जो 49 किग्रा वर्ग में हैं, इसलिए मुझे फिर से बदलाव करना होगा। चानू ने खेलो इंडिया जनजातीय खेलों की शुरुआत की सराहना करते हुए इसे दूरदराज के इलाकों के खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने कहा एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे लिए यह गर्व का क्षण है कि सरकार केआईटीजी जैसी पहल को प्राथमिकता दे रही है। यह प्रतियोगिता दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देगी।

### भारतीय दल में निजी कोच की भारी मांग

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में भारत के दल में निजी कोच रखने की भारी मांग को देखते हुए खेल मंत्रालय ने यह अनिवार्य कर दिया है कि सूची में निजी कोच को शामिल करने के लिए उनका 'स्पष्ट योगदान' और खिलाड़ियों के साथ 'नियमित संपर्क' होना जरूरी है। एशियाई खेल जापान के आइची नागोया में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत के 700 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के नियमों के अनुसार, सहायक स्टाफ की संख्या दल के कुल आकार के 33 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती।

